आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 262 | उज्जैन, रविवार 04 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

जबरन वसूली के आरोप में भारतीय मूल के पांच लोग गिरफ्तार

टोरंटो। कनाडा में भारतीय मूल के पांच लोगों को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक उन पर लगाए गए आरोपों में गोलीबारी, आगजनी, हथियारों की तस्करी और ड्रग्स से जुड़े अपराध शामिल हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि ये गिरफ्तारियां एक ऑटो डीलरशिप की 16 महीने तक चली जांच के बाद की गईं। इस डीलरशिप के सह-मालिकों ने जून 2025 में जबरन वसूली की मांग की शिकायत की थी, जिसके बाद लैंगली और सरे में स्थित डीलरशिप पर आगजनी और गोलीबारी की दो घटनाएं भी हुई थीं।

43वें-फ्लोर से कूदे युवक के शरीर के टुकड़े हुए

नोएडा। नोएडा में एक युवक ने शनिवार को यूपी की सबसे ऊंची बिल्डिंग से कूदकर जान दे दी। उसने 68 मंजिला बिल्डिंग की 43वें फ्लोर से छलांग लगा दी। जमीन पर गिरते ही उसके शरीर के टुकड़े हो गए। ये टुकड़े 30-40 फीट दूर तक फैल गए। हर तरफ खून ही खून फैल गया। घटना सेक्टर-94 में सुपरनोवा सोसाइटी के एस्पायर टावर की है। घटना के वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें संभव जैन (29) रेलिंग पर लटकता दिखाई दे रहा है। इससे पहले वह करीब 2-3 सेकंड तक रेलिंग पर चला। इसी बीच 4 युवकों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन संभव हाथ छुड़ाकर कूद गया।

फ्रांस में छात्रों ने स्कूलों के गेट बंद कर की आगजनी, 2 हजार हिरासत में

पेरिस। फ्रांस में स्कूलों की जर्जर व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं के अभाव और पढ़ाई के अत्यधिक लंबे घंटों को लेकर छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा है। पेरिस से शुरू हुआ यह छात्र आंदोलन अब दावानल की तरह पूरे देश में फैल चुका है। शुक्रवार को देश भर के सैकड़ों स्कूलों के गेट पर ताले जड़ दिए गए, कई स्थानों पर भीषण आगजनी की घटनाएं हुईं और प्रदर्शनकारी छात्रों की पुलिस के साथ तीखी झड़पें हुईं। हालात इस कदर बिगड़ गए कि पुलिस को लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले दागने पड़े, जिससे कई शैक्षणिक संस्थान जंग के मैदान में तब्दील हो गए।

दृश्यम 3 की ओपनिंग डे पर 95 करोड़ की कमाई



धुरंधर, पठान-एनिमल के रिकॉर्ड टूटे
अजय देवगन की सबसे बड़ी ओपनिंग

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 3: द कन्क्लूजन ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 66.75 करोड़ रुपए कमाए। यह अजय देवगन के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी यह फिल्म शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अजय देवगन विजय सलगांवकर के रोल में लौटे हैं। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारत में 15,759 शोज से 66.75 करोड़ रुपए नेट कमाए। इसका ग्रॉस कलेक्शन 80.10 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। विदेशों में फिल्म ने 15 करोड़ रुपए कमाए। इससे इसकी कुल वर्ल्डवाइड ग्रॉस कमाई 95.10 करोड़ रुपए हो गई है। दृश्यम 3 इस साल किसी हिंदी फिल्म की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म बन गई है। यह सिर्फ धुरंधर द रिवेंज से पीछे है। यह बॉलीवुड इतिहास की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म भी बन गई है। इससे आगे सिर्फ धुरंधर 2 और जवान हैं। फिल्म ने रणवीर सिंह की धुरंधर की 30 करोड़ रुपए की ओपनिंग को पीछे छोड़ा। इसने शाहरुख खान की पठान की 57 करोड़ रुपए और रणबीर कपूर की एनिमल की 63 करोड़ रुपए की ओपनिंग भी पार कर ली।

नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली :** त्योहारों से पहले महंगाई का एक और झटका, 5 रुपए मंहगा हुआ पेट्रोल, डीजल में 3 रुपये का उछाल।
- **तेलंगाना :** 50 यात्रियों से भरी बस पलटी, 4 महिलाओं की मौत, कई घायल।
- **अमेरिका :** हिंदू मंदिर पर हमला, खिड़कियां टूटीं, पुजारी समेत श्रद्धालु अंदर मौजूद थे, 5 साल में 15 से ज्यादा बार मंदिरों को निशाना बनाया।
- **अमेरिका :** जेन्सेन हुआंग की नेटवर्थ 200 बिलियन डॉलर पार, दुनिया के 7वें सबसे अमीर बने, वजह- एनवीडिया के शेयर ने ऑल-टाइम हाई बनाया।
- **आंध्र प्रदेश :** रिलायंस 1 लाख करोड़ का निवेश करेगी, अनंत अंबानी बोले- कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट से 3 लाख नौकरियां मिलेगी।
- **नई दिल्ली :** किसान विकास पत्र स्कीम में 7.5% ब्याज, 9 साल 7 महीने में पैसा होगा दोगुना।
- **उत्तरप्रदेश:** भिड़े सपा कार्यकर्ता: गोरखपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष को मारा थप्पड़, जमकर हुई हाथापाई।

दिल्ली के जंतर-मंतर के पास एआईएसए और लेफ्ट संगठनों ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर लगातार दूसरे दिन भी किया प्रदर्शन

150 प्रदर्शनकारी हिरासत में, 10 अक्टूबर को कॉकरोच पार्टी भी करेगी प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर के पास शनिवार को एआईएसए और लेफ्ट संगठनों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर लगातार दूसरे दिन भी प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेडिंग की। करीब 150 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प भी हुई। इससे पहले शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के दौरान 1 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया था।

वहीं, शुक्रवार को मुंबई में सीजेपी ने भी एसआईआर के विरोध में प्रदर्शन किया था। पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते हैं तो कॉकरोच जनता पार्टी 10 अक्टूबर से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगी।

नेहा बोरा ने किया था प्रदर्शन जारी रखने का ऐलान- शुक्रवार शाम नेहा बोरा ने वीडियो संदेश जारी किया था। उन्होंने कहा था कि प्रदर्शन जारी रहेगा और कार्यकर्ता जंतर-मंतर लौटें। बोरा ने कहा था कि हिरासत में लिए जाने से प्रदर्शनकारी डरेंगे नहीं। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग के समर्थन



में लगातार जुटने की अपील की थी। प्रदर्शनकारी एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन के दौरान अनियमितताएं हुई हैं। प्रदर्शन में एआईएसए, एसएफआई, एनएसयूआई, आप और अन्य राजनीतिक व छात्र संगठन शामिल थे।

सीजेपी फाउंडर दीपके की एक्स पोस्ट बैन

मुंबई में सीजेपी के प्रोटेस्ट पर एफआईआर, 400-500 अज्ञात आरोपी

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके की ममता बनर्जी को धन्यवाद देने वाली पोस्ट बैन कर दी गई है। टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने पहले की गई धन्यवाद पोस्ट और बैन पोस्ट का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। इसके बाद दीपके ने शनिवार को कहा कि 10 अक्टूबर से पहले उनका एक्स हैंडल हटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो उन्हें हैरानी नहीं होगी। शुक्रवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में प्रदर्शन के बाद सीजेपी ने कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार इस्तीफा नहीं देते हैं, तो 10 अक्टूबर को दिल्ली में प्रदर्शन किया जाएगा। मुंबई पुलिस ने 2 अक्टूबर को शिवाजी पार्क में हुए सीजेपी के प्रदर्शन के आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें 400-500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों को भी आरोपी बनाया गया है।



ममता ने कहा था- सीजेपी, युवाओं और छात्रों के साथ खड़ी हूं

दरअसल, ममता बनर्जी ने सीजेपी आंदोलन को समर्थन देते हुए शुक्रवार को कहा था कि वह सीजेपी, युवाओं और छात्रों के साथ पूरी तरह खड़ी हैं। उनके बयान को डेरेक ओ ब्रायन ने शेयर किया था। डेरेक ओ ब्रायन की पोस्ट पर दीपके ने ममता को टैग करते हुए एक्स पर आंदोलन के समर्थन के लिए धन्यवाद दिया था। हालांकि, बाद में एक्स ने पोस्ट को बैन कर दिया। पोस्ट खोलने पर लिखा आ रहा है, स्थानीय नियमों के कारण यह कंटेंट एक्स पर बैन है। डेरेक ओ ब्रायन ने आरोप लगाया कि सरकार के दबाव में पोस्ट को बैन किया गया।

लोकसभा-विधानसभाएं भंग करो: खरगे बोले- गैरकानूनी तरीके से पद पर हैं मोदी-शाह, बैलेट पेपर से की चुनाव की मांग

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने चुनाव प्रक्रिया, ईवीएम और एसआई प्रक्रिया और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं को भंग कर नए चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं को भंग करने की मांग की। उन्होंने दावा किया कि देश में हुए सभी चुनाव गैर-कानूनी हैं और इसी आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राज्यों के मुख्यमंत्री भी गैर-कानूनी हैं। खरगे ने मांग की कि सभी सदनों को भंग कर नए सिरे से चुनाव कराए जाएं और इन चुनावों में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर का इस्तेमाल हो।

भारतीय पायलट पर हमले के आरोपी का नाम हमाम अल-हमामी

ओमानी पायलट ने इमरजेंसी के लिए रखी कुल्हाड़ी से किया कैप्टन स्मित पर हमला

एजेंसी ▸▸ दुबई

इजराइल जा रहे फ्लाईदुबई विमान में ओमानी पायलट ने भारतीय पायलट स्मित मच्छर पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। यूएई सरकार ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। विमान में आमतौर पर आपात स्थिति के लिए एक कुल्हाड़ी रखी जाती है। विमान में मौजूद यात्रियों की शुरूआती जानकारी में चाकू से हमले की बात कही गई थी। यूएई के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि घटना की पूरी परिस्थितियों और हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

विमान में रखी जाने वाली इस खास कुल्हाड़ी को क्रैश एक्स कहते हैं। इसे इमरजेंसी में इस्तेमाल करने के लिए रखा जाता है। अमेरिका में 1955 से विमानों में इसे रखने का नियम लागू है।

इसका इस्तेमाल कब होता है?

विमान में आग लगने पर किसी पैनल को काटकर आग तक पहुंचने के लिए। किसी हिस्से में फंसे लोगों तक पहुंचने या बाहर निकलने का रास्ता बनाने के लिए। आपात स्थिति में कुछ हिस्सों को काटने या खोलने के लिए। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि इसी क्रैश एक्स से भारतीय पायलट पर हमला हुआ।



अलकायदा की विचारधारा से प्रभावित होने के सबूत मिले

भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर पर हमला करने वाले को-पायलट की पहचान हमाम अल-हमामी के रूप में हुई है। वह ओमान का रहने वाला है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जांच में उसके अलकायदा की विचारधारा से प्रभावित होने के सबूत मिले हैं। पूछताछ में अल-हमामी ने बताया कि वह विमान को इजराइल में क्रैश कराना चाहता था। हमले से पहले भी उसके रवैये पर सवाल उठे थे। 2024 में उसे कट्टरपंथी सोच के कारण ओमान की नेशनल एयरलाइन की पायलट ट्रेनिंग से हटा दिया गया था। बाद में उसे एयरलाइन में दूसरी जिम्मेदारी दी गई। करीब 8 महीने पहले वह फ्लाईदुबई से जुड़ा था।

- अल अरबिया इंग्लिश के मुताबिक, अल-हमामी ने ओमान से बाहर काफी समय बिताया था और सीरिया में भी लंबे समय तक रहा। इसी दौरान वह कट्टरपंथी विचारों से प्रभावित हुआ। जांच में उसके कुछ धार्मिक लोगों से मुलाकात की जानकारी भी सामने आई है।
- एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि वह किस तरह कट्टरपंथी विचारों से प्रभावित हुआ। पूछताछ में विमान को इजराइल में क्रैश करने की बात कही। जांच एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि क्या कैप्टन पर हमला विमान पर कब्जा कर उसे जानबूझकर गिराने की कोशिश का हिस्सा था।

रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती पर भारत सख्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती का मुद्दा भारत-रूस सलाहकार समिति की बैठक में प्रमुखता से उठा। भारत सरकार ने बताया कि रूसी सेना में शामिल भारतीयों को जल्द से जल्द वापस लाने के लिए रूसी अधिकारियों से लगातार बातचीत चल रही है और इस मुद्दे को उच्च स्तर पर भी उठाया गया है। अब तक करीब 140 भारतीय नागरिकों को रूसी सेना से मुक्त कराया जा चुका है। वहीं, 55 ऐसे भारतीय नागरिकों के बारे में रूसी अधिकारियों के संपर्क में रहा जा रहा है, जिनके रूसी सेना में होने की जानकारी सामने आई है। भारत में कानून प्रवर्तन एजेंसियां ऐसे धोखेबाज एजेंटों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई कर रही हैं, जो भारतीयों को गुमराह करके रूसी सेना में भर्ती कराने में शामिल हैं।

मध्यप्रदेश को 2029 तक नशामुक्त करेंगे: अमित शाह

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि मध्य प्रदेश को 31 दिसंबर 2029 तक नशामुक्त करेंगे। भोपाल के भेल दशहरा मैदान पर हुए 11 जिलों के करीब 35 हजार गोपालकों के सम्मेलन में उन्होंने गोशालाओं को 101 करोड़ दिए।

उज्जैन में बन रहे 255 करोड़ के डेयरी प्लांट का वर्चुअली भूमिपूजन किया। शाह भौंरी में आईआईएसईआर के अत्रि परिसर का शिलान्यास और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

शाह ने कहा- कांग्रेसी हमारा विरोध करते हैं। मैं आज उनको हिसाब देने आया हूं। आपने 75 साल में देश में दूध का कुल उत्पादन 14 करोड़ 7 लाख टन पहुंचाया था। मोदी जी ने 10 साल में 25 करोड़ तक पहुंचाने का काम किया है।

प्रति व्यक्ति दूध उत्पादन 2014-15 में 307 ग्राम था, अब 58 प्रतिशत बढ़कर 485 ग्राम हो गया। हमारा देश दुनियाभर में सबसे ज्यादा दूध उत्पादन करने वाला देश बना है। इसमें पहले 5 राज्य- उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र बीजेपी शासित हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा- मेरी एक मीटिंग मुख्यमंत्री और गृह विभाग के साथ है। मध्यप्रदेश 31 दिसंबर 2029 के पहले नारकोटिक्स से मुक्त हो जाए, इस प्रकार की बारीक प्लानिंग आज करना चाहते हैं। अभिभावकों, विशेष कर माताओं से कहने आया हूं आपके बेटे-बेटी के लिए नशे की जगह नहीं होगी।

सत्याग्रह पहल में लोग अपनी समस्याएं भेजें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने देशभर में अन्याय और अपने हक के लिए लड़ रहे लोगों की आवाज को एक साथ जोड़ने के लिए सत्याग्रह नाम से एक पहल शुरू की है।

राहुल ने कहा कि जो भी लोग अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं, वे अपनी कहानी भेजें। मैं नेता विपक्ष के रूप में संसद से लेकर सड़क तक आपके साथ खड़ा हूं। राहुल की इस पहल का नाम महात्मा गांधी के सत्याग्रह से जुड़ा है। आजादी की लड़ाई के दौरान गांधीजी ने भी यही तरीका अपनाया था। गांधी हेरिटेज पोर्टल के मुताबिक, उस समय लोगों ने गांधीजी को जमीन, संपत्ति, जेल और अन्याय से जुड़े मामलों की जानकारी भेजी थी। गांधीजी को भेजे गए 8,500 से ज्यादा लेटर आज भी मौजूद हैं। हालांकि, वास्तविक संख्या ज्यादा हो सकती है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा- देशभर में लोग अपने हक के लिए लड़ रहे हैं और अक्सर अकेले लड़ रहे हैं। जेन-जी, छात्र, किसान, आदिवासी, दलित, महिलाएं। हर संघर्ष की अपनी कहानी है।



फॉर्मा कंपनी में बॉयलर फटने से 5 की मौत, 10 लोग गंभीर घायल

एजेंसी ▸▸ तिरुपति

आंध्र प्रदेश के तिरुपति में श्री सिटी की एक फॉर्मा कंपनी में बॉयलर फट गया। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 10 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। धमाकों के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जांच कर रही है। सत्यवेडु मंडल में हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और इमरजेंसी सेवाओं की टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया। एक अधिकारी के मुताबिक, बॉयलर फटने की सही वजह अभी पता नहीं चली है। अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि हादसा तकनीकी खराबी, सुरक्षा व्यवस्था में चूक, संचालन संबंधी लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुआ।

ट्राला ने बाइक को 50 मीटर घसीटा पति-पत्नी और 14 साल की बेटी की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के बदनावर में लेबड़-नयागांव फोरलेन पर शनिवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बड़ी चौपाटी से कुछ दूरी पर पिटगारा तिराहे के पास सुबह करीब 7 बजे तेज रफ्तार ट्राला ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्राला बाइक को करीब 50 मीटर तक घसीटता ले गया। इसके बाद बाइक अलग हो गई और चालक ट्राला लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार राहुल पिता निर्भय सिंह भाटी (35), उनकी पत्नी पूजा (30) और 14 वर्षीय बेटी सुमन की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी 12 वर्षीय दूसरी बेटी शिवानी गंभीर रूप से घायल हुई, उसे बदनावर के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रतलाम रेफर कर दिया गया। बताया गया कि राहुल अपनी पत्नी और दोनों बेटियों के साथ बाइक से ग्राम धमाना में लहसुन की बोवनी करने जा रहा था।

अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

गुटबाजी ध्वस्त, जनता ने 'कमल' चुनकर सुसनेर की कमान सौंपी प्रदीप सोनी को, एकतरफा रहा मुकाबला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक परचम लहरा दिया है। बेहद कड़े और दिलचस्प मुकाबले में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सोनी ने कांग्रेस प्रत्याशी विष्णु प्रसाद पाटीदार को 960 वोटों के अंतर से पराजित किया। परिणामों की घोषणा होते ही भाजपा खेमे में जश्न का माहौल बन गया।

कार्यकर्ताओं ने पार्टी की इस जीत की खुशी में जेसीबी मशीनों पर चढ़कर



विजेताओं और जनता पर फूलों की बारिश की। इस जीत पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ म.प्र. के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सुसनेर के सभी कार्यकर्ताओं और जनता एवं भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सोनी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस जीत को क्षेत्र में हुए विकास कार्यों पर जनता की मुहर बताया है। जीत के इस जश्न में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व विधायक राणा विक्रम सिंह,पूर्व विधायक बद्रीलाल सोनी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चिंतामण राठौर सहित कई नेता व कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सुबह 9 बजे मतगणना का काम शुरू हुआ, करीब 15 मिनट में ही चुनावी परिणाम आ गए।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

चार साल बाद बनेगा स्मार्ट रोड

दाता अवंतिका नाथ के मंदिर से लेकर चौराहा तक का मार्ग स्मार्ट बनने वाला है। इस मार्ग की एक नहीं कई खासियतें होंगी। सवारी के साथ ही यह मार्ग कई आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है। इसके साथ ही इस मार्ग पर श्रद्धालुओं की बडी आवाजाही को भी नियंत्रित किया जा सकेगा और मंदिर के मुख्य भाग में श्रद्धालुओं को सहजता के साथ चहलकदमी का अवसर भी यहां मिलने वाला है। इस मार्ग का सौंदर्यीकरण देखते ही बनने वाला है। यह मार्ग सालों पहले बनकर तैयार करने की तैयारी कर ली गई थी। करीब 4 साल पहले ही इसके लिये निविदा आमंत्रित हो चुकी है। इसके साथ के तीन कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है और यह अकेला ही शेष रह गया है। शहर की संस्था इस मार्ग के चौड़ीकरण में अपनी अहम भूमिका निर्वहन कर रही है और पूरी साइड को खाली करवाकर दूसरी संस्था को इसे विकास करने के लिए सौंपेगी, तो एक संस्था इसके विकास कार्य को अंजाम देगी। इस मार्ग के विकास का खाका 4 साल पहले ही खींचा जा चुका है और उसी के तहत इस पर काम होना है। इस 200 मीटर मार्ग पर सब कुछ स्मार्ट होने वाला है। जिसे देखते ही श्रद्धालुओं की आत्मा गदगद हो जाएगी। इस मार्ग से सवारी जब बाहर आएगी तो भी वो दृश्य अपने आप में ही नया होगा। संभावना जताई जा रही है कि अगली बार सावन-भादौ की सवारी नए विकसित मार्ग पर ही निकाली जाएगी। खुसूर-फुसूर है कि 4 साल पहले इसके विकास की तैयारी की आधारभूत स्थितियों को तैयार कर लिया गया था इसके बाद भी इसमें अड़चनों को दूर करने में इतना समय लग गया। ऐसा न हो कि ऐन वक्त पर फिर से इसमें अड़चन खड़ी हो जाए। वैसे इस डर का अब कोई आधार बचा नहीं है। रास्ता पूरी तरह से साफ बताया जा रहा है और अगले कुछ दिन में दूसरी संस्था यहां अपना काम शुरू करने की तैयारी किए बैठी है। खास यह है कि इस मार्ग को भी गुजरात की एजेंसी ही अंजाम देगी।

नैनो न्यूज

- **फूलों की रंगोली** और आकर्षक चित्रों से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, अग्रवाल नवयुवक मंडल ने गोलामंडी स्थित धर्मशाला में किया प्रतियोगिताओं का आयोजन
- **डिप्रेशन** और आत्महत्या के विचारों को पहचानना जरूरी, निर्मला कॉलेज में विद्यार्थियों को किया जागरूक
- **धर्म ग्रंथों में** सामंजस्य का संदेश दे रही पंडित मुस्तफा की 'गीता भारती', गीता मर्मज्ञ दास नारायण बोले- ज्ञान व प्रेम की ज्योति फैला रहे मुस्तफा, 786 मुक्तकों में किया गया गीता का अनुवाद
- **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग** मोर्चा द्वारा अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर चौथे चरण में रैली निकल गई। रैली शुरू करने से पहले फ्रीगंज स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद रैली शुरू हुई।
- **लायंस क्लब** उज्जैन सुरभि ने मनाया 22वां चार्टर स्थापना दिवस, समारोह में मुख्य अतिथियों ने स्थाई प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए किया प्रेरित और चार्टर सदस्यों का हुआ सम्मान
- **ब्रिक्स सम्मेलन** में दिखेगा मध्यप्रदेश के मल्लखंब का दम, तैयारियों के लिए उज्जैन के लोकमान्य तिलक सांस्कृतिक न्यास में शुरू हुआ पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर
- **छात्राओं ने ली** स्वस्थ जीवनशैली और स्वच्छता की शपथ, जानी शासन की अहम योजनाएं, सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम, आज माधवनगर जोनल कार्यालय में लगेगा शिविर
- **सेवा संकल्प अभियान** में लोकमान्य टिळक विद्यालय के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, भाषण प्रतियोगिता में अल्तमश दूसरे व ऋषिका तीसरे स्थान पर, चित्रकला में चेतना को सांत्वना पुरस्कार
- **50 हजार विद्यार्थी** देंगे भगवद्गीता की परीक्षा, शीर्ष 20 को मिलेगी निःशुल्क आध्यात्मिक यात्रा, इस्कॉन कर रहा आयोजन, कक्षा 6वीं से 12वीं तक के बच्चों के लिए 15 अक्टूबर तक पंजीयन, 25 नवंबर को स्कूलों में ही होगी परीक्षा

ट्रेंडिंग



सनातन धर्म में बेटी या बहू को श्राद्धकर्म करने का भी पूरा अधिकार

शिक्षा का प्रभाव : शिप्रा घाट पर महिलाएं कर रही श्राद्धकर्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज यदि जीवन के हर क्षेत्र में महिलाएं, पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती नजर आ रही हैं तो ये हमारे समाज की प्रगतिशीलता का स्पष्ट प्रमाण तो है ही साथ ही शिक्षा के प्रसार का उजला पक्ष भी कहा जा सकता है। शिक्षा एक विशेष दृष्टिकोण का सूत्रपात करती है जो तर्कसंगत होता है न कि पुरातन सडी गली मान्यताओं और कुरीतियों का अंधानुकरण। प्राचीन धार्मिक व पवित्र सप्तपुरियों में से एक बाबा महाकाल की नगरी में भी उजली तस्वीर श्राद्धपक्ष में देखने को मिल रही है।

पावन शिप्रा के तट पर पंडित के सान्निध्य व मार्गदर्शन मे कुछ महिलाएं भी श्राद्धकर्म संपादित करती नजर आ रही हैं। अमूमन पहले ऐसे दृश्य देखने को नहीं मिलते थे किन्तु विगत कुछ वर्षों से ये एक सामान्य धार्मिक घटना है जो नदी तट पर दिख रही है।

विशेष परिस्थितियों में मान्य पर शुद्धता वांछित- इस संबंध मे पं. विशाल शुक्ला का कहना है कि सनातन धर्म में बेटी या बहू को श्राद्धकर्म करने का पूरा अधिकार है पर विशेष परिस्थितियों में इसका उल्लेख गरूडपुराण व धर्म सिन्धु दोनों ग्रंथों में है। श्राद्धकर्म करनेवाली महिला को शुद्धता का ध्यान रखना चाहिए। मासिक धर्म के दौरान श्राद्धकर्म निषेध है। इसी प्रकार परिवार की बड़ी बेटी को कर्म करना चाहिए। श्राद्धपक्ष मे विभिन्न घाटों पर महिलाओं को श्राद्धकर्म करते देख इसी बात की पुष्टि होती है कि समान अधिकार सिर्फ कागजों तक सिमटा शब्द अब नहीं रहा और महिलाएं अपने फर्ज को लेकर भी बेहद संजीदा हैं जो एक उजली तस्वीर है।



शिक्षा द्वारा स्वस्थ दृष्टिकोण

- समाज की प्रगति में शिक्षा एक धारदार हथियार है और देखा जाए तो जहां महिलाएं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नित नए आयाम सृजन कर रही हैं तो श्राद्धकर्म करनेवाले पंडित भी उच्च शिक्षित हैं। ऐसे विद्वान पंडितों ने महिलाओं के श्राद्धकर्म संपादन को स्वीकृति देकर साबित कर दिया कि सनातन बहुत ही प्रगतिशील और वैज्ञानिक धर्म है जहां महिलाओं को भी पुरूषों के समान ही पूजा पाठ व कर्मकांड के पूरे अधिकार हैं।
- हरियाणा के कैथल से पिंडदान व तर्पण करने आई विद्यावती चौधरी ने बताया कि गरूडपुराण में स्पष्ट उल्लेख है कि विशेष परिस्थितियों मे बेटी भी अपने मृत माता पिता का पिण्डदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि जब माता-पिता आजकल पुत्री को ही पुत्र मानकर कोई भेद नही रखते तो फिर पुत्री का ये फर्ज है कि अपने मृत माता पिता का धार्मिक कर्मकांड पूरी श्रद्धा से करे, ताकि उन्हें मोक्ष मिले। इसी प्रकार दिल्ली से आकर श्राद्धकर्म कर रहीं मंजीत मलिक ने भी बताया कि वे अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं और पिता की मृत्यु उपरांत वे हमेशा चिंतित रहती थीं कि उनके पापा को मुक्ति मिली या नहीं। इसका निकाल उनके उच्च शिक्षित पति ने निकाला और उज्जैन आकर उनसे पिण्डदान व संबंधित पूजा करवाई।

हाउसिंग बोर्ड की आवासीय संपत्ति में व्यवसाय करने वालों को बड़ी राहत


लीज उल्लंघन की कार्रवाई पर लगी रोक

उपयोग परिवर्तन के लिए बनी समिति की जांच के कारण कार्रवाई रूकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड की संपत्तियों में आवासीय लीज शर्तों का उल्लंघन कर व्यावसायिक उपयोग करने वाले हजारों लोगों के लिए राहत भरी खबर है। मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के आयुक्त ने भोपाल से एक पत्र जारी कर लीज उल्लंघन के मामलों में चल रही समस्त कार्रवाई को आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया है।

गृह निर्माण एवं अद्योसंरचना मंडल के आयुक्त गौतम सिंह की ओर से प्रदेश के सभी प्रक्षेत्र कार्यालयों को यह पत्र जारी किया है। प्रक्षेत्र कार्यालय भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर और संभाग- भोपाल, सागर, ग्वालियर, मुरैना, गुना, इंदौर, धार, खंडवा, उज्जैन, रतलाम, जबलपुर, कटनी, छिंदवाड़ा, छतरपुर, रीवा, सतना, सिंगरौली, बालाघाट, शहडोल, दमोह के संपदा अधिकारी और कार्यपालन यंत्री को यह पत्र भेजा गया है।



मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
चतुर्थ तल, खण्ड-3, पर्यावास भवन, मदर टेरेसा मार्ग, अरेरा हिल्स, भोपाल - 462 011 (म.प्र.)
दूरभाष (कार्या.) 0755-2551805, फैक्स : 0755-2556065
ई-मेल : mphousing@email.com

क्रमांक 638-95/सं.प्र.शा./मुख्यालय/2026 भोपाल, दिनांक 01/10/2026

प्रति,
1. संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1/2 भोपाल/ग्वालियर/इंदौर/जबलपुर।
2. कार्यपालन यंत्री/संपदा अधिकारी, म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संभाग-1,2,3,4, भोपाल/सागर/ ग्वालियर 1,2/मुरैना/गुना /इन्दौर 1,2/धार/खण्डवा/उज्जैन/रतलाम/जबलपुर1,2/कटनी/ छिन्दवाडा/छतरपुर/रीवा/सतना/सिंगरौली/बालाघाट/शहडोल/दमोह।

विषयः-मंडल की सम्पत्तियों का निर्धारित उपयोग से पृथक (व्यवसायिक) उपयोग करने के संबंध में।

-0-

मंडल द्वारा प्रदाय की गई लीज के संबंध में निर्देशानुसार विभिन्न स्तरों पर लीज शर्तों के उल्लंघन के फलस्वरुप विहित प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की जा रही है। मंडल से संबंधित परिसंपत्तियों के मामले में लीज शर्तों की उल्लंघन की दशा में मध्य प्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश में विहित प्रावधानों की ही भांति उन मामलों में जहां नवीन भू उपयोग या नगर विकास योजना अंतर्गत उपयोग परिवर्तन को नियमित किया जा सकता है पर विचारण के संबंध में एक समिति का गठन किया गया।

समिति ऐसे मामले के नियमितीकरण के संबंध में सुझाव तथा प्रक्रिया की सिफारिश करेगी। ऐसी स्थिति में लीज शर्तों के उल्लंघन के मामलों में फिलहाल प्रचलित कार्यवाही को आगामी आदेश तक स्थगित रखा जावे।

(गौतम सिंह)
आयुक्त
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, मुख्यालय, भोपाल

जांच समिति की कार्रवाई प्रचलित

पत्र में कहा गया है कि मंडल द्वारा दी गई लीज शर्तों के उल्लंघन पर विहित प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की जा रही है। लेकिन मंडल की परिसंपत्तियों के मामले में जहां नवीन भू-उपयोग या नगर विकास योजना के तहत उपयोग परिवर्तन को नियमित किया जा सकता है, उसके लिए मध्य प्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश में विहित प्रावधानों की भांति एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति ऐसे मामलों के नियमितीकरण के संबंध में सुझाव और प्रक्रिया की सिफारिश करेगी। ऐसी स्थिति में लीज शर्तों के उल्लंघन के मामलों में फिलहाल प्रचलित कार्रवाई को आगामी आदेश तक स्थगित रखा जावे।

उज्जैन में व्यावसायिक उपयोग के ढेरों मामले, राहत मिली

गृह निर्माण मंडल की आवासीय संपत्तियों के व्यवसायिक उपयोग के मामले उज्जैन में ढेरों हैं। मंडल आयुक्त के आदेश से उज्जैन के कानीपुरा रोड, इंदिरा नगर सहित तमाम हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों में आवासीय संपत्ति का व्यवसायिक उपयोग करने वालों ने राहत ली है। इन कॉलोनियों में हाउसिंग बोर्ड के मकानों में निवासरत कई संपत्ति धारक लंबे समय से व्यापार-व्यवसाय कर रहे थे, जिन्हें लीज उल्लंघन का नोटिस दिए गए थे। अब नए आदेश तक वे पूर्व की तरह आवासीय संपत्ति का व्यवसायिक उपयोग जारी रख सकेंगे।

उजड़े आशियानों को मिला नया ठिकाना

53 परिवारों को भूखंड आवंटित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के तहत मार्ग चौड़ीकरण से प्रभावित होने वाले 53 परिवारों के पुनर्वास की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। शनिवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित पंडित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में पारदर्शी लॉटरी के माध्यम से सभी 53 परिवारों को पंवासा स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में भूखंड आवंटित किए गए।

प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण का कार्य दो तालाब (शिंदे नर्सिंग होम) से शांति नगर मुख्य मार्ग (महावीर मार्ग) तक किया जाना है। इसी कार्य से ये परिवार प्रभावित होंगे। लॉटरी के बाद प्रभावित परिवारों को पंवासा ईडब्ल्यूएस कॉलोनी का अवलोकन भी कराया जाएगा, ताकि वे वहां उपलब्ध सुविधाओं और आवासीय व्यवस्था की जानकारी ले सकें।

इस अवसर पर महापौर टटवाल ने कहा कि परिवारों ने सिंहस्थ के सुव्यवस्थित आयोजन और शहर के विकास को ध्यान में रखते हुए अपने मकान देने पर सहमति दी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम पुनर्वास के दौरान परिवारों की सुविधाओं का ध्यान रखेगा। नगर निगम के अनुसार कॉलोनी में सड़क, पानी, प्रकाश और उद्यान जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

तूलिका से दिया रक्तदान का संदेश



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महात्मा गांधी की जयंती पर शहर की रक्तदाता संस्था उज्जयिनी रक्त संचार संस्था ने रक्तदान के महत्व को समझते हुए नई पीढ़ी को इसकी महत्ता समझाने के उद्देश्य से स्थानीय आस्था गार्डन में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की। स्कूली विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने रक्तदान पर केन्द्रित चित्र बनाए। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए व प्रत्येक प्रतिभागी को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रक्त संचार संस्था के सुनील गुप्ता, अलका शर्मा, आमिर भाई, कीर्ति तोमर, चेतन सिसौदिया, अखिल पाटीदार उपस्थित थे।

निर्मल शिप्रा के लिए क्रेन लेकर उतरी त्रिशूल शिवगण वाहिनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आज उस समय उज्जैन आश्चर्यचकित रह गया जब महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा चलाए जा रहे निर्मल और प्रवाहमान शिप्रा अभियान के अंतर्गत पर मंगलनाथ घाट की सफाई के लिए क्रेन उतर पड़ी। किसी संस्था द्वारा इस तरह सफाई अभियान के लिए मशीनों का उपयोग पहली बार किया जा रहा है। क्रेन द्वारा नदी में पड़े बांस, बल्लियों और बड़े सामान को बाहर निकल गया, तथा उपस्थित सदस्यों द्वारा नदी से निर्मल्या सामग्री और कचरा बाहर निकाला गया।

संस्थापक सुरेंद्र चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि निर्मल शिप्रा अभियान के लिए विभिन्न संगठनों और समाज के व्यक्तियों द्वारा साथ आकर स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। यह अभियान सांकेतिक है जो जनसाधारण में जागरूकता पैदा करने, समाज के लोगों को इस कार्य से जोड़ने और प्रशासन के कार्यों में सहयोग के लिए किया जा रहा है।

पूर्ण रूप से सामाजिक इस कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से महंतश्री नीलेश्वरानंद पुरी महाराज, प्रकाश पुरी महाराज, साध्वी दीदी व संत समाज के साथ उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त चंद्रशेखर शर्मा, शैलेंद्र द्विवेदी, शैलेश दुबे, दीपक शर्मा, नागर ब्राह्मण समाज से ओम प्रकाश नागर, नरेंद्र नागर, प्रकाश व्यास, रमेश रघुवंशी, ऐश्वर्य नागर, विराट जोशी, आकाश मालवीय, दिग्विजय ठाकुर, निर्मल बगोरिया, योगेश, तीर्थ पुरोहित महासंघ के पदाधिकारी, सामाजिक संस्था ओम साइ विजन विनीता शर्मा, जगदीश पचरंगिया और उनकी टीम, शहर के अनेकों प्रबुद्ध नागरिक, हरीश व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में नगर निगम के अधिकारियों एवं स्वच्छता कर्मियों, भोई समाज के उमराव और उनकी टीम ने अभियान में भाग लिया।



मेयर इन काउंसिल की बैठक में 49 मुआवजा प्रकरणों पर बनी सहमति

सात करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजा प्रकरणों की अनुशंसा, कार्तिक मेले और दीपावली पर अस्थाई दुकानों के लिए भूमि आवंटन पर भी चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में शनिवार को मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहर के विकास, सड़क चौड़ीकरण, सिंहस्थ-2028 की तैयारियों, कार्तिक मेला-2026 और दीपावली पर्व के दौरान आतिशबाजी विक्रेताओं के लिए अस्थाई दुकानों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सात करोड़ रुपये से अधिक राशि के 49 मुआवजा प्रकरणों की अनुशंसा भी की गई।

बैठक में सबसे अधिक चर्चा सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों के मुआवजा प्रकरणों को लेकर हुई। कोयला फाटक से छत्रीचौक, गाड़ी अड्डा चौराहे से बड़ा पुल, हरसिद्धि पाल से रामघाट, वीडी मार्केट-तेलीवाड़ा से छोटी पुलिया, गेल इंडिया चौराहा से नीलगंगा चौराहा, शांति नगर चौराहे से मंछामन कॉलोनी तथा गदापुलिया से जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल तक विभिन्न मार्गों से जुड़े प्रभावित हितग्राहियों के मुआवजा प्रकरण बैठक में रखे गए। इन मामलों में आवश्यक प्रक्रिया के बाद अनुशंसा की गई।

बैठक में कार्तिक मेला एवं प्रदर्शनी-2026 के आयोजन को सैद्धांतिक स्वीकृति देने की अनुशंसा की गई। मेले में लगने वाली दुकानों, झूलों आदि के लिए भूमि के ब्लॉक आवंटन, दरों और शर्तों से जुड़े प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई।

इसी तरह दीपावली पर्व-2026 के दौरान आतिशबाजी विक्रेताओं को अस्थाई दुकानें लगाने के लिए भूमि आवंटित करने के प्रस्ताव पर भी अनुशंसा की गई। इससे दीपावली के दौरान आतिशबाजी की अस्थाई दुकानों के लिए निर्धारित व्यवस्था बनाने का रास्ता साफ होगा।



सिंहस्थ-2028 से जुड़े कई प्रस्ताव

बैठक में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी रखे गए। जंतर-मंतर सॉलिटेयर होटल पाले से सांवराखेड़ी (गऊघाट पाला) की ओर सीमेंट-कांक्रीट सड़क निर्माण के पूर्व स्वीकृत अलाइनमेंट के शेष कार्य तथा नानाखेड़ा चौराहे से शांति पैलेस एमआर-2 तक मार्ग चौड़ीकरण से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसके अलावा दो तालाब (शिंदे नर्सिंग होम) से शांति नगर मुख्य मार्ग तक चौड़ीकरण, एमआर-2 मार्ग को नानाखेड़ा से देवास रोड तक उन्नयनीकरण और गाड़ी अड्डा चौराहे से वीडी मार्केट, केडी गेट, जूना सोमवारिया होते हुए बड़ी पुलिया तक सड़क चौड़ीकरण से संबंधित मामलों पर भी विचार किया गया।

आवास और अन्य विकास कार्यों पर भी चर्चा

प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी घटक) के तहत कानीपुरा में निमार्णाधीन एलआईजी आवासीय इकाइयों तथा अलखधाम में निमार्णाधीन व्यावसायिक इकाइयों के विक्रय और मूल्य निर्धारण के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। गोंड बस्ती आवासीय इकाइयों के अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के विस्थापन के लिए पंवासा में ईडब्ल्यूएस आवासीय इकाइयों के निर्माण का प्रस्ताव भी बैठक में शामिल रहा। बैठक में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने से संबंधित प्रस्ताव भी रखा गया। इसके अलावा नगर निगम के अधिकारियों और सेवकों की पदोन्नति से संबंधित प्रस्ताव पर भी नियमों के तहत विचार कर अनुशंसा की गई।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

स्वच्छता सेवा अभियान में स्वच्छता कर्मियों का किया सम्मान

इंदौर। इंदौर जिले में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद पंचायत सांवेर में जनपद स्तरीय स्वच्छता सेवा अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने की। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता कर्मियों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की। मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी और जीवनशैली का हिस्सा है। प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर समाज का निर्माण संभव है।

सांवेर में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर सम्पन्न

इंदौर। अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन 02 अक्टूबर को केशरीपुरा छात्रावास परिसर सांवेर में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने छात्र-छात्राओं से समूह चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों से लैपटॉप, स्कूटी एवं विदेश अध्ययन योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। छात्रावास के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी।

ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित हुए सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम

इंदौर। इंदौर जिले में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत आज सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत विकासखंड और ग्राम स्तरों पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों ने श्रमदान कर स्वच्छता संबंधी कार्य किये। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया गया। मुख्य कार्यक्रम सांवेर में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जनपद पंचायत इंदौर की ग्राम पंचायत मांगलिया में भी स्वच्छता संवाद एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी मुकेश वर्मा, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

त्वरित सेवाएं देने के लिए सरकार आपके द्वार अभियान



इंदौर। नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएँ सीधे उनके गाँव व वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रदेशव्यापी "सरकार आपके द्वारर अभियान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 3 अक्टूबर शनिवार को इंदौर जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 के झोन क्रमांक 6 में मदन महल गार्डन में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया है। यह अभियान प्रदेश में चल रहे व्यापक सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 का एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय घटक है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र एवं राज्य सरकार की समस्त फ्लैगशिप हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ नागरिकों, विशेषतः कृषकों, ग्रामीणजनों, श्रमिकों, महिलाओं, वंचितों और कमजोर वर्गों को पहुँचाना है। अभियान को ह्यूजन-विश्वास अभियानह्व के साथ भी संबद्ध किया गया है, जिससे जनता के बीच सुशासन, पारदर्शिता और प्रशासनिक जवाबदेही के विश्वास का सेतु स्थापित हो सके। शिविर में पूर्व से योजना का लाभ प्राप्त किये जाने वाले हितग्राहियों की जानकारी का संकलन, शेष पात्र हितग्राहियों को सूचीबद्ध करना तथा शेष पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा दिये गए वार्षिक लक्ष्य अनुसार कैंप में ही लाभ देना सुनिश्चित किया जाएगा। लक्षित योजनाओं में वार्षिक लक्ष्य-प्राप्ति से शेष रहे हितग्राहियों को क्रमबद्ध तरीके से लाभ प्रदाय किया जायेगा।

नैनो न्यूज

- **देवास – खुले सोयाबीन तेल पर कार्रवाई-** देवास में खाद्य विभाग ने दो प्रतिष्ठानों से करीब 1,520 किलो खुला सोयाबीन तेल जब्त किया। नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।
- **आगर-मालवा – ग्रामीणों को रास्ते की परेशानी-** नलखेड़ा तहसील के मोल्याखेड़ी गांव में श्मशान तक पक्की सड़क और अन्य सुविधाओं की कमी से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।
- **शाजापुर – विधायक का स्टंट वीडियो वायरल-** शाजापुर के भाजपा विधायक का बाइक चलाते समय हैंडल छोड़ने का वीडियो वायरल हुआ। मामले में विधायक ने बाद में माफी मांगी।
- **सुसनेर – नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव परिणाम-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा के प्रदीप सोनी ने कांग्रेस के विष्णु पाटीदार को 960 मतों से हराया।
- **रतलाम – कम बारिश से सिंचाई पर संकट-** रतलाम जिले में 24 सितंबर की रिपोर्ट के अनुसार, सामान्य 35 इंच के मुकाबले करीब 23 इंच बारिश हुई। धोलावड़ बांध से सिंचाई पर रोक की खबर सामने आई।

इंदौर में पर्यावरण प्रेमियों का विरोध, प्रत्यारोपण वाले पेड़ों को भी काटने का आरोप

हरियाली पर फिर वार: एमओजी लाइंस में काटे 25 से ज्यादा पेड़

पर्यावरण प्रेमियों का सवाल जब शहर में हरियाली बचाने के लिए लगातार अभियान चल रहे हैं, पेड़ों को काटने की अनुमति किसने दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में हरियाली बढ़ाने और पुराने पेड़ों को बचाने के प्रयासों के बीच एमओजी लाइंस क्षेत्र में 25 से अधिक हरे-भरे पेड़ों की कटाई ने एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पर्यावरण प्रेमी मंच के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर पेड़ कटाई का विरोध किया और नगर निगम से कार्रवाई की पूरी प्रक्रिया सार्वजनिक करने की मांग की। पर्यावरण प्रेमियों के अनुसार, विरोध के दौरान नगर निगम के उद्यान विभाग के अधिकारियों ने पेड़ काटने की अनुमति का पत्र दिखाया।


मौके पर काटे गए पेड़ों की लकड़ी को नगर निगम के स्टोर में भेजते हुए भी देखा गया। मंच का आरोप है कि इनमें कुछ ऐसे पेड़ भी शामिल थे, जिन्हें स्थानांतरित किया जाना था, लेकिन उन्हें प्रत्यारोपित करने के बजाय ऊपर से काट दिया गया। खास बात यह है कि कथित तौर पर मौके पर किसी विशेषज्ञ की मौजूदगी भी नहीं थी। पर्यावरण प्रेमी मंच का कहना है कि क्षेत्र में 25 से अधिक पेड़ों की कटाई के लिए अनुमति किस स्तर पर और किस प्रक्रिया के तहत दी गई, यह स्पष्ट होना चाहिए। मंच के अनुसार इतनी संख्या में पेड़ों की कटाई की अनुमति हाई पावर कमेटी के स्तर से संबंधित है। ऐसे में अनुमति की प्रति, पेड़ों की संख्या, प्रजातिवार विवरण और कटाई के कारणों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। मंच के सदस्यों के अनुसार, उद्यान विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर यह भी कहा कि वे स्वयं पेड़ काटना नहीं चाहते, लेकिन ऊपर से मिले आदेशों का पालन करना उनकी जिम्मेदारी है।

निष्पक्ष जांच और पूरी जानकारी सार्वजनिक करने की मांग

पर्यावरण प्रेमी मंच ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा है कि नगर निगम को अनुमति पत्र, संबंधित समिति की स्वीकृति, पेड़ों की सूची, कटाई का कारण और लकड़ी के निस्तारण की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाए कि किन पेड़ों को प्रत्यारोपण योग्य माना गया था और उनके साथ क्या प्रक्रिया अपनाई गई। मंच ने कहा कि इंदौर की पहचान केवल स्वच्छता से नहीं, बल्कि उसकी हरियाली और पुराने पेड़ों से भी है। विकास कार्य जरूरी हैं, लेकिन उनकी कीमत शहर की हरियाली खत्म करके नहीं चुकाई जानी चाहिए। पर्यावरण प्रेमियों का सवाल है कि जब शहर में हरियाली बचाने के लिए लगातार अभियान चल रहे हैं, तब इतने पेड़ों को काटने की कार्रवाई रहवासियों को पहले से जानकारी दिए बिना क्यों की गई?

प्रत्यारोपण के नाम पर कटाई तो नहीं?

मंच ने यह भी सवाल उठाया कि यदि कुछ पेड़ों को प्रत्यारोपित किया जाना था, तो इसके लिए विशेषज्ञ टीम की मौजूदगी क्यों नहीं थी। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि पेड़ प्रत्यारोपण एक तकनीकी प्रक्रिया है और केवल पेड़ को ऊपर से काट देना प्रत्यारोपण नहीं माना जा सकता। इसकी स्वतंत्र जांच होनी चाहिए।



मनोज पटेल के विश्वास से संगठन की सीढ़ियां चढ़े प्रणव जायसवाल

भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की दौड़ में मजबूत दावेदारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राजनीति केवल पद और प्रतिष्ठा का नाम नहीं, बल्कि विश्वास, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा की वह लंबी यात्रा है, जिसमें व्यक्ति अपने कर्मों से अपनी पहचान गढ़ता है। देपालपुर विधानसभा की राजनीतिक परिपाटी में भी ऐसे कई उदाहरण देखने को मिलते हैं, जहां नेतृत्व ने केवल राजनीतिक समीकरणों को नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की क्षमता, समर्पण और जमीनी सक्रियता को महत्व देते हुए उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दिए। इसी क्रम में देपालपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता प्रणव जायसवाल का नाम संगठनात्मक सक्रियता और लगातार बढ़ती जिम्मेदारियों के संदर्भ में सामने आता है।

विधायक मनोज पटेल के करीबी कार्यकर्ताओं में शामिल प्रणव जायसवाल ने संगठन में अपनी यात्रा एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में शुरू की और समय के साथ अलग-अलग दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपनी सक्रिय पहचान बनाई। प्रणव जायसवाल को सबसे पहले अटाहेड़ा बूथ अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली।

इसके बाद संगठन ने उनकी सक्रियता और कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा श्री 24 अवतार मंडल में महामंत्री का दायित्व सौंपा। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता का सिलसिला यहीं नहीं रुका और आगे चलकर उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा श्री 24 अवतार मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी मिली। इन दायित्वों की कड़ी को केवल पदों की सूची के रूप में नहीं देखा जा सकता। भाजपा की संगठनात्मक राजनीति में बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक लगातार जिम्मेदारियां मिलना किसी भी युवा कार्यकर्ता के लिए संगठन के भीतर उसके काम और सक्रियता का महत्वपूर्ण अध्याय माना जाता है।

अब जिला स्तर पर दावेदारी की चर्चा

इसी संगठनात्मक पृष्ठभूमि के बीच अब भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद के लिए प्रणव जायसवाल की दावेदारी चर्चा में है। संगठनात्मक चुनावों के दौर में उनका नाम जिला अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों में लिया जा रहा है। उनकी दावेदारी को सबसे महत्वपूर्ण आधार उनके अब तक के संगठनात्मक अनुभव और देपालपुर विधानसभा में विधायक मनोज पटेल के साथ उनके लंबे राजनीतिक समन्वय को माना जा रहा है। राजनीतिक और संगठनात्मक हलकों में यह चर्चा भी है कि जिस नेतृत्व ने किसी कार्यकर्ता को बूथ से मंडल स्तर तक आगे बढ़ते हुए देखा हो, उस कार्यकर्ता के प्रति विश्वास का अपना अलग महत्व होता है। प्रणव जायसवाल की वर्तमान दावेदारी को भी इसी विश्वास और संगठनात्मक यात्रा के संदर्भ में देखा जा रहा है। विधायक मनोज पटेल की राजनीति में संगठन और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की शैली की चर्चा लंबे समय से देपालपुर क्षेत्र में होती रही है।

विश्वास से दावेदारी तक का सफर

प्रणव जायसवाल की कहानी को यदि एक वाक्य में कहा जाए तो यह विश्वास से जिम्मेदारी और जिम्मेदारी से दावेदारी तक पहुंचने की यात्रा है। अटाहेड़ा बूथ से शुरू हुआ संगठनात्मक सफर मंडल महामंत्री और फिर मंडल अध्यक्ष के दायित्व तक पहुंचा और अब जिला अध्यक्ष पद की संभावित दावेदारी तक चर्चा में है। हालांकि अंतिम निर्णय संगठनात्मक प्रक्रिया और पार्टी नेतृत्व द्वारा ही किया जाएगा, लेकिन वर्तमान में प्रणव जायसवाल का नाम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद के लिए चर्चा में होना उनके संगठनात्मक सफर का एक महत्वपूर्ण पड़ाव जरूर है। देपालपुर की राजनीति में विधायक मनोज पटेल और उनके समर्थक कार्यकर्ताओं के बीच विश्वास का संबंध अक्सर चर्चा का विषय रहा है। प्रणव जायसवाल इसी विश्वास की राजनीति में उभरता हुआ युवा चेहरा हैं। अब देखना यह होगा कि संगठनात्मक प्रक्रिया के अगले चरण में उनकी राजनीतिक और संगठनात्मक यात्रा किस नए दायित्व की ओर आगे बढ़ती है। एक बूथ की जिम्मेदारी से शुरू हुआ सफर यदि जिला संगठन की दहलीज तक पहुंचता है, तो उसके पीछे केवल पदों का क्रम नहीं, बल्कि वर्षों की सक्रियता, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और नेतृत्व के विश्वास की कहानी भी होती है। प्रणव जायसवाल की वर्तमान दावेदारी को इसी नजरिए से देखा जा रहा है।

इंदौर में ड्राई डे पर आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

2 अक्टूबर को मध्य प्रदेश में घोषित ड्राई डे के अवसर पर अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा एक विशेष और व्यापक अभियान चलाया गया। इस सघन जांच अभियान के तहत विभाग की टीमों ने गुप्त सूचनाओं के आधार पर त्वरित और सख्त कार्रवाई की।

यह पूरी कार्रवाई कलेक्टर इंदौर शिवम वर्मा के निर्देशों और सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशन में संपन्न की गई। इस अभियान का नेतृत्व आबकारी कंट्रोलर कमलेश सोलंकी, डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी देवेश चतुर्वेदी ने संभाला। टीम का गठन कर संदिग्ध ठिकानों पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई। प्राप्त सूचना के आधार पर आबकारी उपनिरीक्षक आशीष जैन तथा त्रिअंबिका शर्मा के नेतृत्व वाली टीम ने ग्राम बड़ोदिया करा, थाना खुड़ेल स्थित दो अलग-अलग स्थानों पर अचानक छापा मारा। आरोपी श्रवण कुशवाह के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई, जिसमें 120 पाव देसी मदिरा प्लेन और 28 कैन बोल्ट बियर शामिल हैं। इसी दौरान दूसरी टीम ने बादशाह ढाबे पर आबकारी जांच अभियान चलाया। ढाबे पर की गई इस कार्रवाई के दौरान कुशवाह के कब्जे से 160 पाव देसी मदिरा प्लेन व मसाला तथा 13 बोतल बोल्ट बियर जब्त की गई।

राजमार्गों के बाद अब ग्रीनफील्ड हाईवे भी वन्यजीवों के लिए खतरा बनते जा रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जंगलों, खेतों एवं वन्यजीवों के प्राकृतिक रहवास क्षेत्रों के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के बाद अब एनएचएआई द्वारा निर्मित इंदौर-बैतूल-नागपुर ग्रीनफील्ड हाईवे भी वन्यजीवों के लिए खतरा बनता जा रहा है।

इंदौर एमआर 10 से करनावद फाटे तक बने इस मार्ग पर अभी औपचारिक रूप से यातायात शुरू भी नहीं हुआ है, इसके बावजूद तेज रफ्तार से दौड़ने वाले वाहन सियार, जंगली बिल्लियां, नेवले, नीलगाय, सिवेट (कबरबिज्जू) सहित अनेक प्रजातियों के पक्षियों को अपनी चपेट में ले रहे हैं।

नीलगाय को छोड़ दें तो इनमें से अधिकांश वन्यजीव पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले जीवों की संख्या को नियंत्रित रखने में भी सहायक होते हैं। सियार जैसे मृतभक्षी वन्यजीव मृत जीवों को खाकर प्रकृति के प्राकृतिक सफाईकर्मी की भूमिका निभाते हैं। स्थानीय स्तर पर किए गए अवलोकनों के अनुसार, इस मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 5 से 7 वन्यजीव वाहनों की चपेट में आकर मौत का शिकार हो रहे हैं।

यह स्थिति इसलिए भी गंभीर है क्योंकि यह मार्ग देवास एवं इंदौर जिलों के वन क्षेत्रों और वन्यजीवों के आवागमन वाले क्षेत्रों के निकट से गुजरता है। आसपास के जंगलों से जुड़े मार्गों के कारण कई बार अपेक्षाकृत दुर्लभवन्यजीव भी इस क्षेत्र तक पहुंच जाते हैं। चिंता की बात यह है कि वन्यजीवों की लगातार हो रही मौतों के बावजूद सड़क पर न तो पर्याप्त चेतावनी संकेतक दिखाई देते हैं, न गति नियंत्रण के प्रभावी इंतजाम और न ही वन्यजीवों की आवाजाही को लेकर वाहन चालकों को पर्याप्त रूप से सचेत करने वाले संदेश। एनएचएआई और वन विभाग के स्तर पर आश्चर्यजनक है। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस उपाय नहीं किए गए तो सड़क दुर्घटनाओं में वन्यजीवों की मौत का सिलसिला बढ़ सकता है। इसका असर न केवल जैव विविधता पर पड़ेगा, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इन जीवों की संख्या में कमी से कृषि क्षेत्रों में कीट एवं अन्य फसल-हानिकारक जीवों की संख्या पर भी अप्रत्यक्ष बढ़ोतरी हो सकती है।

3 राज्यों के हाईवे पर लगेंगे चीते वाले साइन बोर्ड, कूनो पहुंचना होगा आसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क में चीतों की मौजूदगी अब बाहर से पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने के साथ उनकी राह भी आसान करेगी। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों के मार्गों पर चीते की तस्वीर वाले सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएंगे।

इन पर कूनो नेशनल पार्क की दूरी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाएगी। उद्देश्य इन शहरों से गुजरने वाले यात्रियों और पर्यटकों को कूनो की जानकारी देना है ताकि वे वन्यजीव पर्यटन के लिए मध्य प्रदेश में श्योपुर की ओर आसानी से रुख कर पाएं। पर्यटन को बढ़ावा देने की इस पहल के अंतर्गत ऐसे स्थान चिह्नित किए जा रहे हैं, जहां से बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों और पर्यटन स्थलों की ओर आवागमन करते हैं। इनमें राजस्थान में कोटा, सवाईमाधोपुर और जयपुर, उत्तर प्रदेश के झांसी, मध्य प्रदेश में ग्वालियर, गुना, मुरैना, शिवपुरी सहित अन्य प्रमुख शहरों के हाईवे और नेशनल हाईवे को इसके लिए चुना गया है। चयनित स्थानों पर जल्द ही संकेतक स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। श्योपुर जिले के प्रमुख मार्गों पर भी कूनो के साथ-साथ आसपास के शहरों के प्रमुख पर्यटन केंद्रों की दूरी और नाम वाले साइन बोर्ड बनाए जाएंगे, इनमें सवाईमाधोपुर का रणथंभौर नेशनल पार्क की दूरी, चंबल सफारी, देवखो सहित अन्य पर्यटन केंद्रों की दूरी को प्रदर्शित किया जाएगा।

मध्यप्रदेश में 1 फरवरी से जनगणना में लगेंगे शिक्षक, डीईओ को निर्देश दिए

31 जनवरी तक पूरा होगा 1 से 8वीं का सिलेबस

सिर्फ सिलेबस पूरा करना पर्याप्त नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम 31 जनवरी तक पूरा कराया जाएगा। राज्य शिक्षा केंद्र ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) और जिला परियोजना समन्वयकों (डीपीसी) को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। निर्देश के अनुसार, एक फरवरी से शुरू होने वाले जनगणना के दूसरे चरण में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। ऐसे में शिक्षकों के जनगणना कार्य में शामिल होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई और वार्षिक परीक्षा की तैयारी प्रभावित न हो, इसके लिए एक फरवरी से पहले ही पाठ्यक्रम पूरा कराने को कहा गया है।



राज्य शिक्षा केंद्र ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए जारी निर्देशों में कहा है कि विद्यालयों में पढ़ाई के लिए बकाया पाठ्यक्रम को आगामी चार माह में पूरा कराया जाए। शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार विषय-वस्तु का विभाजन नौ माह में किया गया है, जबकि दसवें माह में वार्षिक मूल्यांकन प्रस्तावित है। अधिकारियों को अपने-अपने जिलों के विद्यालयों में पाठ्यक्रम की स्थिति की समीक्षा कर उसे समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जरूरत के अनुसार बदली जा सकेगी समय-सारणी

राज्य शिक्षा केंद्र ने कहा है कि यदि आवश्यकता हो तो विद्यालय की समय-सारणी में संशोधन किया जा सकता है। इसका उद्देश्य एक फरवरी से पहले कक्षा एक से आठवीं तक का पाठ्यक्रम पूरा कराना है। साथ ही जनगणना के दौरान विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए भी आवश्यक व्यवस्था करने को कहा गया है।

निर्देशों में विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता और अपेक्षित दक्षताओं पर भी जोर दिया गया है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पाठ्यक्रम पूरा होने के साथ विद्यार्थी निर्धारित दक्षताएं भी हासिल कर चुके हों। राज्य शिक्षा केंद्र ने विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य व्यवस्थित बनाए रखने और निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

कुपोषित बच्चों की मदद अब डिजिटल माध्यम से भी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुपोषण की समस्या तमाम उपायों के बावजूद दूर नहीं हो पाई और अब इसके लिए डिजिटल रिकॉर्ड की मदद ली जा रही है और भावनी के नाम से एक नया पोर्टल बनाया गया, जिसमें दावा किया गया कि कुपोषित बच्चों तक सहायता पहुंचाने, उनकी पोषण स्थिति पर निगरानी, मॉनिटरिंग आसान रहेगी। भावनी पोर्टल पर महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रणालियों से सत्यापित बाल आंकड़े प्राप्त किए जाते हैं। बच्चों की निजता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी व्यक्तिगत पहचान सार्वजनिक नहीं की जाती। पोर्टल पर बच्चों की जानकारी अनाम रूप में प्रदर्शित होती है, ताकि जरूरतमंद बच्चे तक सहायता पहुंचने के साथ उसकी गोपनीयता भी सुरक्षित रहे। भावनी पोर्टल पर मार्गदर्शक समग्र पहचान क्रमांक के साथ अथवा उसके बिना पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के बाद वे अपने क्षेत्र में उपलब्ध बच्चों की सूची देख सकते हैं और बच्चे की पोषण स्थिति तथा आवश्यकता के अनुसार उसका चयन कर सकते हैं।

सेवा के मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई

गांधी जयंती के अवसर पर सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय किला भवन इंदौर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव के संरक्षण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी. पी. बैरागी के मार्गदर्शन, प्राध्यापक डॉ. प्रेरणा ठाकुर की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. श्रीवास्तव ने छात्राओं को सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सेवा के मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने उद्बोधन में महात्मा गांधी के जीवन-दर्शन, सत्याग्रह, अहिंसा तथा स्वच्छता के प्रति उनके विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी समाज एवं राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाकर विद्यार्थी समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने तथा अपने आसपास स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण निर्मित करने का संदेश दिया गया। साथ ही गांधी जी के आदर्शों को अपने आचरण में उतारने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शीतल ब्राह्मणे, द्वारा किया गया।

न्यूज कालम



मां मंगला मित्र मंडल ने मनावर से पावागढ़ भद्रकाली पैदल यात्रा निकाली

मनावर। मां मंगला मित्र मंडल मंगला कॉलोनी मनावर जिला धार मध्य प्रदेश के युवाओं में सुख समृद्धि एवं शांति हेतु मां भगवती परांबा केसरी चरणों में नमन करते हुए मनावर से पावागढ़ भद्रकाली के दरबार में ध्वज एवं अपनी भावनाएं प्रस्तुत करने के लिए पैदल यात्रा का मार्ग चुना। सर्वप्रथम कुलदीप राजेंद्र गायकवाड त्रिशूल एवं ध्वज हाथ में लेकर अपने ११ सदस्यों के साथ मंगला देवी मंदिर से पूजन अर्चना एवं भक्ति भाव सहित पैदल रवाना हुए ज्ञातव्य है कि बिगर 6 वर्षों से पैदल यात्रा निकाली जा रही है प्रथम वर्ष में संख्या कम थी आज संख्या बढ़कर 11 हो गई है मां भगवती के पूजन एवं भजन जयकारों के साथ पैदल यात्रा की जाती है इस अवसर पर मानव नगर के समस्त धर्मावलंबियों द्वारा पैदल यात्रियों का भावपूर्ण स्वागत सम्मान किया गया । कुलदीप गायकवाड़, यश सोनी, चेतन पाटीदार, मोहित मुकाती , चिकु दरबार, पुष्प मुकाती, अर्पित दरबार, सयंम दरबार, ऋषभ पाटीदार, निखिल पाटीदार, सुजल पाटीदार देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

गांधी जयंती पर सफाईकर्मियों का किया सम्मान, स्वच्छता व नशामुक्ति का संकल्प



खरगोन। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर पालिका परिषद द्वारा गांधी उद्यान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक बालकृष्ण पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया अरुण जोशी ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा का पूजन-अर्चन कर माल्यार्पण किया। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर पालिका परिषद के सफाई संरक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एक दिन-एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान के तहत नगर की जीवनदायिनी कुंदा नदी में स्वच्छता अभियान चलाकर जनप्रतिनिधियों एवं नगरपालिका अधिकारी.कर्मचारियों ने श्रमदान किया। विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें केवल राजनीतिक आजादी ही नहीं, बल्कि स्वच्छ एवं विकसित देश की भी कल्पना थी। उनकी इस कल्पना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साकार कर रहे है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों ने एक कदम स्वच्छता की ओर तथा नशामुक्त भारत अभियान के तहत शपथ ली।

साधु-संतों के सानिध्य में गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर बैठक आयोजित



बुरहानपुर। मजदूर यूनियन अध्यक्ष ठाकुर प्रियांक सिंह के निज निवास पर साधु-संतों के सानिध्य में गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में 4 दिसंबर को भोपाल के जंबूरी मैदान में होने वाले विशाल महासम्मेलन की रूपरेखा तैयार की गई। सिंगाजी धाम खंडवा से पधारे चंद्रानंदन महाराज और उदासीन आश्रम के महंत पुष्करानंद महाराज ने गो-रक्षा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला और सभी वर्गों से एकजुट होने का आह्वान किया। प्रदेश सह प्रभारी सोनाली पवार ने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। बुरहानपुर प्रभारी रवि जायसवाल और गायत्री परिवार के वसंत मोडे ने जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प दोहराया।बैठक के अंत में 4 दिसंबर को भोपाल पहुंचने और अभियान से जुड़ने का आह्वान किया गया। इस दौरान प्रकाश पालीवाल, देवा मराठे, मुकेश डलमिया, सुदीप रघुवंशी महाराज, हरेश्वर पाटिल, नारायण चंदेल सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी चार माह बाद गिरफ्तार, सेंधवा से पकड़ा



बुरहानपुर। नेपानगर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में चार महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को बड़वानी जिले के सेंधवा से पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी अनिल पिता शोभाराम सेंधवा का रहने वाला है। उस पर 4 जून 2026 को 17 वर्षीय नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस ने नाबालिग को पहले ही बरामद कर लिया था, लेकिन आरोपी फरार था। नेपानगर थाना प्रभारी शहाबुद्दीन कुरैशी ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने उसे सेंधवा से गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर नवरात्रि में वैष्णो देवी की तर्ज पर गुफा के होंगे दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर



गुप्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में नवरात्रि महोत्सव को लेकर ओंकार सेवा मिशन ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष धार्मिक आयोजन एवं झांकी निर्माण को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई।ओंकार सेवा मिशन ट्रस्ट के अध्यक्ष नितिन पाटीदार ने बताया कि मंदिर के सामने पहाड़ी पर मां वैष्णो देवी की तर्ज पर विशेष गुफा एवं झांकी का निर्माण किया जाएगा। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं को यहां मां वैष्णो देवी के दर्शन का धार्मिक अनुभव प्राप्त होगा।

उन्होंने बताया कि कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर से अखंड दिव्य ज्योत 5 अक्टूबर को मनोज शर्मा एवं उनके साथी लेकर आएंगे। यह दिव्य ज्योत गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित की जाएगी। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु मां के दर्शन के साथ अखंड दिव्य ज्योत के भी दर्शन कर सकेंगे। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर में पिछले करीब 40 वर्षों से नवरात्रि के अवसर पर हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन एवं नवमी के दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

इस वर्ष भी धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि नवरात्रि के दौरान गरबा पंडालों में माताएं-बहनें धार्मिक उत्साह के साथ गरबा करें। अपने अपने मोहल्ले में गरबा पांडाल में माता बहने गरबा करें नगर में पुराने गरबा पंडाल जो बंद हो चुके है उन्हें भी चालू किया जाए उन्होंने मंडलेश्वर नगर के सभी गरबा पंडालों के लिए 11-11 हजार रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की।बैठक में नवरात्रि की झांकी एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया।

नवरात्रि के दौरान मंडलेश्वर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने को देखते हुए दर्शन, व्यवस्था, झांकी और अन्य जिम्मेदारियां समितियों को सौंपी गईं।बैठक में पूज्य विनय चैतन्यपुरी गुरुजी, वरिष्ठ सतीशचंद्र मोयदे, समाजसेवी मनोज शर्मा, ब्रह्मदत्त चौहान, विक्की पाटीदार, डॉ. अखिलेश बर्वे, अखिलेश प्रजापत सहित नगर के विभिन्न ग्रुप समिति के सदस्य एवं भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



गांधी जयंती पर खंडवा जिला जेल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर

गांधी जयंती के अवसर पर ऑल इज वेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा शहीद जननायक जेल खंडवा में विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक डी.के. सारस के सहयोग से आयोजित शिविर में लगभग 300 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श किया गया। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ. अकरम खान ने सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की, वहीं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. तनीष्क श्रोफ ने दांत और मुख संबंधी समस्याओं की जांच कर परामर्श दिया। नेत्र जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। महिला बंदियों के लिए विशेष व्यवस्था कर महिला आरएमओ डॉक्टर द्वारा करीब 20 महिला बंदियों का परीक्षण किया गया। शिविर में निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। अस्पताल के निदेशक कबीर चौकसे के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों तक स्वास्थ्य सेवाएं व विशेषज्ञ परामर्श पहुंचाना था।

मां ताप्ती की स्वच्छता के लिए घाट पर उतरीं विधायक मंजू दादू, सफाई मित्रों संग किया श्रमदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



सेवा संकल्प अभियान के तहत शनिवार को नेपानगर विधायक मंजू दादू ताप्ती नदी के नेपानगर एनीकट घाट पर पहुंचीं और सफाई मित्रों संग श्रमदान किया। विधायक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, नगर पालिका के सफाई मित्रों और अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ घाट परिसर में साफ-सफाई की और लोगों को सार्वजनिक स्थलों तथा नदी-घाटों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

विधायक दादू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता को जनआंदोलन बनाया है और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वच्छता और जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मां ताप्ती जैसे धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने में सफाई मित्रों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका नेपानगर के सफाई मित्रों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। श्रमदान के बाद विधायक ने मां ताप्ती का पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष भारती विनोद पाटील, उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर, मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन, मनोज माहेश्वरी, ज्ञानेश्वर महाजन, विजय यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



सेवा सप्ताह में छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच, 200 छात्राओं का हुआ परीक्षण

सनावद। सेवा केवल मदद तक सीमित नहीं, बल्कि जागरूकता और स्वास्थ्य की चिंता भी सेवा का ही हिस्सा है। इसी सोच के साथ लायंस क्लब सनावद स्नेह के सेवा सप्ताह के द्वितीय दिवस शासकीय कन्या शाला में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 200 छात्राओं के स्वास्थ्य, नेत्र एवं दांतों की जांच की गई। क्लब की एलसीआईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता जैन ने बताया कि शिविर में डॉ. हंसा पाटीदार, दंत चिकित्सक डॉ. मोना अग्रवाल एवं धर्मज नेत्रालय के दृष्टिमितिज्ञ राम पुनासिया ने छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने छात्राओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव, स्वच्छता, सावधानी और स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। डॉ. हंसा पाटीदार ने छात्राओं को गुड टच और बैड टच के बारे में समझाते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा को लेकर जागरूक किया।

संत रविदास समाज ने सौंपा ज्ञापन

भीकनगांव। नगर में पारस बरवाहे की हत्या के मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर अखिल भारतीय संत रविदास समाज महासंघ मध्यप्रदेश, जिला खरगोन ने पुलिस प्रशासन के समक्ष विरोध दर्ज कराते हुए ज्ञापन सौंपा। महासंघ के पदाधिकारियों एवं भीकनगांव के समाज जनों ने पुलिस महा निरीक्षक, पुलिस अधीक्षक तथा थाना प्रभारी भीकनगांव के नाम ज्ञापन सौंपकर मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए संबंधित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी समाज के सामने रखी जाए।



मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनावर।

आज मनावर नगर कांग्रेस व ब्लॉक कांग्रेस द्वारा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री स्वतंत्र जोशी व मनावर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ हीरालाल अलावा के निदेर्शानुसार मतदाता सूची एवं निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग के संबंध में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुमित खटोड के नेतृत्व में एसडीएम साहब को दिया गया । ज्ञापन का वाचन अध्यक्ष सुमित खटोड द्वारा किया गया । ज्ञापन देने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारायण जोहरी ,निरंजन डावर ,हरी भाई पाटीदार, अरुण गर्ग ,लक्ष्मी जाट, सुनील स्टार ,इकबाल भाई बोहरा,रुपेश जोहरी ,अमर सेन, अखिलेश कुशवाह, मोतीलाल बर्मन ,सीताराम सोलकी ,नीलू पिंगलु सिस्टर ,सुमन पटेल ,योगेश जख्मी ,अनिल मकवाना, भानु शर्मा ,विपुल पाटीदार,राहुल चौहान, मुकेश शिवदे ,नादराम वास्केल , निधि जाट ,अज्जू पठान, अदनान सैफी ,दिनेश डावर, फिरोज भाई ,कलीम खान,पवन प्रजापत ,राज बड़वाया संजय यादव सुकदेव नर्गेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं जिला स्तरीय सेवा सेतु अभियान का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

मुख्यमंत्री जन विश्वास एवं जिला स्तरीय सेवा सेतु अभियान के अंतर्गत चांदपुर में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कैबिनेट मंत्री श्री नागर सिंह चौहान की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 783 आवेदन प्राप्त हुए। मंत्री श्री चौहान ने कहा कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर परीक्षण कर निराकरण करना है। आधार कार्ड में नाम सुधार, भूमि संबंधी प्रकरण सहित विभिन्न समस्याओं का परीक्षणकर नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से भूमि संबंधी प्रकरणों का निराकरण कर आवेदकों को पावती उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। जिले के फलियों को सड़कों से जोड़ने का कार्य जल्द प्रारंभ होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र परिवारों को 1.20 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है तथा जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर पेयजल पहुंचाया जा रहा है। मंत्री श्री चौहान ने ग्रामीणों से स्वरोजगार एवं पशुपालन योजनाओं का लाभ लेने और व्यवसाय के लिए ऋण हेतु शिविर में आवेदन करने का आह्वान किया। उन्होंने दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज को आगे आने की अपील भी की। इस दौरान पात्र हितग्राही को स्वीकृति पत्र एवं सहायता राशि के चेक वितरित किए गए।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, साहित जन प्रतिनिधि, समस्त विभाग प्रमुख उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर ने मोरधी में किया निरीक्षण

आलीराजपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने ग्राम मोरधी में पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्र, शासकीय उचित मूल्य दुकान तथा आम के बगीचे का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पंचायत में मनरेगा, कपिलधारा, पौधारोपण एवं जल संवर्धन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सक्रिय जॉब कार्ड, जल संवर्धन के कार्यों तथा वर्ष 2024-25 के लंबित कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्ण हो चुके कार्यों का आवश्यक अभिलेख संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पौधारोपण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए रोपित पौधों के संरक्षण एवं देखरेख पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों, प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण आवासों तथा संबल योजना के परिवार सहायता एवं अनुग्रह सहायता से संबंधित लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। पेंशन एवं पीडीएस से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

शासकीय हाई स्कूल सजवानी में एसडीईआरएफ द्वारा विद्यार्थियों को दिया आपदा प्रबंधन एवं बचाव प्रशिक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

शासकीय हाई स्कूल सजवानी में विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक बचाव कार्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसडीईआरएफ द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एसडीईआरएफ की टीम द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव एवं सुरक्षा के महत्वपूर्ण तरीकों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को साँप से संबंधित आपात स्थिति में सुरक्षित बचाव, आग लगने की स्थिति में आग बुझाने के उपाय तथा पानी में डूब रहे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने की तकनीकों का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने बचाव कार्यों की बारीकियों को समझा तथा आपदा के समय सतर्कता, धैर्य और सुरक्षित तरीके से कार्य करने के महत्व को जाना। एसडीईआरएफ की आकस्मिक सहायता के लिए 1079 डायल कर मदद ले सकते हैं। इस अवसर पर एसडीई आरएफ के प्रमुख श्री शरदचन्द्र राय एवं उनकी टीम का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया।

गांधी जयंती से होगा नशा मुक्ति महाअभियान का शंखनाद; 2 से 8 अक्टूबर तक गांव-गांव चलेगा जागरूकता का दौर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं मद्य निषेध दिवस सप्ताह के पावन अवसर पर बड़वानी जिले में "व्यसन मुक्ति अभियान - नशा मुक्त भारत" महाअभियान का भव्य आगाज होने जा रहा है। 2 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 8 अक्टूबर 2026 तक संचालित होने वाले इस सात दिवसीय अभियान के माध्यम से जिले के प्रत्येक गांव, मजरे और फलियों तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जाएगा।

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक लखन विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान को लेकर व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। जिले की समस्त ९ तहसीलों–बड़वानी, सेंधवा, राजपुर, पानसेमल, निवाली, ठीकरी, पाटी, अंजड़ एवं वरला में विविध जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

श्री विश्वकर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत स्कूली एवं कॉलेज स्तर पर विद्यार्थियों के मध्य पोस्टर, स्लोगन, भाषण, कविता पाठ, गीत-संगीत और रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसके अतिरिक्त नुक्कड़ नाटकों, जन-जागरण रैलियों और चित्र प्रदर्शनियों के माध्यम से नशे के सामाजिक व शारीरिक दुष्प्रभावों को उजागर किया जाएगा।

अभियान के तहत गायत्री परिवार के परिजन गांवों की चौपालों, गली-मोहल्लों और शिक्षण संस्थानों में संवाद स्थापित करेंगे। साथ ही घर-घर जाकर पोस्टर, पम्पलेट और संकल्प पत्र वितरित कर नागरिकों व युवाओं को जीवनपर्यंत नशा न करने का संकल्प दिलाया जाएगा। उन्होंने गांधी जी के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि नशा केवल शरीर ही नहीं, बल्कि आत्मा और परिवार की आर्थिक स्थिति को भी नष्ट कर देता है।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रभारी विशाल बडोले ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश शासन तथा जिला प्रशासन बड़वानी के संयुक्त तत्वावधान में मद्य निषेध सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित सभी तहसील मुख्यालयों पर अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को मद्य निषेध की शपथ दिलाई जाएगी। विभाग के द्वारा नशा पीड़ित व्यक्तियों के उपचार, उचित काउंसलिंग और पुनर्वास की विशेष व्यवस्था की गई है। नशा छोड़ने के इच्छुक व्यक्ति सीधे विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

साथ ही अभियान को प्रभावी बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों और पुलिस प्रशासन का सक्रिय सहयोग लिया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर जन-भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

पश्चिम रेलवे

केटलॉग सं. : RTM-MPS-DIV-26, अनुबंध का प्रकार : एम.पी.एस. यूनिट, लॉट नं. : MPS-RTM-DHD-MPS-4-25-3, MPS-RTM-COR-MPS-3-24-1, अनुबंध की अवधि : 05 वर्ष, ई–नीलामी की तिथि : 19.10.2026, समय : 11:30 बजे प्रारंभ । प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई–ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। ADM/4/1/275

Follow us on: twitter.com/WesternRly

पश्चिमी रेलवे के विभिन्न कार्य

संभागीय रेलवे प्रबंधक (पश्चिमी रेलवे), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, क्रमांक 1 के तहत निविदा आमंत्रित करता है। ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/178 दिनांक 01/10/2026। कार्य एवं स्थान: (1) बांद्रा (पाली हिल):- आवासीय भवनों का संरचनात्मक नवीनीकरण एवं सुधार (चरण-II)। (2) बांद्रा:- बांद्रा पूर्व और पश्चिम कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टरों का सुधार। (3) बांद्रा टर्मिनस - मुंबई सेंट्रल टर्मिनस रोड ऑफिस के रनिंग रूम और लॉबी में सुविधाओं एवं अवसंरचना का उन्नयन। (4) बांद्रा टर्मिनस:- दिव्यांगजन नीति के अनुसार प्लेटफार्म संख्या 2/3 और प्लेटफार्म संख्या 6/7 का उन्नयन, जिसमें स्पर्शनीय चेतावनी, मार्गदर्शक पथ, कोच डिस्प्ले और पंखे शामिल हैं। कार्य की अनुमानित ₹लागत: ₹9,27,05,675.15। ईएमडी: 18,54,100/-, क्रम संख्या: 2. ई-टेंडर सूचना संख्या: BCT/26-27/179 दिनांक 01/10/2026. कार्य और स्थान: मुंबई सेंट्रल (कारशेड): 730 दिनों के लिए सड़क टैंकर द्वारा पीने योग्य पानी की आपूर्ति। कार्य की ₹अनुमानित लागत: 33,46,044₹48. ईएमडी: 66,900/-. दोनों निविदाएं जमा करने की तिथि और समय: 30.10.2026, दोपहर 3:00 बजे तक। दोनों निविदाएं खोलने की तिथि और समय: 30.10.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। 0664

हमें फेसबुक पर फॉलो करें: facebook.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

फ्लैग मार्च के दौरान निगरानी गुंडों को चेतावनी



उज्जैन। आगामी त्यौहारों को देखते हुये शनिवार को महिदपुर में एएसपी करणदीपसिंह के नेतृत्व में एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने थाना स्टॉफ और आरएएफ ब्रेवो/100 बटालियन के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च निकाला। जिसका उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का भाव पैदा करना और कानून व्यवस्था को चुनौती देने वालों को कडा संदेश देना था। थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि आगामी दुर्गा उत्सव का पर्व नवरात्री शांति और सोहार्द्र के साथ मनाया जा सके इसको लेकर फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर नगर अयोध्या बस्ती चौराहा, अम्बेडकर चौराहा, राजेन्द्रमार्ग, चौकबाजार, किशनगंज दरवाजा, घाटी मोहल्ला, बैरजाली, दिलदारपुरा, यादव मोहल्ला, मोती मस्जिद होता हुआ रामलीला मैदान से गुजरा। इस दौरान निगरानी गुंडे-बदमाशों को कानून व्यवस्था का पालन करने की चेतावनी दी गई। प्रशासन ने यह भी साफ किया कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की भडकाऊ पोस्ट या अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। माहौल बिगाडने की कोशिश करने वाले असमाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हार्वेस्टर मशीन की चपेट में आई महिला की मौत

उज्जैन। देवास के टोकखुर्द से कांताबाई पति मांगीलाल नरवरिया 56 साल को शनिवार शाम परिवार के लोग चरक अस्पताल उज्जैन लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित करते हुये शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा और कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। कांताबाई के पुत्र राहुल ने बताया कि मां सोयाबीन कटाई की मजदूरी के लिये गांव में गई थी। वह सेडे पर बैठी थी उसी दौरान खेत में चल रही हार्वेस्टर मशीन के चालक ने तेजगति से रिवर्स लिया और चडा दी। मशीन के नीचे दबने से गंभीर रूप से घायल हुई मां को उपचार के लिये उज्जैन लाया जा रहा था रास्ते में मौत हो गई। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मर्ग डायरी जांच के लिये टोकखुर्द थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

कुर्क संपत्ति न्यायालय में पेश लगाकर की अमानत में खयानत

उज्जैन। न्यायालय द्वारा विवादित मामले में श्रीराम मार्केट डाबरी पीठा में किशोर टेलर की दुकान से सिलाई मशीन को कुर्क करने के आदेश 20 मार्च 2025 को जारी किये थी। प्रक्रिया के तहत सिलाई मशीन कुर्क करने के बाद किशोर टेलर के सुपुर्द की गई थी और न्यायालय का आदेश होने पर प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किये थे। कुछ दिनों पहले प्रकरण में सुनवाई होने पर कुर्क सिलाई मशीन न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश किशोर को दिये गये, लेकिन उसने मशीन प्रस्तुत नहीं की। जिसके चलते उसके खिलाफ अमानत में खयानत करने का प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किये गये। खाराकुआ थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

उधार रूपये लौटने का कहा तो युवक को मारा चाकू

उज्जैन। महिदपुर के बैरजाली में रहने वाले बख्तावर पिता इनायत खान ने कुछ महिनों पहले परिचित नासिर को रूपये उधार दिये थे। कुछ दिन में वापस लौटाने की बात हुई थी। लेकिन काफी दिनों से नासिर रूपये लौटाने में आनाकानी कर रहा था। शुक्रवार रात बख्तावर ने अपने घर के बाहर से निकल रहे नासिर को देखा और रोककर रूपये मांगे तो नासिर ने चाकू से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। महिदपुर थाना पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर नासिर की तलाश शुरू की है।

गोबर फेंकने की बात पर 2 परिवारों में हुई ममरपीट

उज्जैन। ग्राम पिटलावदिया में दो भाईयों प्रदीप पिता रामचंद्र धाकड और परमानंद धाकड के परिवार में घर के सामने गोबर फेंकने की बात पर विवाद हो गया। दोनों का परिवार एक-दूसरे पर टूट पडा और मारपीट शुरू कर दी। दोनों ओर से जान से मारने की धमकी दी गई। मामला बड़नगर थाना पुलिस के पास पहुंचा तो भाईयों का विवाद होने पर क्रास प्रकरण दर्ज किया गया।

दिन मेन बाजार कल्याण नाइट	234-9	350-8
मिलन डे	360-9	668-0
मिलन नाइट	390-2	590-4
मधुर डे	220-4	445-3
मधुर नाइट	367-6	790-6
शुभांक	8 4	7

सुप्रीम कोर्ट में अपील के लिये 8 दिनों का मिला है पेरोल....

अहमदाबाद धमाकों के आंतकी को लाया गया उज्जैन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



अहमदाबाद बम धमाकों में उम्रकैद की सजा काट रहे आंतकी को 8 दिनों की पेराल मिलने पर उज्जैन लाया गया है। आतंकी अपनी सजा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपील करना चाहता था। जिसके लिये उसे पैसों की जरूरत है। परिवार से आर्थिक मदद के लिये उसने पेरोल मांगा था।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड स्थित मित्रनगर में रहने वाला मोहम्मद शरीफ अंसारी अहमदाबाद सीरियल धमाकों का दोषी आतंकी है। उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। वह 2008 से गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। उसके द्वारा अपनी सजा को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपील करना है। उसने अहमदाबाद हाईकोर्ट से 8 दिनों का पेरोल मांगा था, ताकि वह परिवार से मिलकर अपील के लिये फंड की व्यवस्था कर सके। पेरोल मिलते ही गुजरात पुलिस की टीम उज्जैन लेकर पहुंची। आतंकी के आने पर चिमनगंज थाना पुलिस भी मित्र नगर पहुंच गई थी। गुजरात और उज्जैन पुलिस उसकी निगरानी में तैनात की गई है। उसकी हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि पेरोल अवधि खत्म होने पर उसे गुजरात पुलिस वापस साबरमती जेल लेकर जायेगी। शरीफ अंसारी सालभर पहले भी चार दिनों की पेरोल पर अपनी बेटी की शादी में शामिल होने के लिये उज्जैन आया था। कुछ माह पहले बम धमाकों का दूसरा आतंकी अबरार बेगमबाग कालोनी भी पेरोल अपनी बेटी की शादी में शमिल होने गुजरात पुलिस की कस्टडी में उज्जैन आया था।

बम धमाकों में उज्जैन के यह आतंकी

2008 अहमदाबाद बम धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी और 200 से अधिक घायल हुये थे। आतंकी घटना के बाद उज्जैन के रहने वाले सफदर नागौरी, कमरूद्दीन नागौरी, मोहम्मद अबरार, मोहम्मद शफीक अंसारी, परवेज आमील शामिल होना सामने आये थे। बम धमाकों से जुडे 49 आतंकियों को वर्ष 2022 में सजा सुनाई गई थी। जिसमें 30 का फांसी और 11 का उम्रकैद मिली है।

वृद्धांवन कालोनी में बदमाशों ने तोड़े 4 मकानों के ताले


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गोपाल मंदिर क्षेत्र में कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्था तैनात पुलिस की मुस्तैदी का शुक्रवार-शनिवार रात बदमाशों ने फायदा उठाया और इंदौररोड स्थित वृदांवन कालोनी में 4 मकानों पर धावा बोला। चोरी का मामला सामने आने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

नानाखेडा थाना पुलिस को शनिवार सुबह सूचना मिली कि रात में बदमाशों ने वृदांवन कालोनी में 4 मकानों के ताले तोडकर वारदात को अंजाम दिया है। एसआई अनिल ठाकुर टीम के साथ पहुंचे और जांच शुरू की। पता चला कि बदमाशों ने अजय मालवीय, प्रदीप पांड्या, मुकेश राठौर के मकान के साथ एक अन्य मकान का ताला तोडा है। अजय मालवीय के मकान से सोने-चांदी के आभूषण और कुछ नगदी चोरी हुआ है। प्रदीप पंड्या के मकान से भी चांदी के आभूषण चोरी हुये है। वहीं मुकेश राठौर के घर से पूजन में रखी कुछ नगद राशि गायब है। चौथा मकान खाली था जहां से कुछ चोरी होना सामने नहीं आया है। जांच के दौरान पता चला कि बदमाश विजय राठौर की बाइक भी चुराकर ले गये है। पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिये आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये है। बताया जा रहा है कि बदमाशों की संख्या 2 से 3 थी। पुलिस उनके भागने वाले रास्ता का पता लगा रही है। बदमाशों के बाहरी होने का शक भी जताया गया है।

चारों परिवार शहर से गये थे बाहर

वृदांवनधाम कालोनी में जिन मकानों में चोरी होना सामने आया है उन मकानों में रहने वाला परिवार शहर से बाहर गया था। तीन परिवार लौटकर आ चुके है। अजय मालवीय वारदात के समय इंदौर में थे। प्रदीप पंड्या परिवार में हुई गमी के चलते तराना गये हुये थे। वहीं मुकेश राठौर सेना से सेवानिवृत्त है जो अपने ससुराल में थे।



लगातार सामने आ रही चोरी की वारदात

शहर में पिछले कुछ महिनों से लगातार चोरी की वारदात होना सामने आ रहा है। बदमाश हर क्षेत्र में सूने मकानों, दुकानों और गोदामों का निशाना बना रहे है। कुछ वारदातों में पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो बाहरी होना सामने आये है। बावजूद चोरी की वारदाते कम नहीं हो रही है। बदमाश संपति चोरी के साथ शहर में वाहन चोरी की वारदातों को भी अंजाम दे रहे है।


पहले खबर फैली थी कि सेवानिवृत्त मुकेश राठौर के घर से बदमाश बंदूक और कारतूस चुराकर ले गये है। लेकिन पुलिस की जांच में बंदूक और कारतूत घर में मिलना सामने आये।

लापता वृद्धा का क्षिप्रा नदी से मिला शव

उज्जैन। महिदपुर क्षिप्रा नदी से शनिवार शाम एक वृद्धा का शव मिलना सामने आया। वृद्धा की पहचान कुछ देर में कर ली गई। परिजनों ने बताया कि सुबह से लापता थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि गंगावाडी के पास क्षिप्रा नदी में एक महिला का शव दिखाई देने पर ग्रामीणों ने सूचना दी थी। मौके पर एएसआई पन्नालाल अलावे प्रधान आरक्षक जितेंद्र, आरक्षक राघव और सुखदेव पहुंचे। शव को बाहर निकाला गया, मृतक महिला 70 से 75 साल की होना सामने आई। उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये। कुछ देर में पता चला की मृतक वृद्धा तिलक पथ की रहने वाली पुष्पाबाई पति भैरूलाल 75 साल है। पुत्र ने मौके पर पहुंच शिनाख्त की और बताया कि मां का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था वह सुबह से लापता थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया, रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

दुर्घटना में 4 की मौत के बाद वाहन चालकों पर केस दर्ज



उज्जैन। पिछले कुछ दिनों में चार थान क्षेत्र में हुई दुर्घटना के मामले में घायलों की मौत होने पर पुलिस द्वारा चार वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किये गये है। खाचरौद पुलिस ने 13 सितंबर को मडावदा फेंटे पर हुई दुर्घटना में 9 साल के शुभम पिता धर्मेन्द्र बागरी उमरिया खालसा की मौत के मामले में कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बडनगर थाना पुलिस ने 29 सितंबर को केसुररोड चौपाटी के पास हुई दुर्घटना में 12 वर्षीय अयान पिता अफसर पटेल निवासी ग्राम भोमलवास की मौत होने पर ट्राला चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। तीसरा मामला नरवर थाना क्षेत्र में 19 सितंबर का है। पालखंदा में कार चालक ने बाइक पर सवार विजय पिता राजाराम परमार निवासी सिविल लाइन देवास की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में कार चालक और उन्हेल थाना पुलिस ने 2 अक्टूबर को खजूरिया खाल में सडक दुर्घटना के दौरान 10 साल के जिगर पिता लोकेश भोपा की मौत के मामले में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस को 3 वाहनों के नम्बर मिले है, जिनको जप्त कर चालकों को गिरफ्तार किया जायेगा।

बीड़ी जलाते ही गैस सिलेंडर में हुआ ब्लास्ट

युवक बुरी तरह झुलसा, मकान की गिरी दीवार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तिरूपतिधाम कालोनी में शनिवार सुबह गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। एक युवक बुरी तरह झुलस गया, जिसे चरक अस्पताल लाया गया लेकिन हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने इंदौर रैफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि कानीपुरा मार्ग तिरूपतिधाम कालोनी में सुबह धमाका होने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। इस दौरान मकान की दीवार टूटी और एक युवक गंभीर झुलसी हालत में मिला। उसे चरक अस्पताल लाया गया, जहां उसका नाम संदीप पिता मिश्रीलाल 22 साल होना सामने आया। युवक ने बताया कि वह कुछ माह पहले ही किराये से रहने आया था। क्षिप्रा गैस एजेंसी पर काम करता है, सुबह बीडी जलाने के लिये माचिस जलाई थी उसी वक्त धमाका हो गया। युवक ने आशंका जताई कि रात में सिलेंडर से गैस रिसाव हुआ था, जिसकी वजह से सिलेंडर फटा है।

धमाके की आवाज से क्षेत्र में फैली दहशत

बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर में हुये धमाके बाद आसपास के लोगों मे दहशत फैल गई थी, मकान टूटा देख लोग ओर भयभीत हो गये। मकान में झुलसे संदीप का दोस्त देवीलाल भी था, लेकिन वह नहाने के लिये गया था, जिसके चलते वह सुरक्षित बच गया। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया के अनुसार घायल और सुरक्षित बचे युवक के बयान दर्ज कर मामले में जांच शुरू की जायेगी।

कलेक्टर - एसपी से बंद कमरे में की मुलाकात

मस्जिद का मिनारा गिरना जांच का विषय है-आरिफ मसूद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



भोपाल मध्य के कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद शनिवार को उज्जैन आए। उन्होंने यहां कलेक्टर रोशन कुमार सिंह एवं एसपी प्रदीप शर्मा से बंद कमरे में चर्चा के बाद मिडिया को दिए बयान में कहा

कि दुकानों के ऊपर छज्जे थे, वो गिरना था और गिराते वक्त अचानक एकदम मीनारा गिरना, वो स्वाभाविक है जाँच का विषय है। उस पर जाँच होना चाहिए। ये हमने कलेक्टर को भी कहा और एसपी साहब से ये भी कहा है कि बेजा जो धरपकड़ लड़कों की चल रही है ये ना करें, क्योंकि बहुत ज्यादा घरों से लोग फोन आ रहे हैं। शनिवार शाम उज्जैन पहुंचे विधायक मसूद ने बताया कि पहले तो जो पुराने सदर थे अरशद, उनसे पुराना रिश्ता रहा और पिटीशन जिस दिन लगी, अभी दूसरे दिन जो लगी थी उसमें भी हम दोनों साथ थे, बात कर रहे थे। तो उनका ऐसा अचानक इंतकाल होने पर जाहिर है मुझे वहाँ के लिए आना था क्योंकि परसों जब ये हादसा हुआ मैं दिल्ली था।

दूसरा एक बड़ा मुद्दा ये है कि यहाँ आने के बाद लगातार जिस तरह से प्रशासन काम कर रहा है, उस बीच में मस्जिद के बारे में आप सब जानते हैं - दुकानें थी, दुकानों के ऊपर छज्जे थे, वो गिरना था और गिराते वक्त अचानक एकदम मीनारा गिरना, वो स्वाभाविक है जाँच का विषय है। उस पर जाँच होना चाहिए। ये हमने कलेक्टर को भी कहा और एसपी साहब से ये भी कहा है कि बेजा जो धरपकड़ लड़कों की चल रही है ये ना करें, क्योंकि बहुत ज्यादा घरों से लोग फोन आ रहे हैं। जाहिर है कि रहा होगा, कोई भीड़ में खड़ा भी हो सकता है तो फुटेज देखे जाए और जो एफआईआर हुई है उसके अलावा ना पकड़ा जाए। तीसरा मुद्दा जिस पे हमारा परसों कमिटमेंट हुआ था सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ टेलीफोन पर, के जल्दी से जो हिस्सा मस्जिद का गिरने की वजह से क्षतिग्रस्त हुआ है उसको बना दिया जाएगा।

तो इन्होंने हमसे कहा कि एक माह के अंदर हम पूर्ण कर दें, काम शुरू हो गया है और मैं सबसे उम्मीद करूँगा कि संयम रखें। बेजा एक दूसरों पर आरोप ना लगाए, ना लड़े, ना कमेंटियाँ आपस में एक दूसरे पे बयान दे। ना पब्लिक से । मैं भी आपके बीच दरखास्त करूँगा कि उज्जैन का एक अच्छा माहौल, एक अच्छा प्रोग्राम होने जा रहा है तो मेहरबानी करके संयम रखें और मिल-जुलकर एक सही रास्ता निकाले और मस्जिद पूरी है।ये मुझे बताया, मैं खुद देखूँगा। एआईएमआईएम के अध्यक्ष की शहरकाजी पर की गई टिप्पणी को लेकर उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही कहा कि वो चाहे कोई भी हो सबसे दरखास्त करूँगा कि इस वक्त हालात में ये सोचने की जरूरत है कि लोगों की परेशानियाँ बढ़े ना और परेशानियों को कम किया जाए, टीका-णी नहीं करना चाहिए।

पथराव एवं विवाद के मुद्दे पर उनका कहना था कि बहुत सारे लड़के गुस्से में, उसका कहीं ना कहीं मिस कम्यूनिकेशन हुआ है क्योंकि जो रात में लोग यहां थे ,हम लोगों तक मैसेज था वो कुछ और था, शायद उनको संतुष्ट नहीं कर सके। तो जो भी मिस कम्यूनिकेशन हुआ है लेकिन इतना बड़ी चीज नहीं है कि हम अपने पे भी ऊँगली उठा दें एकदम और हम बीच में ले जाए। मैंने कहा संयम रहकर शांति का रास्ता करें और पूरे उज्जैन के लोगों से कहता हूँ कि धन्यवाद, आपको खास तौर से यहाँ के मुसलमानों को कहता हूँ धन्यवाद कि आपके वहाँ जमा होने से गांधीवादी तरीके से एक अच्छा रास्ता निकला, उसको खराब ना करें और शांति बनाए।

ढांचा भवन में युवक पर चाकू से हमला



उज्जैन। ढांचा भवन में शनिवार शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, चार बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से ताबातोड वार करना शुरू दिया। युवक खून से लथपथ हो गया और जमीन पर गिर पडा। हमला करने वाले बाइक पर सवार होकर भाग निकले।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि ढांचा भवन में रहने वाले तुषार पिता विनोद भंडारी 22 साल पर चाकू से हमला होने की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी। मेन रोड पर हुई चाकूबाजी में घायल को अस्पताल ले जाया गया था, मौके पर खून फैला हुआ था। पुलिस चरक अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किये। उसने बताया कि हमला करने वालों में मदन यादव, सुमित, पवन और एक अन्य थे। चारों बाइक से आये थे। घायल द्वारा पुराना विवाद होना बताया जा रहा था। पुलिस ने जानकारी जुटाई तो सामने आया कि विवाद ढांचा भवन में रहने वाली महिला से जुडा है, हमला करने वालों में महिला का पति मदन यादव शामिल है। घायल युवक मदन की पत्नी से बातचीत करता था, जो मदन से विवाद के चलते अलग रहती है। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि युवक को सिर, गर्दन और पैरों पर चाकू लगे है, मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई है। हमला करने वाले भी ढांचा भवन के रहने वाले है, जो फिलहाल घरों से फरार है।

मनुष्यता की तड़प



मनुष्य एक परिवर्ती जीव है; वह अंतिम नहीं है।... पृथ्वी के विकास-क्रम में मानव से अतिमानव का कदम आने वाली अगली उपलब्धि है। यह अपरिहार्य है, क्योंकि यह एक साथ ही आंतरिक आत्मा की नियत और प्रकृति की प्रक्रिया का तर्क है।

अतिमानवत्व मनुष्य का ऊपर चढ़कर अपनी प्राकृतिक पराकाष्ठा को पहुंचना नहीं है। वह मानवीय महानता, ज्ञान, शक्ति, बुद्धि, संकल्प, प्रतिभा, गतिशील बल, संतता, प्रेम, पवित्रता अथवा पूर्णत्व की श्रेष्ठतर श्रेणी भी नहीं है। अतिमानव मानव और उसकी सीमाओं से परे की वस्तु है; वह मानव प्रकृति के उपयुक्त उच्चतम चेतना की अपेक्षा अधिक महान चेतना है।

मनुष्य अपने तईं एक महत्वाकांक्षी नगण्यता से अधिक कुछ नहीं। वह एक तुच्छता है, जो ऐसी व्यापकता और भव्यता को पहुंचना चाहती है, जो उसकी पहुंच से परे है। एक बौना, जिसे ऊंचाइयों की चाह है। उसका मानस सार्वभौम मानस की दीप्तियों के बीच एक काली किरण है। उसका जीवन सार्वभौम जीवन का एक संघर्षशील, उल्लसित, पीड़ित, वासना आलोड़ित और कष्ट-प्रताड़ित या एक अंधा और मूक बनकर चाहने वाला क्षुद्र क्षण है। प्रकृति के रहस्यमय ऊर्ध्वगामी उभार का यह अंत नहीं हो सकता। इसके परे कुछ और है, ऐसा कुछ, जो मानव जाति होगी।

संसार न तो माया का सृजन अथवा ईश्वर का खेल या लीला है, न अज्ञान में जन्मों का चक्र है, जिससे हमें मुक्ति पाना है, बल्कि यह प्रकटीकरण का एक क्षेत्र है, जिसमें आत्मा और प्रकृति का उत्तरोत्तर विकास पदार्थ में और पदार्थ से जीवन मानस से होते हुए उस तक पहुंचना है, जो मानस से परे है, जब तक वह विकास जीवन में सच्चिदानंद के पूर्ण आविर्भाव तक पहुंच नहीं जाता।

सम्पादकीय

चुनाव सुधार जारी रहे

चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त संबंधी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, तो दूसरी ओर, चुनाव सुधार और सुनवाई की प्रक्रिया भी जारी है। गांधी जयंती, 2 अक्तूबर को आयोजित विपक्षी दलों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने पूरी सतर्कता बरती। वैसे तो देश के अनेक शहरों में विरोध-प्रदर्शन हुए हैं, किंतु मुंबई के शिवाजी पार्क और दिल्ली में जंतर मंतर पर सबकी निगाहें रहीं। प्रदर्शन के कहीं पर भी उग्र होने से रोकने के लिए पुलिस दृढ़ दिखी है। जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के पिछले प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा बलों व प्रदर्शनकारियों में झड़प हो गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग घायल हुए थे। शायद प्रशासन ने अपने अनुभवों से सीखा है। पुलिस को अपनी और प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा की चिंता है। पिछली बार टकराव की जिम्मेदारी पुलिस पर ही डाली गई थी। अतः इस बार बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। हालांकि, यह सवाल पूछने वाले भी कम नहीं हैं कि क्या लोकतंत्र में अब विरोध-प्रदर्शन का अधिकार भी नहीं है?

बहरहाल, विरोध-प्रदर्शन की राजनीति जारी रहेगी, लेकिन इस बीच अच्छी बात है कि चुनाव सुधार की प्रक्रिया भी तेजी से चलती दिख रही है। चुनाव आयोग ने छूट गए और पहली बार मतदान करने योग्य युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए एक विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। यह विशेष अभियान उन राज्यों में चलेगा, जहां मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य पूरा हो चुका है। दबाव में ही सही, यह आयोग का एक सराहनीय कदम है। यह शिकायत बार-बार सामने आ रही है कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। इस शिकायत को दूर करने के लिए आयोग को मुस्तैदी से काम करना होगा। इसके साथ ही, आयोग ने स्पष्ट किया है कि मतदाता नामांकन एक सतत प्रक्रिया है और कोई भी व्यक्ति इसमें आवेदन कर सकता है। हालांकि, अगर नामांकन की प्रक्रिया सतत होती, तो मतदाता पंजीकरण के लिए अभियान की जरूरत नहीं पड़ती। अगर नामांकन बारहों महीने चलाया जाए, तो लोगों को यह सुविधा देनी चाहिए कि वे अपने परिजनों के नाम जुड़वा या हटवा सकें। नाम जोड़ने पर विवाद नहीं होता, पर नाम कटने पर स्थिति बिगड़ती है।

संदर्भ : आईआईटी बांबे में छात्र आत्महत्या

उच्च शिक्षा संस्थानों में छात्रों की बढ़ती आत्महत्याएं

देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों से निरंतर छात्र आत्महत्याओं की खबरें आ रही हैं, जो चिंता का विषय हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मुंबई के छात्र साहिल रविंद्र वाकोडे ने मोबाइल से नकल करते पकड़े जाने के बाद छात्रावास के कक्ष में आत्महत्या कर ली। हालांकि अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है कि छात्र ने आत्महत्या क्यों की ? जांच रिपोर्ट आने के बाद वास्तविकता सामने आएगी। बावजूद छात्र के दलित होने के कारण इस मौत पर दलगत राजनीति शुरू हो गई है, जो दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इसके पहले, पिछले महीने आईआईटी दिल्ली में भी एक छात्र ने आत्महत्या की थी। शिक्षा मंत्रालय ने जुलाई 2023 में संसद को बताया था कि 2018 से 2023 के बीच पांच वर्ष में आईआईटी में 39 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

छात्र आत्महत्या पर उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय कार्यबल के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं और आत्महत्या रोकने से जुड़े अनेक कारण हैं। इनमें शैक्षणिक दबाव, जाति आधारित भेदभाव, आर्थिक तनाव, यौन उत्पीड़न, नकल और परीक्षा में असफलता जैसे कारण शामिल हैं। यही नहीं आईआईटी जैसे शिक्षा संस्थानों के शिक्षक मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए खुद को पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं मानते हैं। 90 प्रतिशत से ज्यादा शिक्षकों के पास छात्रों की ऐसी व्यक्तिगत और संवेदनशील चिंताओं से निपटने के लिए उचित कौशल दक्षता का अभाव है। 23 आईआईटी समेत 31 केंद्रीय वित्त पोषित संस्थानों में लगभग एक जैसी स्थिति है। दरअसल वर्तमान शिक्षा का लक्ष्य केवल किताबी और तकनीकी ज्ञान देना रह गया है। जबकि समग्र ज्ञान में विद्यार्थी को सामाजिक भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक, नैतिक और राष्ट्रीय ज्ञान के साथ शारीरिक संरचनात्मक ज्ञान देना जरूरी है। किंतु विडंबना यह सामने आ रही है कि अब शिक्षक स्वयं छात्राओं के यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म जैसे कृत्यों में शामिल हो रहे हैं।

उच्च शिक्षा संस्थानों गुरुओं की प्रताड़ना के चलते शिष्यों की आत्महत्याओं के मामले सामने आते रहे हैं, किंतु अब अपनी पुत्री समान छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले भी सिलसिलेवार सामने आ रहे हैं। ओड़ीसा के बालासोर में यौन उत्पीड़न की शिकायत पर कार्यवाही न होने से परेशान छात्रा ने आत्मदाह कर ली था। इसी तरह बैंग्लुरु में दो शिक्षक हवस पूर्ति के लिए हैवान बन गए। इन शिक्षकों ने छात्रा को नोट्स देने के लिए बुलाया और दुष्कर्म किया। कोलकाता के आईआईएम की एक मनोवैज्ञानिक महिला परामर्शदाता के साथ छात्रावास में कथित दुष्कर्म का मामला भी सामने आया था। उच्च शिक्षा परिसरों के ये मामले चिंता के साथ शर्मसार करने वाले हैं। ऐसे ही एक मामले के चलते नोएडा के शारदा विश्वविद्यालय में दंत चिकित्सा की छात्रा ने छात्रावास के अपने कक्ष में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली थी।

यह अत्यंत बैचेन करने वाला विषय है कि उच्च शिक्षा के लिए हम विदेशी विवि भारत में खोलने के फैसले ले रहे हैं, दूसरी ओर हम अपनी शिक्षा संबंधी नीतियों में पश्चिम का जरूरत से ज्यादा अनुकरण कर रहे हैं। जबकि हमें अपने ही संस्थानों में बुनियादी सुधार की जरूरत है। यदि हम विदेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करेंगे तो छात्र एवं अभिभावक देसी संस्थानों को दोयम दर्जे का मानने लग जाएंगे। वैसे भी विदेशों में पढ़ाई के चलते प्रतिभाओं के पलायन का संकट खड़ा हो रहा है। शिक्षकों द्वारा दुष्कर्म और प्रताड़ना के बढ़ते मामलों से तय होता है कि एक तो हमारे शिक्षक वैभव और भोग की हसरतें पालने लगे हैं, दूसरे वे छात्रों में उम्मीदों की उड़ान पैदा करने की बजाय निराशा, कुंठा और अवसाद पैदा कर रहे हैं। लगता है शिक्षकों पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति का भी कोई उत्साहजनक असर नहीं पड़ा है। अन्यथा इस तरह की शर्मसार कर देने वाली घटनाएं घटती ही नहीं।

21वीं सदी को ज्ञान की सदी की संज्ञा दी गई है। ज्ञान परंपरा और मातृभाषाओं में शिक्षा दिए जाने की बात भी खूब जोर-शोर से उठी है। शिक्षा की पूंजी से गरीब और वंचित के लिए उच्च पद, बड़ा उद्योगपति और विश्वस्तरीय तकनीकिशियन (टेक्नोक्रेट) बनने के रास्ते भी खुले हैं। बावजूद शिक्षा संस्थाओं से दुष्कर्म, पलायन और आत्महत्या के केंद्र में हैं तो यह चिंतनीय पहलू है। क्योंकि शिक्षा के जरिए विद्यार्थी और उसके अभिभावक जिस उपलब्धि के शिखर पर पहुंचने की परिकल्पना कर रहे होते हैं, यदि इसी बीच संभावना की मौत हो जाए, तो यह शिक्षा का अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण पहलू है। ज्ञान की महिमा ने इस भ्रम को तोड़ने का काम किया है कि शिक्षा पर जाति, नस्ल या रक्त विशेष समुदायों का ही अधिकार है। राजतंत्र में यह धारणा सदियों तक फलीभूत होती रही है कि भारत समेत दुनिया का कुलीन वर्ग नियति की देन है। जबकि वाकई यह पक्षपाती व्यवस्था की उपज रही है। ज्ञान के तंत्र ने इस भ्रामक स्थिति को तोड़ने का काम किया है। हालांकि भारतीय मनीषियों ने ज्ञान की इस शक्ति को हजारों साल पहले जान लिया था, इसीलिए कहा भी गया कि राजा की पूजा अपने राज्य में होती है, जबकि विद्वान सब जगह पूजा जाता है। ज्ञानार्जित विद्वता की ही देन है कि आज दुनिया शिक्षा और अनुसंधान से आविष्कृत ऐसा तकनीकि संसार रच रही है, जिसमें सुविधाएं मुट्ठी में हैं और लक्ष्य अंतरिक्ष में मनुष्य को बसाने की संभावनाएं तलाश रहा है। संभावनाओं के इस द्वार पर शिक्षा परिसरों में छात्र निराशा के भंवर में मौत का लक्ष्य तय कर रहे हैं, तो यह समूची शिक्षा पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह है?

देश के युवाओं की ये मौतें, संभावनाओं की मौतें हैं। ऐसे में यदि छात्र एवं छात्राओं की मौतों का यही सिलसिला बना रहता है तो देश के बेहतर भविष्य की संभावना क्षीण हो जाएगी। ये मौतें अध्ययन-अध्यापन से उपजी परेशानियों के चलते सामने आ रही हैं। बावजूद देखने में आ रहा है कि राजनीतिक दलों के रहनुमा मौतों को केवल राजनीतिक चश्मे से देख रहे हैं, लिहाजा समस्या के समाधान की दिशा में ठोस पहल होती नहीं दिख रही है। यदि आने वाले समय में छात्र आत्महत्याओं को शिक्षा की व्यापक समझ के परिदृश्य में नहीं देखा गया तो इन मौतों पर विराम लग जाएगा यह कहना मुश्किल है ? क्योंकि समस्या केवल संस्थानों की लापरवाही या जबावदेही से मुंह मोड़ने तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि सरकारी स्तर पर नीतिगत निर्णयों और अदालतों में ऐसे मामले लंबे समय तक अटके रहने के कारण भी समस्याएं यथास्थिति में बनी रहती है।

चार सौ रुपये में बिकी एक साँस

सुबह के ठीक चार बजकर तैंतालीस मिनट। शहर के आठ लेन वाले चमचमाते ग्लोबल टेक कॉरिडोर के बीचों-बीच स्थित सीवर के एक भारी लोहे के ढक्कन से गाढ़ा, बदबूदार धुंआ उठ रहा था। म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के वॉर रूम में सायरन बज उठा। स्क्रीन पर लाल रंग का अलर्ट चमक रहा था, क्रिटिकल ब्लॉकिज डिटेक्टेड!

मामला सिर्फ गंदे पानी का नहीं था, प्रतिष्ठा का था। ठीक दो घंटे बाद इसी सड़क से अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण और स्वच्छता सम्मेलन के विदेशी प्रतिनिधियों का काफिला गुजरना था। मंच पर एक भव्य प्रेजेंटेशन होनी थी, भारत का पहला स्वचालित रोबोटिक सीवेज नेटवर्क। रहस्य यह था कि जमीन के बीस फीट नीचे मुख्य पाइपलाइन में कोई भारी रुकावट फंसी थी, जिसने पूरे सिस्टम का फ्लो रोक दिया था।

कंपनी के मुख्य तकनीकी अधिकारी ने अपना लैपटॉप खोला और घबराहट में बोले, ₹हमारा आयातित एआई रोबोट क्लाउड सर्वर से डिस्कनेक्ट हो गया है। फर्मवेयर अपडेट में कम से कम तीन घंटे लगेंगे।₹ प्रशासन के पसीने छूट रहे थे। तभी म्युनिसिपल ठेकेदार ने अपनी मूंछों पर ताव दिया और बोला, साहब, जब तक विदेशी तकनीक बूट होती है, तब तक हमारा स्वदेशी हार्डवेयर काम निपटा देगा।₹ स्वदेशी हार्डवेयर यानी छत्तीस साल का रमेश। रमेश के पास न कोई ऑक्सीजन सिलेंडर था, न कोई केमिकल-प्रूफ सूट। उसके पास सिर्फ एक मैला अंगोछा था और कमर में बंधी नारियल की खुरदरी रस्सी। यार, तुमने कभी जिंदगी को किसी अंधेरे कुएं में उतरते देखा है? मौत जब कंक्रीट के ढक्कन के नीचे इंतजार करती है, तो वह बहुत शांत होती है। लेकिन डिजिटल इंडिया के नियम सख्त थे। ठेकेदार ने रमेश के हाथ में एक सस्ता स्मार्टफोन थमाया, चल, पहले एप खोल। लाइव लोकेशन ऑन करके गटर के मुहाने पर मुस्कुराते हुए जियोटैग सेल्फी ले। जब तक पोर्टल पर तेरी हाजिरी अपलोड नहीं होगी, शाम को चार सौ रुपये का डीबीटी ट्रांसफर नहीं होगा।

रमेश ने उस जहरीले गड्ढे के मुहाने पर खड़े होकर कांपते हाथों से कैमरा ऑन किया। उसने जबरन अपने होंठों को खींचा। स्क्रीन ने उसकी फोटो को वेरीफाई किया,



पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04अक्टूबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि- अष्टमी 07:14 उपरांत नवीन 04:53 उपरांत दशमी
नक्षत्र- पुनर्वसु 02:15 उपरांत पुष्य
योग- परिघ 15:35 उपरांत शिव
करण - कौलव
चन्द्रमा - मिथुन मे है 20:38 पर कर्क मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 21तारिख

मेष- कार्यस्थल पर नई चुनौतियां आ सकती हैं, धैर्य से काम लें। व्यापारिक लेनदेन में पारदर्शिता बनाए रखें।
वृषभ- पारिवारिक मामलों में संयम से काम लेना हितकर होगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें, बजट बिगड़ सकता है।
मिथुन- प्रतिस्पर्धियों पर बढ़त मिलेगी, कार्य समय पर पूरे होंगे। व्यापार में विवेकपूर्ण फैसले लाभ पहुंचाएंगे।
कर्क- मित्रों और परिवार का सहयोग बना रहेगा। अचानक आर्थिक लाभ की संभावना बन सकती है।
सिंह- कार्यक्षेत्र में धैर्य रखें, वरिष्ठों से मतभेद से बचें। व्यापारिक सौदों में जल्दबाजी नुकसानदेह हो सकती है।
कन्या- घर का वातावरण शांतिपूर्ण बनाए रखने का प्रयास करें। अनावश्यक व्यय से बचें, बचत पर ध्यान दें।
तुला- कार्यस्थल पर आपके सुझावों को महत्व दिया जाएगा। व्यापार में लाभ की प्राप्ति होगी, धन संचय होगा।
वृश्चिक- परिवार में मांगलिक आयोजन की चर्चा हो सकती है। मामलों पक्ष में रहेगा।
धनु- कार्यक्षेत्र में सावधानी बरतें, कोई काम टालने से बचें। लाभ की संभावना है।
मकर- पारिवारिक मामलों में बजट का ध्यान रखें। अनावश्यक खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। तनाव न लें।
कुंभ- आर्थिक लाभ के नए अवसर सामने आएंगे। शांति और शारीरिक ऊर्जा बनी रहेगी।
मीन- भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा, कार्य आसान होंगे। व्यापारिक विस्तार की योजनाएं धरातल पर आएंगी।

संजा का नौवा दिन

आज बनेगा अष्टमी का आठ पंखुड़ी का फूल

संजा पर्व के नवें दिन अष्टमी का आंठ पंखुड़ियां का फूल बनाया जाता है। संजा की सखियों को बड़ी बुजूर्गो द्वारा बगड़ावत कथा सुनाई जाती है। जो बताती है कि उस समय का सामाजिक जीवन कैसा था और कुंवारी कन्याओं को ससुराल जाने के बाद किसप्रकार से लोकजीवन जीना चाहिए।



बगड़ावत कथा- राजस्थान के लोक जीवन में संजा पर्व के दौरान बुजूर्ग महिलाएं लड़कियों को एक कथा सुनाती है, जिसे बगड़ावत कथा कहा जाता है। यह कथा उस समय के लोकोत्सव पर प्रकाश डालती है वहीं कहीं न कहीं सामाजिक जीवन को भी आयना दिखाती है। कथा इसप्रकार है- लीला सेवड़ी नामक ब्राम्हणी रोजाना पुष्कर (अजमेर के समीप) तीर्थ में स्नान करने जाती थी। एक दिन वह मुंह अंधेरे जब स्नान करके लौट रही थी तो रस्ते में उसे अजमेर के राजा बसिलदेव के भाई मांडल जी के पुत्र हरि जी दिखे। हरि जी के एक हाथ में बाघ का कटा शीश था और दूसरे हाथ में वे घोड़े की लगाम थामे हुए थे। हरि जी के इस रूप को देखत ही लीला सेवड़ी को गर्भ ठहर गया। उसने एक विचित्र बच्चे को जन्म दिया। बच्चे का शीश बाघ का था और शेष शरीर मनुष्य का। इसीलिए उसका नाम बाघ जी रखा गया। राजप्रासाद में बाघ जी की परवरिश कालूराम नामक खोडिया ब्राम्हण के जिम्मे थी। कालूराम लंगड़ा था। एक दिन कालूराम को शहर से लोटने में विलम्ब हो गया। इधर भूख से तडफ रहे बाघ जी गुस्से आगबबूला हो रहे थे। कालूराम ने जब बाघ जी को देखा तो वह कांप गया। उसने बाघ जी को बताया कि शहर में विवाह हो रहे हैं। लग्न निकालने के काम में बहुत व्यस्त था, इसलिए देरी हो गई। बाघ जी ने कालूराम से कहाकि उसके भी लग्न निकालो। इस पर कालूराम ने मन ही मन सोचा कि इसे कोन लड़की देगा? बाहर के मन से बोला-मैं कोई तरकीब सोचता हूं।

इधर सावन का महिना आया। बाग में लड़कियां झूला झूलने पहुंची। कालूराम ने लड़कियों के समक्ष शर्त रखी कि झूला झूलने से पूर्व हर एक लड़की को बाघ जी का एक फेरा लेना होगा। जो समझदार थी, वे दौड़ लगा गई। जो अबोध थी, वे इस चक्कर में आ गई और फेरा लगा लिया। बाघ जी के फेरे लगानेवाली लड़कियों के लग्न नहीं निकले तो उनके माता-पिता चिंतित हुए। बात राजा तक पहुंची। राजा ने सारा मामल दिखवाया तो कालूराम की शैतानी पता चली। उन्होने बाघ जी से बात की। बाघ जी ने कहाकि उसकी बांहों में जितनी लड़कियां आएगी, वह उससे विवाह करेगा। शेष के लग्न निकालकर अन्यत्र विवाह कर देना।

बाघजी की बाहों में 13 लड़कियां आई। इनमें एक थी संज्या। वह बहुत रूपवान थी। चूंकि वह निची जाती की थी, इसलिए बाघजी ने उससे विवाह नहीं किया और कालूराम खोड्या ब्राम्हण से उसका विवाह करवा दिया। ये सभी गरूडिये ब्राम्हण कहलाए। इधर बाघजी के 24 लड़के हुए, जो बगड़ावत कहलाए। कालूराम ब्राम्हण से विवाह बाद संज्या दुःखी रहने लगी। अल्पायु में उसका निधन हो गया।

आज का गीत

संजा की सखियां खोड्या ब्राम्हण याने संज्या के पति को कोसते हुए गीत गाती है-

खुड्-खुड् से म्हारा खोड्या ब्राम्हण
म्हारी संजा के लेवा आयो रे
म्हारी संजा को माथो छोटो सो ,टीको क्यों नी लायो रे
लायो थो बई लायो थो, पन बांटे भूली आयो रे।
म्हारी संजा का कान छोटा सा, सरन्या क्यों नी लायो रे
म्हारी संजा की नाक छोटी सी, नथनी क्यों नी लायो रे
म्हारी संजा को गलो छोटो सो, ठुस्सी क्यों नी लायो रे
म्हारी संजा का हाथ छोटा सा, गजरा क्यों नी लायो रे
म्हारी संजा का पैर छोटा सा, बिछुड़ा क्यों नी लायो रे
लायो थो बई लायो थो, पण बांटे भूली आयो रे। ।


श्रीमती स्वाति अंकित जैन

हार्ट की समस्याओं के टाइम बम का सामना कर रहा भारत

भारत में हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट से होने वाली मौतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी को मद्देनजर रखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने शनिवार को कहा कि भारत इस समय हार्ट से जुड़ी हुई समस्याओं के टाइम बम का सामना कर रहा है। इसकी सबसे बड़ी बड़ी वजह बदलती लाइफ स्टाइल को बताया है। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं की वजह से होने वाली ज्यादातर मौतों को नियमित जांच, जल्दी इलाज और स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर टाला जा सकता है।

विशेषज्ञों ने बताया कि मानव ह्रदय का आकार एक मुट्ठी के बराबर होता है। यह 70 साल की उम्र तक करीब 2.5 अरब से अधिक बार धड़कता है। हालांकि यह अपने आप में बीमारियों का मुकाबला करने में सक्षम होता है लेकिन फिर भी बदलती लाइफ स्टाइल इसके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालती है, इसकी वजह से होने वाले नुकसान को यह अपने आप टाल नहीं सकता।

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट के ह्रदय विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अशोक सेठ ने कहा कि मोटापे, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की बढ़ती समस्या तथा धूम्रपान, अस्वस्थ खानपान एवं शारीरिक असक्रियता के कारण युवाओं के ह्रदय रोगों का शिकार होने की आशंका



बढ़ रही है। उन्होंने कहा, ह्रचार दशक तक मरीजों का इलाज करने के बाद मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि धमनियों में रक्त के प्रवाह को रोकने वाला एक ब्लॉकेट मजह मिनट भर में जीवन को छीन सकता है।

दुखद बात यह है कि ज्यादातर दिल के दौरे अचानक नहीं आते। लोग अक्सर कई दिनों या हफ्तों पहले ही सीने में ऐंठन, सांस लेने में तकलीफ या बिना किसी कारण के थकान की शिकायत महसूस करते हैं। समस्या यह है कि इन लक्षणों को तब तक नजरअंदाज किया जाता है, जब तक कि बहुत देर न हो जाए। विश्व ह्रदय दिवस हमें याद दिलाता है कि लक्षणों को जल्दी पहचानकर और तुरंत कार्रवाई करके जिंदगी बचाई जा सकती है।

फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के अध्यक्ष और कैथ लैब के प्रमुख डॉ. अतुल माथुर ने बताया कि भारत में लोगों में दिल की बीमारियों का जोखिम क्यों बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ह्रहम मोटापे, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की एक खतरनाक तिकड़ी देख रहे हैं। ये तीनों स्थितियां समय के साथ धमनियों को चुपचाप नुकसान पहुंचाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अचानक ब्लॉकेज पैदा होता है। फिर भी, इस जोखिम को पलटा जा सकता है।

नियमित कसरत, वजन पर नियंत्रण, तंबाकू से परहेज, संतुलित खानपान और नियमित जांच दिल के दौरे के खिलाफ शक्तिशाली सुरक्षा कवच हैं। भारत को बीमारी का इलाज करने के बजाय उसकी रोकथाम की प्रवृत्ति विकसित करने की जरूरत है।

आपको बता दें हार्ट की परेशानी की वजह से वैश्विक स्तर पर हर साल करीब 2.05 करोड़ से ज्यादा लोगों की जान चली जाती है। इनमें से 85 फीसदी मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण होती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक सही समय पर जांच, इलाज और स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर लगभग 80 फीसदी मौतों को टाला जा सकता है।

धर्म-आस्था

सनातन ज्ञान को चुनौती नहीं, शोध की जरूरत

सनातन संस्कृति पर चर्चा होते ही हमारे समाज में दो तरह की प्रतिक्रियाएं दिखाई देती हैं। एक पक्ष अपने प्राचीन ज्ञान और परंपराओं को गर्व से देखता है, तो दूसरा पक्ष उसमें मौजूद हर बात को अंधविश्वास मानकर खारिज कर देना चाहता है। दोनों अतियां उचित नहीं हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी विरासत को न तो आंख बंद कर-के महान घोषित करें और न ही बिना अध्ययन किए उसे नकार दें।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

सनातन परंपरा की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक उसकी प्रश्न करने और ज्ञान की खोज करने की परंपरा रही है। वेद, उपनिषद, दर्शन, आयुर्वेद, गणित, खगोल संबंधी ग्रंथ और अनेक शास्त्रीय परंपराएं भारतीय बौद्धिक इतिहास की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। इसलिए इनका अध्ययन श्रद्धा के साथ-साथ तर्क, प्रमाण और शोध की दृष्टि से भी होना चाहिए। आज इंटरनेट के दौर में कुछ लोग प्राचीन ग्रंथों के श्लोकों को आधुनिक विज्ञान की खोजों से जोड़कर प्रस्तुत करते हैं। उदाहरण के लिए ऋग्वेद के दसवें मंडल के 149वें सूक्त के पहले मंत्र में पृथ्वी और आकाश के स्थायित्व तथा सूर्य से संबंधित काव्यात्मक वर्णन मिलता है। कुछ आधुनिक व्याख्याकार इसे गुरुत्वाकर्षण या ग्रहों की गति से जोड़ते हैं, जबकि उपलब्ध पारंपरिक और आधुनिक अनुवादों में इसका अर्थ इतना सीधा वैज्ञानिक सूत्र नहीं है।

इसी तरह ऋग्वेद के सूर्य सूक्त में सूर्य के प्रकाश और सात अश्वों का उल्लेख मिलता है। बाद की व्याख्याओं में इन सातों को सूर्य की किरणों या प्रकाश के सात रंगों से जोड़ा गया है। यह एक रोचक सांस्कृतिक और बौद्धिक व्याख्या है, लेकिन इसे आधुनिक प्रकाश-विज्ञान की प्रयोगशाला में सिद्ध किए गए नियम के समान प्रस्तुत करना अलग बात होगी। मूल मंत्र सूर्य के सात अश्वों की काव्यात्मक छवि प्रस्तुत करता है। सूर्य की गति से जुड़ा एक और प्रसिद्ध उदाहरण ऋग्वेद 1.50.4 की सायणाचार्य की व्याख्या है, जिसमें 2,202 योजन की दूरी को आधे निमेष में पार करने का उल्लेख मिलता है। आधुनिक गणना में अलग-अलग योजन और निमेष की मान्यताएं लेकर इसे प्रकाश की गति से जोड़ा जाता है। यह ऐतिहासिक अध्ययन का रोचक विषय जरूर है, लेकिन गणना की इकाइयों और व्याख्या की पृष्ठभूमि को स्पष्ट किए बिना इसे सीधे आधुनिक वैज्ञानिक प्रयोग का प्रमाण कहना उचित नहीं होगा।

गर्भ उपनिषद भी प्राचीन भारतीय चिंतन में भ्रूण-विकास के वर्णन का महत्वपूर्ण उदाहरण है। इसमें गर्भस्थ शिशु के विकास के विभिन्न चरणों का उल्लेख मिलता है। आधुनिक भ्रूण-विज्ञान इससे अलग वैज्ञानिक पद्धति, निरीक्षण और परीक्षण पर आधारित है। इसलिए दोनों के बीच समानताओं का अध्ययन किया जा सकता है, लेकिन समानता को सीधे आधुनिक विज्ञान की पूर्व खोज घोषित करने के बजाय शोध का विषय मानना अधिक उचित है।

यही दृष्टिकोण हमारी संस्कृति के प्रति वास्तविक सम्मान है। नालंदा का इतिहास भी हमें ज्ञान की रक्षा का महत्व समझाता है। नालंदा प्राचीन भारत का एक महान बौद्ध अध्ययन केंद्र था और वहां विशाल संख्या में पांडुलिपियां थीं। मध्यकालीन आक्रमणों में इसके पुस्तकालयों और परिसर को भारी क्षति पहुंची तथा पुस्तकालय के जलाए जाने का उल्लेख ऐतिहासिक स्रोतों में मिलता है। लेकिन इसे केवल किसी एक धर्म के प्रति घृणा या आधुनिक समुदायों के विरुद्ध आरोप का आधार बनाना इतिहास को वर्तमान संघर्ष में बदल देना होगा। हमारे पूर्वजों ने ज्ञान को केवल पुस्तकों में नहीं, बल्कि मौखिक परंपरा, स्मरण और गुरु-शिष्य परंपरा में भी सुरक्षित रखा। यही कारण है कि अनेक प्राचीन ग्रंथ पीढ़ियों तक जीवित रहे। यह हमारी सांस्कृतिक स्मृति की असाधारण शक्ति का प्रमाण है।

आज आवश्यकता किसी धर्म को दूसरे धर्म से श्रेष्ठ साबित करने की नहीं है। विज्ञान का काम किसी धर्म को चुनौती देना नहीं, बल्कि प्रकृति और संसार को प्रमाण, प्रयोग और तर्क के माध्यम से समझना है। धर्म और संस्कृति मनुष्य को मूल्य, दर्शन और जीवन-दृष्टि दे सकते हैं; विज्ञान भौतिक जगत के नियमों को जांचने की पद्धति देता है। दोनों को अनावश्यक संघर्ष में खड़ा करना हमारी समझ को ही सीमित करता है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,26,500 पाट- 2,26,600।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

अमित गोयनका अग्रवाल समाज अध्यक्ष, दीपक कोषाध्यक्ष



शुजालपुर। अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अमित गोयनका को अध्यक्ष, सतीश बल्लू बिंदल को उपाध्यक्ष, विनोद अग्रवाल को सचिव, अतीश अग्रवाल को सह सचिव और दीपक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नई कार्यकारिणी के गठन पर पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, मनीष लड्डू अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल सहित समाजजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

रक्तदान के महत्व से विद्यार्थियों को कराया जागरूक



शुजालपुर। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर मां शारदा सांदीपनि विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व, इसके लाभ और रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों की जानकारी देते हुए शपथ दिलाई गई। आईसीटीसी काउंसलर जया माहेश्वरी ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। दुर्घटना, गंभीर बीमारी, ऑपरेशन सहित विभिन्न चिकित्सकीय परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए जागरूक होना चाहिए। विद्यार्थियों को रक्तदान महादान, बचाए किसी की जान संदेश के माध्यम से रक्तदान के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग ऑफि सर सलोनी परमार, दीपक वघ, उमंग काउंसलर अरुणा परमार, उप प्राचार्य मुकेश नेमा, मनोज शर्मा सहित शिक्षक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

देवास में पहली बार गुजरात पैटर्न पर सजेगी माता टेकरी

देवास। नवरात्रि में माता टेकरी रात में रोशनी का खास आकर्षण रहेगी। पहली बार गुजरात के मंदिरों और गरबा पंडालों की तरह टेकरी को सजाया जा रहा है। बड़ी माता मंदिर से पहाड़ी हिस्से और परिक्रमा मार्ग तक अलग-अलग थीम पर लाइटिंग की गई है। रात होते ही पूरी टेकरी रंग-बिरंगी रोशनी से चमकने लगी है। बड़ी माता मंदिर पर खास थीम पर लाइटिंग है, जो मंदिर को खूबसूरत बना रही है। टेकरी के पहाड़ी हिस्से में भी थीम के अनुसार लाइटिंग की गई है। परिक्रमा मार्ग पर मल्टीकलर लाइटें लगाई गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को रात में पूरा रास्ता जगमगाता दिखेगा। नायब तहसीलदार और टेकरी प्रभारी कपिल गुर्जर ने बताया कि गुजरात के पैटर्न पर माता टेकरी को सजाया गया है। सजावट मंदिर परिसर तक सीमित नहीं, पहाड़ी हिस्से को भी लाइटिंग से सजाया गया है। टीम नवरात्रि तक इसे बेहतर करेगी। रात में पहाड़ी क्षेत्र चमकता दिखेगा, जो श्रद्धालुओं के लिए नया आकर्षण होगा।

अग्रवाल महिला मंडल की महिलाएं स्कूल यूनिफॉर्म में पहुंचीं

आगर मालवा। आगर मालवा में महाराजा अग्रसेन के 5150वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रवाल महिला मंडल के छह दिवसीय कार्यक्रमों की शुरूआत शुक्रवार को अग्रसेन वाटिका में हुई। पहले दिन स्कूल चले हम थीम पर टिफिन पार्टी आयोजित की गई। इसमें महिलाएं और बच्चे स्कूल गेटअप में सज-धजकर पहुंचे। महिलाओं ने यूनिफॉर्म और टीचर गेटअप में अपने स्कूली दिनों की यादें ताजा कीं। कार्यक्रम में बच्चों की कक्षा के अनुसार विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए फूलों की टोकरी, कक्षा 1 से 3 के लिए स्ट्रॉ बॉल, कक्षा 4 और 5 के लिए सिक्का गेम और कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए ह्वबोतल संतुलन गेम कराया गया। स्कूल चले हम थीम पर महिलाएं और बच्चे स्कूल गेटअप में पहुंचे।

नगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि जनसेवा का संस्कार भी है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती अवसर पर शुक्रवार को नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर पालिका शुजालपुर ने सिटी मंडी रोड स्थित गांधी पार्क में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया। साथ ही राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बापू के भजनों की प्रस्तुति के साथ ही अहिंसा को लेकर मंचन भी किया गया। इसी प्रकार भाजपा नगर मंडल शुजालपुर ने सेवा ही संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता गतिविधियां आयोजित कीं। शुरूआत गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि से हुई। पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सत्य, अहिंसा व स्वच्छता के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद जटाशंकर महादेव मंदिर परिसर में सफ ाई अभियान चलाया गया। नगर के विभिन्न वार्डों में भी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता गतिविधियों में सहभागिता की और नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने कहा गया कि स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि जनसेवा का संस्कार है। साथ ही पौधारोपण को आने वाली पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी बताते हुए स्वच्छ वातावरण, हरित क्षेत्र और स्वस्थ समाज के निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों से स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए स्वच्छ और हरित शुजालपुर के निर्माण में सहयोग का आह्वान किया गया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

महाविद्यालय में किया पौधारोपण कार्यक्रम

महात्मा गांधी जयंती पर स्थानीय महाविद्यालय में खिलाड़ियों एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों को सेवा संकल्प अभियान, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाजहित के कार्यों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। परिसर में पौधारोपण कर पौधों की देखभाल का संकल्प लिया गया।



लोहरवास में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश, पॉलीथिन मुक्त गांव की दिलाई शपथ

शाजापुर। जनभागीदारी, सेवा मेरा योगदान, जनभागीदारी से जनआंदोलन के तहत 2 अक्टूबर को ग्राम लोहारवास में झाड़ू लगाकर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी शाजापुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सोसायटी सदस्यों ने गांव में स्वच्छता का संदेश देते हुए ग्रामीणों को अपने घरों से लेकर चौराहों तक सफाई रखने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विष्णु नागर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रप्रकाश गुर्जर ने की। विशेष अतिथि संस्था सचिव कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी गायत्री वर्मा, रितु मेवाड़ा, संतोष जायसवाल, मोहन गुर्जर रहे। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छताकर्मियों का सम्मान किया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त गांव की शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि विष्णु नागर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को नमन करते हुए उनके जीवन और राष्ट्रसेवा के कार्यों को प्रेरणादायी बताया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की परिकल्पना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता तभी स्थायी रूप से सफल हो सकती है, जब इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी, संघर्ष, ईमानदारी और राष्ट्रसेवा की मिसाल है। देश के कठिन दौर में अनेक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपने कर्तव्य से कभी समझौता नहीं किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन वर्मा ने किया।

चंद्रलेखा नदी को संवारने उतरे नागरिक विधायक और कलेक्टर ने किया श्रमदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



नदियां किसी भी शहर की जीवन रेखा होती हैं और इन्हें सहेजना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी विचार को धरातल पर उतारते हुए शुक्रवार को शाजापुर का भीम घाट जनभागीदारी की एक शानदार मिसाल का गवाह बना। भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर की चंद्रलेखा नदी को प्रदूषण मुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए वृहद सफाई महाभियान का शुभारंभ किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने हाथों में हाथ डालकर श्रमदान किया।

क्षेत्र के विधायक अरुण भीमावद के नेतृत्व में शुरू हुए इस महाभियान में कलेक्टर ऋजु बाफना और एसडीएम मनीषा वास्कले ने भी पूरी सक्रियता से सहभागिता की। अभियान के दौरान भीम घाट और चंद्रलेखा नदी के आसपास के क्षेत्र में सघन सफाई अभियान चलाया गया। पानी और घाट पर जमा कचरे व पॉलिथीन को बाहर निकालकर नदी को स्वच्छ व निर्मल बनाने का प्रयास किया गया। आला अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को खुद सफाई करते देख वहां मौजूद कार्यकताओं और आम नागरिकों का उत्साह भी दोगुना हो गया।

प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर समस्या निराकरण की माँग

- पटवारी संघ ने दी 5 से आंदोलन की चेतावनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

स्वामित्व रजिस्ट्री एवं निष्पादन योजना से जुड़े कार्यों में आ रही तकनीकी एवं व्यवहारिक समस्याओं और पटवारियों पर की गई कार्रवाई को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। संघ द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निराकरण के साथ पटवारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई वापस लेने की मांग की जाएगी।

संघ जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया के अनुसार योजना से जुड़े कई कार्य ऑनलाइन पोर्टल, ओटीपी, आधार, समग्र, वेब जीआईएस सहित विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं और कृषकों की सहभागिता पर निर्भर हैं। ऐसे में केवल पटवारियों को लक्ष्यपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना व्यावहारिक नहीं है। संघ का कहना है कि इन समस्याओं से पूर्व में भी प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। संघ ने कहा है कि यदि पटवारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई वापस नहीं ली गई और समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो 5 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।

सेवा मेरा योगदान के तहत समस्त आंगनवाडी केन्द्रों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



शाजापुर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा मेरा योगदान के तहत जिले के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त आंगनवाडी केन्द्रों पर शुक्रवार को हुए कार्यक्रम में महिलाओ और बच्चो द्वारा फलदार, छायादार, पोष्टिक सब्जियों के पौधे लगाए गए। सहायक संचालक नीलम चौहान द्वारा आंगनवाडी केंद्र खेडापहाड़ में सरपंच मधुरूप सिंह राजपूत की मौजूदगी में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत आयोजित गतिविधि में सम्मिलित होकर महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को शाजापुर जिले के नवाचार घर में पकायेंगे- घर का खायेंगे की जानकारी देते हुए स्थानीय स्थानीय पौष्टिक खाद्य पदार्थों की जानकारी दीएवं बच्चो एवं महिलाओं के अधिकारों, कानूनों के बारे में बताया गया एवं पोषण वाटिका में पौधारोपण किया गया। इस दौरान ग्राम सचिव रामप्रसाद कुम्भकार, रोजगार सहायक पवन नायक, महिला एवं बाल विकास के शिवलाल गेहलोत, आंगनवाडी कार्यकर्ता मंजू नायक, किरण सौराष्ट्रीय, सहायिका पूजा बाई, आशा कार्यकर्ता पार्वती नायक महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।



भक्तों से अभद्रता की तो होगी कार्रवाई

बिना अनुमति दुकान-पार्किंग वालों पर भी होगा एक्शन, 100 कैमरे लगाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास


नवरात्रि में माता टेकरी पर भीड़ के लिए प्रशासन ने बेहतर व्यवस्थाएं करने की योजना बनाई। कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोद ने रसलपुर बायपास से टेकरी तक निरीक्षण किया। निरीक्षण में ट्रैफिक, पार्किंग और श्रद्धालु सुविधा पर जोर रहा।

रसलपुर बायपास पर बन रहे ब्रिज से ट्रैफिक दबाव बढ़ सकता है। प्रशासन ने ब्रिज के पास वैकल्पिक मार्ग बनाने का फैसला किया। मार्ग पर लाइटिंग भी होगी, ताकि रात में दिक्कत न हो। वाहनों की पार्किंग के लिए शहर में सात-आठ बड़ी पार्किंग बनेंगी। सुरक्षा के लिए टेकरी और आसपास 100 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। कंट्रोल रूम से बायपास और शहर के मुख्य स्थानों पर नजर रहेगी। कलेक्टर ने साफ किया, श्रद्धालु सुविधा में बाधा बर्दाश्त नहीं होगी। अवैध दुकान या गलत पार्किंग पर कार्रवाई होगी।

देवास के रसलपुर बायपास पर 200 टन वेस्ट मटेरियल मिला

8 टन ड्रम और दवा जैसा पाउडर भी मिले, गोदाम सील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास के रसलपुर बायपास पर शनिवार को नगर निगम ने अवैध रूप से वेस्ट मटेरियल जमा करने के मामले में कार्रवाई की। करीब 1 लाख स्क्वायर फीट के गोदाम में 200 टन वेस्ट मटेरियल मिला। इसमें प्लास्टिक, कागज और मेडिकल वेस्ट शामिल था। परिसर में केमिकल से भरे ड्रम और दवा जैसा पाउडर भी मिला है। निगम ने पूरे गोदाम को सील कर दिया है।

शनिवार दोपहर नगर निगम के अधिकारी रवि कृष्ण गोयनार और स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते टीम के साथ मौके पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान गोदाम में बड़ी मात्रा में वेस्ट मटेरियल बिखरा मिला। जांच के दौरान परिसर में करीब 8 टन केमिकल से भरे ड्रम भी मिले। कुछ ड्रमों में कैप्सूल और दवा जैसा दिखने वाला पाउडर मौजूद था। गोदाम में एक ट्रक भी खड़ा मिला। फिलहाल यह पता लगाया जा रहा है कि केमिकल और पाउडर किस तरह के हैं और उनका इस्तेमाल किस काम में किया जाना था।

नगर निगम ने कार्रवाई के बाद पूरे परिसर को सील कर दिया है। अब वेस्ट मटेरियल, केमिकल और दवा जैसे पाउडर के संबंध में आगे की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इनके स्रोत और उपयोग के बारे में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

फैक्ट्री लगाने के लिए लीज पर ली थी जगह

शुरूआती जांच में सामने आया है कि गोदाम के मालिक इंदौर के रहने वाले हैं। बताया गया है कि जगह फैक्ट्री लगाने के लिए लीज पर ली गई थी, लेकिन मौके पर बड़ी मात्रा में वेस्ट मटेरियल और केमिकल जमा मिला।

जिले में सद्भावना शिविर व स्वच्छता अभियानों का आयोजन, विधायक भीमावद हुए शामिल



शाजापुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मोहन बड़ोदिया ब्लॉक के ग्राम उस्मानखेड़ी में अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर लगाया गया। वहीं ग्राम अभयपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साफ-सफाई की गई। इस दौरान विधायक अरुण भीमावद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया के आतिथ्य में संपन्न हुए सद्भावना शिविर में सामाजिक समरसता और समानता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में समाज में सकारात्मक संदेश देने वाले और अंतर्जातीय विवाह करने वाले दो दंपत्तियों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। साथ ही, अस्पृश्यता उन्मूलन पर हुई निबंध और भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में पौधारोपण, साफ-सफाई के साथ ही सामूहिक भोज का भी आयोजन हुआ। वहीं दूसरी ओर स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शौर्य और समर्पण आजीविका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों ने अभयपुर स्थित अपने कार्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। दोनों संस्थाओं के सीईओ और बीओडी सदस्यों ने मिलकर श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने गांव, शहर और देश को स्वच्छ रखने तथा इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ ली।

नकद भुगतान नहीं मिलने पर किसानों ने किया चक्काजाम

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा में शनिवार को फसल बेचने के बाद नकद भुगतान नहीं मिलने से नाराज किसानों ने छावनी नाका चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक किसान सड़क पर बैठे रहे। इससे हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

किसानों का कहना था कि कृषि उपज मंडी में फसल बेचने के बाद उन्हें तत्काल नकद भुगतान चाहिए। व्यापारियों द्वारा बैंक पासबुक लाने और राशि खाते में ट्रांसफर करने की बात कही जा रही है। किसानों ने कहा कि खेती-किसानी के काम, ट्रैक्टर-ट्रॉली का भुगतान और अन्य जरूरी खर्चों के लिए नकदी की जरूरत होती है। खाते में राशि आने के बाद उसे निकालने के लिए भी उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है।

चक्काजाम की सूचना पर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम कमल मंडलोई और एसडीओपी नीलम बघेल ने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या सुनी। एसडीएम ने किसानों को आश्वासन दिया कि दोपहर 2 बजे तक नकद भुगतान की व्यवस्था कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर में लगी आग

अकोदिया। मदाना गांव के बड़ली मोहल्ले में शुक्रवार दोपहर ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग से जुड़ी केबलें और तार जलकर खाक हो गए। बिजली कंपनी ने 2 घंटे में इलाके की बिजली सप्लाई चालू की। यह घटना बड़ली मोहल्ले में स्कूल के पास दिलीप पुष्पद की दुकान के सामने ट्रांसफार्मर पर हुई। दोपहर करीब 12 बजे लोगों ने धुआं और लपटें देखीं। सूचना पर कर्मचारी श्रवण कुमार सिंह और नरेंद्र राठौर ने खराब केबलों को बदला। दोपहर 2 बजे तक बिजली फिर से चालू कर दी गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह पहली घटना नहीं है। बिजली कंपनी ने बताया कि ओवरलोड बार-बार आग लगने की वजह है। सर्दियों में इंडक्शन चूल्हे, हीटर भारी बिजली उपकरणों के ज्यादा इस्तेमाल से ट्रांसफार्मर पर भार बढ़ता है, जिससे केबलें गर्म होकर जल जाती हैं।

गाँव की कक्षाओं से सीधे मोगली के जंगलों तक, शाजापुर के 4 होनहारों ने जीती जिला स्तरीय क्विज, पेंच नेशनल पार्क के लिए चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



प्रकृति की गोद और घने जंगलों के बीच बसे पेंच नेशनल पार्क के रोमांच का सपना अब जिले के चार मेधावी विद्यार्थियों के लिए हकीकत बनने जा रहा है। गांव की पगडंडियों और स्कूल की कक्षाओं से शुरू हुआ ज्ञान का यह सफर जिला मुख्यालय पर अपनी शानदार मंजिल तक पहुंच गया। पर्यावरण और सामान्य ज्ञान की कठिन कसौटी पर खरे उतरते हुए शाजापुर और शुजालपुर के चार होनहारों ने मोगली बाल महोत्सव की जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में बाजी मार ली है।

स्कूली छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्राकृतिक और भौगोलिक सौंदर्य का करीब से अहसास कराने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रतियोगिता आयोजित की थी। शाला और विकासखंड स्तर की कड़ी स्पधाओं को पार कर उत्कृष्ट उ.मा.वि. क्रमांक-1 में जिला स्तरीय फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें जिले के शाजापुर, मो. बड़ोदिया, शुजालपुर और कालापीपल विकासखंडों से चुनकर आए जूनियर वर्ग के 6 और सीनियर वर्ग के 8 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। क्विज मास्टर के रोचक और चुनौतीपूर्ण सवालों का पूरी बेबाकी से जवाब देते हुए बच्चों ने अपनी कुशाग्रता का परिचय दिया।

प्रतियोगिता का सफल और आकर्षक संचालन क्विज मास्टर संजय सोनी तथा माखनलाल धानुक ने किया। विजेता बच्चों की इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर और उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य हेमेंद्र यादव ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए जिला योजना अधिकारी दीपक शर्मा, रविंद्र वर्मा, लोकेश राठौर, दिलीप जायसवाल, दिनेश परमार, सरिता पाटीदार मौजूद रहे।

इन धुरंधरों ने पक्की की सिवनी की टिकट

इस बौद्धिक मुकाबले में सीनियर वर्ग से शुजालपुर विकासखंड के सुमित पुष्पद और कु. अंजलि प्रजापति ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, जूनियर वर्ग में शाजापुर विकासखंड के शिवम प्रजापति और कु. निकिता कुशवाह ने अपनी प्रतिभा का डंका बजाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब यह चारों विजेता विद्यार्थियों का दल इसी महीने अक्टूबर 2026 पेंच राष्ट्रीय उद्यान सिवनी में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय आयोजन में शाजापुर जिले का प्रतिनिधित्व करेगा।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अफसर पिता अब्दुल रहमान ग्राम जांदला तहसील बडनगर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे कमांक 817/1, 903/1/1, 903/2/1, 903/3/1, 904/1/1, 819, 901 कुल किता 07 कुल रकबा 4.240 हे. स्थित गाम जांदला का क्रय करने का सौदा तय कर सौदा चिट्ठी निष्पादित कर बयाना राशि मेरे पक्षकार द्वारा प्रदान कर दी गयी है तथा शीघ्र ही भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत होना है।

अतः यदि उक्त सम्पत्ति में किसी व्यक्ति, संस्था, निजी ऋणदाता, बैंक, वित्तीय संस्था का किसी भी प्रकार से ऋण भार हो, मुख्त्यारनामा, अनुबंध, रहननामा हो या उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार का न्यायिक या पारिवारिक विवाद हो तो वह सुचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार अनुर्बाधित कृषि भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित एवं पंजीकृत करावेगे जिसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। दिनांक- 03/10/2026

कमलसिंह पडिहार अभिभाषक
न्यायालय परिसर बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.)
मोबाईल नम्बर 9406660991

मनावर में कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

मनावर। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी के निर्देशानुसार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी एवं धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री स्वतंत्र जोशी जी के आह्वान पर आज मनावर नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति महोदया के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील स्टार चौहान ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। कांग्रेस की ओर से मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तथा चुनावी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है। सुनील चौहान ने कहा कि जब देश के जननायक एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर सवाल उठा रहे हैं, तो उन सवालों का तथ्यात्मक जवाब संबंधित संवैधानिक संस्था की ओर से सामने आना चाहिए। यदि जवाब देने के बजाय राजनीतिक दलों के नेता जवाब देते नजर आएं, तो जनता के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है। जनता लोकतंत्र में पारदर्शिता और निष्पक्षता चाहती है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी लगाए गए आरोपों और दावों की निष्पक्ष जांच तथा तथ्यात्मक स्थिति जनता के सामने स्पष्ट होना आवश्यक है। लोकतंत्र में मतदाता का विश्वास सर्वोच्च है और चुनावी प्रक्रिया पर जनता का भरोसा बनाए रखना सभी संस्थाओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया जी एवं मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार जी भी जनहित एवं लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क से विधानसभा और विधानसभा से संसद तक लोकतांत्रिक अधिकारों एवं जनता की आवाज के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देशभर से पहुंचे कवि

उज्जैन। सवैया सम्राट स्व. दुलेसिंह सिकरवार की स्मृति में आयोजित 19वां सेवा सम्मान एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन गुरुवार रात पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल, कालिदास संस्कृत अकादमी में हुआ। रात करीब 8 बजे शुरू हुई काव्य संध्या में देश के विभिन्न शहरों से पहुंचे कवियों ने हास्य-व्यंग्य, वीर रस, ओज, श्रृंगार, गीत और गजल की प्रस्तुतियों से देर रात तक श्रोताओं को बांधे रखा। रचनाओं पर सभागार तालियों और ठहाकों से गूंजता रहा। समारोह में कोटा के सुप्रसिद्ध गीतकार जगदीश सोलंकी को स्व. दुलेसिंह सिकरवार स्मृति सम्मान 2026 प्रदान किया गया। उन्हें सम्मान के साथ अभिनंदन पत्र भी भेंट किया गया। वहीं अखिल विश्व क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. जोगेंद्रसिंह भदौरिया का भी सम्मान किया गया। कवि सम्मेलन में हास्य-व्यंग्य की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। एक कवि ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति और भारतीय युवाओं के मोबाइल रिचार्ज पर चुटीला व्यंग्य करते हुए कहा कि जितना पाकिस्तान का सालाना बजट है, उतना तो भारत में लड़के-लड़कियां मोबाइल में रिचार्ज करवा देते हैं।

परीक्षण कर पात्रता अनुसार नाम जोड़ने के दिए निर्देश

इंदौर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचक नामावली के निरंतर अद्यतन तथा पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि अभियान के तहत पात्र मतदाताओं को चिन्हित कर उनके नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने की कार्यवाही निर्धारित अवधि में प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित की जाए। बैठक में इंदौर से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिवम वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान विभिन्न कारणों से निर्वाचक नामावली से विलोपित किए गए मतदाताओं के प्रकरणों का पुन: परीक्षण कर पात्रता के अनुसार उनके नाम सम्मिलित किये जायें।

ग्रामीणों को उपलब्ध कराई गई नि:शुल्क जांच एवं उपचार

इंदौर। नागरिकों को सुलभ, सहज एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मानपुर ब्लॉक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। डॉ. अम्बेडकर नगर महू की विधायक उषा ठाकुर ने स्वास्थ्य शिविर का भ्रमण किया तथा वहां उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में स्वास्थ्य जांच एवं उपचार के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की।

पश्चिम रेलवे – दाहोद
निविदा सूचना संख्या : M247GLRSITCAC262726
दिनांक : 01.10.2026
कार्य का नाम : इलेक्ट्रीक लोकोमोटिव में एयर कंडीशनर की स्थापना, परीक्षण एवं कमीशनिंग, जिसमें ट्रफ व्यवस्था एवं डमी प्लेट की आपूर्ति एवं फिटमेंट शामिल है, **स्थान** : मु.का.प्र./दाहोद प. रेलवे कार्यालय, **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹2,02,77,920/-, **बयाना राशि** : ₹4,05,600/-, **ई-निविदा जमा करने तथा खुलने की दिनांक तथा समय** : ई-निविदा जमा करने की नियत दिनांक तथा समय 23.10.2026 को 14:30 बजे तक तथा ई-निविदा उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। **निविदा सूचना तथा प्रपत्र उपलब्धता : www.ireps.gov.in / E-Tenders / Works / IR Electrical.**
ADM/17/1/277
Follow us on: twitter.com/WesternRly

सीवरेज लाइन की खुदाई के दौरान पाइपलाइन फूटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




चौबीस खंबा माता मंदिर से हरसिद्धि की पाल की तरफ जाने वाले मार्ग पर पीएचई की पेयजल पाइपलाइन फूटने की वजह से सड़क पर पानी बहने लगा और नालियों की गंदगी सड़क पर जमा हो गई और गंदगी व बदबू से लोगों का बुराहाल हो गया। सूचना मिलने पर पीएचई की टीम मौके पर पहुंची और पाइपलाइन को सुधारने का कार्य शुरू किया गया । चौबीस खंबा माता मंदिर से हरसिद्धि की पाल तरफ जाने वाले मार्ग पर सड़क के साथ ही सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है ऐसे में यहां की सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए हैं और इसी खुदाई के दौरान यहां पेयजल पाइपलाइन डैमेज हो गई और पाइप लाइन फूटने से पानी प्रेशर के साथ सड़क पर बहने लगा और नालियां ओवर फ्लो हो गई और नालियों की गंदगी सड़क पर जमा हो गई।

चौबीस खंबा से हरसिद्धि पाल की तरफ जाने वाले जिस मार्ग पर पाइपलाइन फूटी उस पर हमेशा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का अधिक दबाव रहता है वही महाकाल सहित हरसिद्धि व रामघाट जाने के लिए श्रद्धालु इसी मार्ग का उपयोग करते हैं ऐसे में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और आते जाते समय उन्हें गंदगी का सामना करना पड़ा। पीएचई की टीम ने काफी मशक्कत के बाद पाइप लाइन में हुए डैमेज को सुधारा। शहर में कई जगह सड़क चौड़ीकरण के साथ ही सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जा रही है इसके पहले भी कई जगह की पेयजल पाइपलाइन खुदाई के दौरान डैमेज कर दी गई थी जिससे क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बन गई थी और अब चौबीस खंबा से हरसिद्धि पाल की तरफ भी पाइपलाइन फूट गई ।

क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था हुई प्रभावित

बताया जाता है कि गुदरी टंकी से इस पाइपलाइन द्वारा क्षेत्र में सप्लाई होता है और यह 12 इंची की पाइपलाइन है जो की खुदाई के दौरान डैमेज हो गई थी इस पाइपलाइन के डैमेज होने के कारण क्षेत्र में पेयजल सप्लाई की व्यवस्था भी प्रभावित हुई कई जगह लोगों के घरों में नलों से पानी नहीं आया और कई जगह कम प्रेशर के साथ नालों से पानी पहुंचा। तथा पाइपलाइन डैमेज होने की वजह से कई पानी व्यर्थ बह गया।

महिदपुर की सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग

किसानों की समस्याओं को लेकर विधायक ने किया विरोध प्रदर्शन

महिदपुर। क्षेत्र में लगातार कम वर्षा के कारण किसानों के सामने उत्पन्न हो रही परिस्थितियों को लेकर महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस ने शनिवार को तहसील कार्यालय के बाहर किसानों व कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। विधायक ने प्रशासन के समक्ष महिदपुर तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने की कार्रवाई किए जाने तथा नदी, नाला डेम के गेट तत्काल बंद किए जाने की मांग रखी। इस बाबत एक ज्ञापन जिलाधीश महोदय के नाम तहसीलदार संतुष्टि पाल को दिया गया।

विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा कि महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में इस वर्ष अपेक्षाकृत कम वर्षा होने के कारण किसानों को आने वाले समय में पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए किसानों की चिंता को दूर करने के लिए प्रशासन को समय रहते आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने कहा कि अल्पवर्षा के कारण खेतों में फसलों और सिंचाई व्यवस्था को लेकर किसानों के सामने कठिन परिस्थितियां उत्पन्न हो रही हैं। यदि समय रहते जल संरक्षण और उपलब्ध पानी के समुचित उपयोग के संबंध में निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में किसानों की परेशानी बढ़ सकती है।

विधायक ने प्रशासन से मांग की कि महिदपुर तहसील की वर्तमान वर्षा एवं कृषि संबंधी स्थिति का तत्काल आकलन कराया जाए और नियमानुसार तहसील को सूखाग्रस्त घोषित करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही किसानों के हित में उपलब्ध जल को सुरक्षित रखने के लिए नदी, नाला डेम के गेट तत्काल बंद करने की कार्रवाई की जाए। विधायक ने कहा कि किसानों की समस्याओं को केवल ज्ञापन तक सीमित नहीं रखा जा सकता। प्रशासन को मौके की स्थिति को देखते हुए निर्णय लेना होगा और किसानों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारीगण, ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के किसान बंधु उपस्थित रहे। विधायक दिनेश जैन बोस ने किसानों के हित और क्षेत्र में उपलब्ध जल के संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि किसानों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए मामले में अनावश्यक विलंब नहीं किया जाना चाहिए।

13 साल के आदित्य दलोदिया द्वारा लिखी जापान की चर्चित मांगा का पहला वाल्यूम (पुस्तक) राइजिंग ऑफ देथ का आज लोकार्पण

उज्जैन। क्रिस्ट ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में 8वीं क्लास के छात्र 13 वर्षीय आदित्य दलोदिया ने इतनी कम्र उम्र में जापान की चर्चित मांगा की पहली किताब राइजिंग ऑफ देथ लिखी है। इस किताब के मुख्य पात्र रोबिन सहित अन्य पात्रों के स्कैच स्वयं बनाकर इस कहानी के सभी संवादों के साथ लगभग 200 पेज की यह मांगा प्रकाशित हुई है, आदित्य के पिता आनंद दलोदिया, वायनाड केरल में प्रशासनिक अधिकारी पदस्थ हैं। इस किताब का लोकार्पण 4 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कालिदास अकादमी के सभागार में होगा।

इस किताब में आदित्य ने मांगा वाल्यूम के मुख्य पात्र रोबिन और जोरलुक के हैरत अंगेज कारनामों का जिक्र सहित पूरी किताब आदित्य ने ही डिजाइन की है। यही नहीं किताब का कवर पेज भी उसी ने तैयार किया है। हर पात्र के डायलाग भी आदित्य ने ही लिखे हैं। पूरी किताब के लिये स्पेशल पेन और कागज विदेश से आयात किया गया है। आदित्य को कम उम्र से ही ड्राइंग का शौक रहा। उसने इस मांगा किताब में कैरेक्टर राबिन को लेगुस सिटी अफ्रीका की यात्रा के दौरान उज्जैन स्थित टॉवर का जिक्र और चित्रण किया गया है। यह किताब लिखने की स्वप्रेरणा एनिमे कैरेक्टरस के प्रति लगाव से मिली। वह अपनी मम्मी पूजा दलोदिया और पापा आनंद दलोदिया से कहता रहता था मैं भी मांगा सीरीज की किताब लिखूंगा।

बेटे की इस इच्छा का उन्होंने सम्मान किया और इस तरह से यह किताब प्रकाशित हुई। इस किताब के लिये लगने वाले विशेष पेन और कागज के लिये विशेष ख्याति प्राप्त विजिवल आर्टिस्ट श्री अक्षय अमेरिया जी ने मार्गदर्शन दिया है। किताब पर भविष्य में एनिमेटेड मूवी भी बनाने की तैयारी चल रही है। यह किताब ऑनलाइन प्लेटफार्म अमेजन पर भी उपलब्ध है। इस किताब की अन्य सीरिज पर किताबें लिखने की तैयारी आदित्य ने शुरु कर दी है। यह पहली किताब उज्जैन के ही ऋषि मुनि प्रकाशन ने प्रिंट की है।

13 वर्षीय आदित्य दलोदिया की किताब राइजिंग ऑफ डेथ का लोकार्पण समारोह 4 अक्टूबर रविवार को कालिदास अकादमी के सभागृह में सुबह 11 बजे होगा। समारोह के अध्यक्ष श्री वरुण गुप्ता (ष्ठद्बह्वद्गष्ह्लश्रह्म शद्ध ड्ड्न्न), मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र भाटिया (डायरेक्टर ऑफ डिजाइन आईफा, इंदौर), विशिष्ट अतिथि मदर ट्रेसा (मैनेजर क्रिस्ट ज्योति कॉन्वेंट स्कूल) और गेस्ट ऑफ ओनर श्री अमित यादव (डिप्टी डायरेक्टर संस्कृति संचालनालय भोपाल) रहेंगे।

सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष उप निर्वाचन में भाजपा की जीत

उज्जैन। आगर-मालवा जिले के सुसनेर तहसील मुख्यालय नगर परिषद अध्यक्ष उप निर्वाचन में भाजपा ने जीत दर्ज की है। अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री प्रदीप बद्रीलाल सोनी को 5663 मत एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री विष्णु प्रसाद पाटीदार को 4703 मत प्राप्त हुए। रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती देव कुंवर सोलंकी ने राउंड वार मतगणना परिणाम की घोषणा की। नगर परिषद अध्यक्ष के उप निर्वाचन के लिए 29 सितम्बर को हुए मतदान की मतगणना शनिवार को आईटीआई सुसनेर में सम्पन्न हुई। रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती देव कुंवर सोलंकी ने राउंड वार मतगणना परिणाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि नगर परिषद के अध्यक्ष पद के उप निर्वाचन में भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी प्रदीप बद्रीलाल सोनी को 5663 मत एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री विष्णु प्रसाद पाटीदार को 4703 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार श्री प्रदीप बद्रीलाल सोनी नगर परिषद सुसनेर के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद लक्ष्मी राहुल सिसौदिया के त्यागपत्र से रिक्त हुआ था।

'मोहन से महात्मा' प्रस्तुति ने कठपुतलियों के माध्यम से जीवंत की गांधीजी की जीवन-यात्रा

उज्जैन। भारतीय ज्ञानपीठ, माधव नगर में विद्यार्थियों के लिए वाराणसी के क्रिएटिव पपेट थिएटर ट्रस्ट के निदेशक एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कठपुतली कलाकार श्री मिथिलेश दुबे द्वारा प्रसिद्ध कठपुतली नाटक 'मोहन से महात्मा' का प्रभावी प्रदर्शन किया गया।

उनके निर्देशन में प्रस्तुत इस कार्यक्रम में लगभग 150 कठपुतलियों के माध्यम से महात्मा गांधी के बचपन से लेकर उनकी संपूर्ण जीवन-यात्रा को बखूबी प्रस्तुत किया गया। इस रोचक प्रस्तुति में गांधीजी के इंग्लैंड जाने के समय अपनी माता को दिए वचन, लंदन में शिक्षा, दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के अनुभव, गांधीजी की बकरी, चंपारण आंदोलन, सत्याग्रह, असहयोग एवं स्वदेशी आंदोलन, चरखे का महत्व, नमक आंदोलन, डांडी मार्च, 'करो या मरो' आंदोलन, जेल यात्रा, भारत की आजादी तथा गांधीजी की मृत्यु तक के प्रसंगों को कठपुतलियों के माध्यम से रोचक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंच पर एक के बाद एक प्रसंगों के सजीव प्रस्तुतिकरण के दौरान विद्यार्थियों की तालियों का क्रम लगातार बना रहा। कठपुतलियों की गतिविधियों, संवाद, संगीत और मंचीय प्रस्तुति ने बच्चों को पूरे कार्यक्रम से जोड़े रखा। विद्यार्थियों ने प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया और साथ ही गांधीजी के सत्य, असहयोग तथा सामाजिक समरसता जैसे विचारों का संदेश भी प्राप्त किया।

चौडीकरण में प्रभावित 53 परिवारों को पंवासा में मिले भूखंड

उज्जैन। सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत दो तालाब (शिंदे नर्सिंग होम) से शांति नगर मुख्य मार्ग (महावीर मार्ग) तक प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण कार्य से प्रभावित 53 परिवारों के पुनर्वास की दिशा में नगर निगम ने पहल की है। इन परिवारों को पंवासा स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में भूखंड आवंटित करने के लिए लाटरी की गई है। शनिवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित पंडित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में महापौर मुकेश टटवाल की उपस्थिति में पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया आयोजित की गई। लॉटरी के माध्यम से सभी 53 प्रभावित परिवारों को भूखंड आवंटित किए गए। लॉटरी प्रक्रिया के पश्चात सभी प्रभावित परिवारों को पंवासा स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी का अवलोकन भी कराया जाएगा, जिससे वे वहां उपलब्ध सुविधाओं एवं आवासीय व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर सकें।

डीएफओ को मिली सूचना,डिप्टी रेंजर ने अवैध लकडी से भरा वाहन पकडा

उज्जैन। शनिवार को वन विभाग ने एक कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से लकडी का परिवहन करने के मामले में वाहन पकडा है। अवैध परिवहन के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में प्रकरण दर्ज करते हुए वाहन जब्त कर वन विभाग के नागझिरी डिपो में लकडी सहित रखा गया है। शनिवार अपरांह् वन मंडल अधिकारी अनुराग तिवारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना में बताया गया था कि वाहन वाहन क्रमांक एमपी 13 2376 को अवैध रूप से आम एवं बबूल की लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। वाहन लकडी भरकर उज्जैन की ओर आ रहा है। वन मंडल अधिकारी के निर्देश पर तुरंत डिप्टी रेंजर अनिल सेन ने वाहन को मक्सी रोड औद्योगिक क्षेत्र से घेरा बंदी कर जब्त किया एवं वाहन में सवार मेहरबान चौहान निवासी ग्राम बडोदिया को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी के पास संबंधित आम एवं बबूल की लकडी का परिवहन पास होना सामने नहीं आया है। डिप्टी रेजर सेन के अनुसार जब्त वाहन को लकडी सहित विभाग के नागझिरी डिपो में रखवाया गया है। अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

बीईओ कार्यालय एवं कन्या शिक्षा परिसर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

धार। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और शासकीय योजनाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना द्वारा विभिन्न शासकीय संस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मीना ने तिरला स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान, प्राथमिक विद्यालय, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय तथा कन्या शिक्षा परिसर का दौरा कर वहां की व्यवस्थाओं, सुविधाओं एवं सेवाओं की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने शासकीय उचित मूल्य दुकान पर खाद्यान्न वितरण की स्थिति, स्टॉक रजिस्टर एवं हितग्राहियों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने राशन का पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। इसके पश्चात प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, शैक्षणिक स्तर तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। बीईओ कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों के समय सीमा में निपटारे तथा शिक्षकों की उपस्थिति से संबंधित अभिलेखों को देखा। उन्होंने कार्यालय के मेंटेनेंस तथा साफ सफाई के निर्देश दिए। वहीं, कन्या शिक्षा परिसर में छात्राओं को मिल रही आवासीय सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता एवं भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बालिकाओं से संवाद कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया । साथ ही भविष्य में वे क्या बनाना चाहती है। यह भी जानकारी ली। ओर बेहतर भविष्य हेतु प्रेरित कर उन्हें शुभकामनाएं दी।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भुमि स्वामी कैलाश बाई पति हाकम जी निवासी एवं कृषक ग्राम धन्नाखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व अधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नंम्बर 265/1/1/2/2/2 का रकबा 0.38 हेक्टयर मे से 0.06 हेक्टयर सर्वे नम्बर 265/1/1/2/1 का रकबा 0.10 आरे कुल किता 02 कुल रकबा 0.16 हैक्टयेर, स्थित ग्राम-धन्नाखेडी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित होकर मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा कर किया गया है जिसकी बयाना राशि मेरे पक्षकार केता ने अदा कर अपने नाम की सोदा चिटठी एवं अनुबंध पत्र तैयार करवा लिया गया है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा अपने हित में विक्रय पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो।

दिनांक 03/10/2026 स्थान-घट्टिया

शादाब मंसूरी सर्विस प्रोवाईडर एण्ड स्टाम्प वेन्डर
कार्यालय तहसील परिसर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन
मो. 8878601187-8770092900

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को पून: सूचित किया जाता है कि मेरा छोटा पुत्र सावन सोनी विगत 2 वर्ष पूर्व से अपनी स्वेच्छा से हमारे परिवार से पृथक निवास कर रहा है व दिनांक 21/06/2022 को घर छोडकर जाने के बाद वह अपने घर कभी नही आया व बाहर उसके कामकाज, लेनदेन की कोई जानकारी हमे नही होने से तथा मेरे पुत्र मेरे कहने, नियंत्रण में नही होने के कारण मेने अपने परिवार सहित सावन सोनी को अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है ओर उससे अपने सभी प्रकार के पारिवारिक, सामाजिक ओर कानूनी रिश्ते-नाते हमेशा के लिए तोड लिए है मेरे एवं मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से उसका कोई सम्बन्ध नही है किसी प्रकार का आर्थिक, सामाजिक, व्यावयायिक अथवा भविष्य में किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन, ऋण, उधारी, गारंटी, अनुबंध, वाद विवाद, न्यायिक अथवा अन्य किसी भी कार्यवाही के लिए वे स्वयं जवाबदार, उत्तरदायी होगा। मेरा पुत्र कहा रहता है उसकी कोई जानकारी नही है व उससे हमारा कोई सम्बन्ध नही है उसके लेन-देन से उसके द्वारा किये गये कार्यो से हमारा कोई लेना-देना नही है यदि कोई व्यक्ति, संस्था, बैंक, अथवा अन्य कोई पक्ष इनके साथ किसी प्रकार का व्यवहार करता है तो वह स्वयं के जोखिम एवं जवाबदारी पर करेगा। उनके किसी भी कार्य व्यवहार, लेन-देन वाद-विवाद के लिए मेरे या मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जवाबदारी, उत्तरदायित्व नहीं रहेगा। सो विदित हो।

किरण सोनी पति सत्यनारायण सोनी
निवासी - टी-13 नागेश्वरधाम कॉलोनी, बड़नगर
जिला उज्जैन म.प्र.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी दीप्ती उथरा पति जितेश उतरा निवासी 37, गांधी मार्ग, महिदपुर व जानी बाई पति श्री रामचन्द्र जाति बलाई व जीवन सिंह आँजना पिता शंकरलाल निवासी व कृषक ग्राम ढाबला वेली तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 36 रकबा 1.19 हेक्टर,सर्वे नम्बर 47 रकबा 0.80 हेक्टर,सर्वे नम्बर 48 रकबा 0.75 हेक्टर, सर्वे नम्बर 43 रकबा 2.04 हेक्टर भूमि कुल किता 04 कुल रकबा 4.78 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम ढाबलावेली तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्टी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋ्रण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 01-10-2026

राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)
तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07 ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन
मो. 8719997462,9584898788

न्यूज-कॉलम

सांसद सुधीर गुप्ता बने रेलवे संबंधी स्थायी समिति के चेयरमैन



मंदसौर। केंद्र सरकार द्वारा मंदसौर संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता को संसद की अत्यंत महत्व पूर्ण रेलवे संबंधी स्थायी समिति का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व कॉरपोरेट विधियां विधेयक से संबंधित संयुक्त संसदीय समिति में उनके उत्कृष्ट कार्य और दीर्घ संसदीय अनुभव को देखते हुए केंद्र सरकार ने उन्हें यह राष्ट्रीय स्तर का नया दायित्व सौंपा है। यह समिति रेल मंत्रालय के कामकाज, बजट, नीतियों, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा तथा विकास परियोजनाओं की गहन समीक्षा करती है। नवीन दायित्व मिलने पर सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस पद पर पूर्ण समर्पण भाव से जनहित और रेल सुविधाओं के विकास के लिए कार्य करेंगे।

नारायणगढ़ क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत, तीन की दर्दनाक मौत

मन्दसौर। नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सौम्या के समीप शुक्रवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में तीन युवकों की अकाल मृत्यु हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतकों की पहचान पिपलिया रावजी निवासी पुष्कर (35), सावन निवासी हरिओम (25) एवं जितेंद्र (22) के रूप में हुई है। हादसा उस वक्त हुआ जब पुष्कर अपनी पत्नी रेखा को ससुराल से लेकर घर लौट रहे थे, वहीं दूसरी बाइक पर सवार हरिओम अपने साथी जितेंद्र के साथ अपनी 15 दिन पूर्व जन्मी नवजात बेटी व पत्नी से मिलने जा रहे थे। हादसे में पुष्कर व हरिओम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जितेंद्र ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल रेखा को मंदसौर जिला अस्पताल से उदयपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

शासकीय महाविद्यालय में विशेष नि:शुल्क कक्षाओं की शुरूआत

मंदसौर। मध्यप्रदेश शासन की विशेष पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु राजीव गांधी शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे के मार्गदर्शन में संचालित इन कक्षाओं में महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा महत्वपूर्ण विषयों की तैयारी कराई जाएगी। यह कक्षाएं प्रत्येक सप्ताह सोमवार से शुक्रवार दोपहर 2 से 2.40 बजे तक कक्ष क्र. 206 में आयोजित होंगी। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थियों के लिए गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से पंजीयन कराना अनिवार्य है, ताकि वे इस मार्गदर्शन योजना का अधिकतम लाभ उठा सकें।

सेवा सेतु अभियान के तहत रविवार को शिविरों का आयोजन

रतलाम । शासन निर्देशानुसार सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार अभियान के तहत नागरिकों को पारदर्शी, संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाऐं सीधे उनके वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा 4 अक्टूबर रविवार को झोन क्रमांक 1 अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, झोन क्रमांक 2 डा. अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलो ग्राउण्ड, झोन क्रमांक 3 अमृत सागर उद्यान, झोन क्रमांक 4 हरमाला पम्प हाउस व नगर निगम फायर स्टेशन भवन में प्रातः 11 बजे से सांय 4बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है।

पत्नी ने रंगरेलियां मनाते पति को रंगे हाथों पकड़ा

रतलाम। औद्योगिक क्षेत्र थानांतर्गत एक होटल में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ संदिग्ध अवस्था में पकड़ लिया। सामने आए वायरल वीडियो में आक्रोशित पत्नी पति को थप्पड़ मारते हुए कह रही है कि "मेरे साथ लव मैरिज की है।

निजी औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने पर मप्र सरकार उद्यमियों को 800 वर्ग फीट की दर से अनुदान देंगी : चेतन्य काश्यप

लघु उद्योग भारती के उद्यम समागम 2026 का समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



उद्यमी अपने क्षेत्रों में लघु उद्योग स्थापित करने के लिए नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की योजना बनाते हैं तो मप्र सरकार 800 रुपये प्रति वर्ग फुट की दर से अनुदान देंगी। लघु उद्योग भारती के उद्यम समापन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने कही।श्री काश्यप ने कहा कि नवीन लघु उद्योग लगाने के लिए 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी का प्रावधान है, सब्सिडी वितरण में मप्र देश का पहला राज्य है, जहाँ दो माह में सब्सिडी ऑनलाइन दी जा रहीं है। लघु उद्योग भारती के कार्यो की सराहना करते हुए श्री काश्यप ने कहा कि समागम चिंतन के लिए होते हैं, लघु उद्योगों के विस्तार के लिए जाग्रति आवश्यक है जो कि लघु उद्योग भारती पूरी शिद्दत से कर रहीं हैं।

लघु उद्योग भारतीय के राष्ट्रीय अध्यक्ष मधुसूदन दादू ने कहा कि 27 राज्यों में हमारे 70 हजार सदस्य हैं, छोटे उद्योगों की बात करने के लिए एवं उनके हित में सरकार की नीतियों को बनवाने और उनको क्रियान्वयन करवाने में लघु उद्योग भारती बहुत बड़ा योगदान है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में लघु उद्योग भारती का कार्य उल्लेखनीय है देश में 65 महिला इकाई स्वतंत्र रूप से कार्य कर रहीं है। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाशचंद्र जी ने कहा कि हमारे यहां टीम वर्क है, हम कार्यकर्ता आधारित संगठन है, देश की आर्थिक आजादी का आधार लघु उद्योग है, हजारों वर्षों की परंपराओं को विकसित करने का कार्य लघु उद्योग भारती कर रहीं।

लघु उद्योग भारती मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने कहा कि मप्र के 55 जिलों के सभी औद्योगिक क्षेत्र में हमारी इकाइयां उद्योग हित में कार्य कर रहीं हैं। कार्यक्रम का संचालन लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी ने किया अंत में आभार प्रदर्शन महिला इकाई की अध्यक्ष वर्षा जैन ने किया। लघु उद्योग भारती की उद्यम समागम स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वज्जू भाई वगासिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समीर मुंदडा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अतीत अग्रवाल, आरएसएस के मध्य क्षेत्र कार्यवाह अशोक अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रांत की अध्यक्ष सी पी दुबे, डीआरडीओ एवं डिफेंस क्षेत्र के चीफ एडवाइजर जितेंद्र सिंह सहित, लघु उद्योग भारती देश, प्रदेश और प्रांतों की समस्त जिला इकाइयों के पदाधिकारी एवं उद्यमी शामिल हुए।

रतनगढ़ में स्वच्छता अभियान, पॉलीथिन मुक्त नगर सहित नालियों की हुईं विशेष सफाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जावद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा की मंशानुसार एवं जिला कलेक्टर , नीमच के निदेर्शानुसार नगर परिषद रतनगढ़ द्वारा नगर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता को लेकर विशेष अभियान संचालित किया गया।

नालियों में जमा गंदगी एवं कचरे को हटाने के साथ ही फायर वाहन एवं पानी के टैंकर के माध्यम से नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों की विशेष धुलाई की गई, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो। स्वच्छता अभियान के साथ ही प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग को रोकने के उद्देश्य से दुकानों एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त कर दुकानदारों एवं सब्जी विक्रेताओं को इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

नगर परिषद की टीम ने व्यापारियों को समझाइश दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें, कचरा सार्वजनिक स्थानों एवं नालियों में न डालें तथा ग्राहकों को सामान देने के लिए कपड़े एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलियों का उपयोग करने की अपील की। अभियान के दौरान नायब तहसीलदार श्री रूपसिंह राजपूत के निर्देशन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री ओमप्रकाश शर्मा एवं नगर परिषद की टीम द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शिवनंदन छिपा, पार्षद श्री मनोहर सोनी, एल्डरमेन श्री आशीष छिपा एवं श्री सत्यनारायण नागदा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुगना-कचरुलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती किरण-शिवनंदन छिपा, समस्त सभापतियों एवं पार्षदगण ने नगरवासियों एवं व्यापारियों से अपील की कि वे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लें।

रणजीत सिंह का कार्यकर्ताओं ने गौसेवा कर मनाया जन्मदिन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



3 अक्टूबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पूर्व अध्यक्ष तथा ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत का जन्मदिन पर उनके आशीर्वाददाता, मित्रों और कार्यकर्ताओं ने बरखेड़ा पंथ स्थित श्री राधे कृष्ण गौशाला परिसर में गौसेवा करते हुए मनाया। इस अवसर पर उन्होंने गौमाता को गुड़ एवं हरा घास खिलाकर धर्मलाभ प्राप्त लिया। जन्मदिन के अवसर पर कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने गौशाला में पहुंचकर गौमाता की सेवा की और उन्हें अपने हाथों से गुड़ एवं हरी घास का आहार करवाया। अवसर पर उनके साथ उपस्थित साथियों,समर्थकों ने जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सभी ने उनके स्वस्थ,सुखी एवं दीघार्यु जीवन की ईश्वर से कामना की। कुंवर शक्तावत ने कहा,मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कमलनाथ जी के आशीर्वाद से क्षेत्र में गोशालाएं बनी है और उसका लाभ गोमाता के साथ ही साथ हम लोग भी धार्मिक कार्य करते हुए ले रहे हैं। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं असंगठित कामगार तथा कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैयालाल पाटीदार, सेक्टर प्रभारी सत्यनारायण धनगार,अजय नागरिया, एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश ररोतिया, अंबालालधनगार,दूलीचंद कारपेंटर, प्रीतपाल सिंह धाकड़ी, लाला परमार,मुकर्रम शेख, असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस प्रदेश सचिव विपिन तिवारी,सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष नागू सिंह जयसिंह बरखड़ा सहित सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल ने पूजन कर सहेजी सांस्कृतिक धरोहर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल मंदसौर द्वारा विलुप्त होती सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने एवं लोक जीवन की धरोहर को संजोने के उद्देश्य से एक दिवसीय सामूहिक संजा उत्सव का गरिमामय आयोजन किया गया। अध्यक्ष कुसुम सेठिया एवं सचिव निधि गुप्ता ने बताया कि भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक 16 दिनों तक मनाया जाने वाला यह पर्व मालवा की बेटियों की कलात्मकता, श्रद्धा और अटूट सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। मीडिया प्रभारी प्रिया फरक्या के अनुसार, कार्यक्रम में समाज की महिलाओं एवं बालिकाओं ने ताजे गोबर, फूल-पत्तियों तथा चमकीली पन्नियों से संजा की सुंदर आकृतियां व किला-कोट बनाकर पारंपरिक गीतों के साथ पूजन एवं आरती की। सामूहिक संजा उत्सव में मार्गदर्शक मंडल से निर्मला मांदलिया, गीता धनोतिया, संतोष फरक्या, निर्मला गुप्ता, ममता घाटिया, रेखा गुप्ता, ममता मुजावदिया, अर्चना मुजावदिया, ज्योति काला, सुशीला मोदी, कविता सेठिया, रीना धनोतिया, मोनिका धनोतिया, रेखा मांदलिया, रेखा पोरवाल, सुशीला घाटिया, सरिता सेठिया, दीपिका कामरिया, नीलू पोरवाल, प्रमिला गुप्ता, ललिता गुप्ता, रंजना घाटिया, ममता मोदी, गुणमाला धनोतिया, भावना रत्नावत, कविता गुप्ता, पल्लवी मेहता, संकेत धनोतिया, अनाया गुप्ता ने मिलकर गोबर से संजा की सभी आकृतियां व किला कोट बना कर फूल, पत्ती व चमकीली पन्नीयों से सजाया। कार्यक्रम का सफल संचालन रेखा गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन ज्योति काला द्वारा किया गया।

पांच हजार का इनामीआरोपी गिरफ्तार

रतलाम। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना माणकचौक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में लंबे समय से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी मोहम्मद आदिल पिता मोहम्मद आजाद निवासी मदीना कॉलोनी, हाट रोड रतलाम की पुलिस को लंबे समय से तलाश थी, जिस पर पांच हजार का इनाम घोषित किया गया था।

नपा व पुलिस बल अमले के साथ जीवाजी राव छात्रावास भवन जमींदोज किया



नीमच। शनिवार सुबह शहर के मध्य स्थित जीवाजी राव छात्रावास के नाम से दशकों पूर्व निर्मित भवन और बेशकीमती जमीन को लेकर नगर पालिका नीमच व कालिदास शिक्षण समिति के बीच चल रहे न्यायालय प्रकरण आदेश के चलते प्रशासन द्वारा बुलडोजर से पुराने भवन को गिरा दिया गया 3 अक्टूबर को सुबह प्रशासन ने बड़ा एक्शन शुरू किया। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर नपा, प्रशासनिक और पुलिस अमला भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सिंधी कॉलोनी-गायत्री मंदिर रोड स्थित कालिदास शिक्षा समीति के जीवाजी राव छात्रावास परिसर पहुंचा। यहां जमीन पर शासन का कब्जा बहाल कराने और परिसर को खाली कराने की कार्रवाई शुरू की गई। भवन हटाने के लिए एक-दो नहीं, बल्कि पांच बुलडोजर सहित मशीनरी को मौके पर लगाया गया। दोपहर बाद तक पूरे भवन को जमीनदोज कर दिया गया द्य इस कार्रवाई के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में छात्रावास भवन और परिसर को खाली कराया गया तथा मशीनरी के जरिए निर्माण हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई। करीब 4 लाख 32 हजार वर्गफीट, यानी लगभग 10 ऐकड क्षेत्रफल वाली इस जमीन बाजार कीमत 500 करोड़ लगभग की बताई गई है द्य वही प्रशासनिक वाहनों का बडा काफिला छात्रावास परिसर पहुंचा। कार्रवाई के दौरान एडीएम कनेश, एसडीएम नीमच पराग जैन और नगरपालिका सीएमओ दुर्गा बामनिया सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। संभावित विरोध और कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए परिसर के अंदर और आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया ।

कृति संस्था ने गांधीजी व शास्त्रीजी की जयंती पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



शहर में साहित्यिक सांस्कृतिकसामाजिक गतिविधियों को गतिमान रखने में कृति संस्था नीमच का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 2 अक्टूबर को स्थापना दिवस पर प्रात 11 बजे वयोवृद्ध एवं युवा सदस्यों, पदाधिकारी ने उपस्थित होकर स्थापना दिवस मनाया।

कार्यक्रम में संस्था की उपाध्यक्ष डॉ निर्मल उपाध्याय सचिन रघुनंदन पाराशर कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल सहित पूर्व अध्यक्ष किशोर जवेरिया, डॉ माधुरी चौरसिया, बाबूलाल गॉड, भरत जाजू, मनोहर सिंह लोढ़ा,डॉ. जीवन कौशिक, सत्येंद्र सक्सेना, प्रकाश भट्ट, अन्य पूर्व पदाधिकारी डॉ विनोद शर्मा, कमलेश जायसवाल, महेंद्र त्रिवेदी श्याम थोरेचा, श्याम टाकवाल, शरद पाटीदार, घनश्याम अम्ब आदि उत्साह के साथ उपस्थित रहे। और महात्मा गांधी के प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए का उद्धार किया व शास्त्री जी के विचार जय जवान जय किसान तथा करो या मरो, पर विचार रखे। जिसमे संस्था द्वारा विगत 34 वर्षों में किए गए कार्यों का उल्लेख भी किया गया।

संस्था के प्रारंभ कल में हुई गतिविधियों जिसमें सामाजिक बुराइयों के खिलाफ नुक्कड़ नाटक, वही प्रोढ शिक्षा के लिए अलख जगाने का काम संस्था द्वारा किए जाने पर चर्चा की गई। साथ ही संस्था के इतिहास पर भी प्रकाश डाला गया जिसमें सन 1992 में पं. शिवनारायण गौड़ की प्रेरणा से 'कृति' संस्था का विधिवत पंजीयन और गठन कृति नीमच अंचल की एकमात्र ऐसी संस्था है जो इतने दशकों से लगातार सक्रिय है। इसने उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत अकादमी (भोपाल), कालिदास अकादमी (उज्जैन) और दक्षिण मध्य सांस्कृतिक केंद्र (नागपुर) के सहयोग से अनेक राष्ट्रीय स्तर के आयोजन किए।

संस्था का वार्षिक कार्यक्रम 'कृति उत्सव' नीमच के कला और साहित्य प्रेमियों के लिए हर साल मुख्य आकर्षण रहता हैद्य कृति के मंच से नीमच की जनता को बांसुरी वादक पं. हरिप्रसाद चौरसिया, कबीर गायक प्रहलादसिंह टिपानिया, कव्वाल असलम साबरी व मुनव्वर मासूम, नृत्यांगना कल्पना द्विवेदी, वक्ता डॉ. श्रीराम परिहार और चित्रकार संदीप राशिनकर जैसी देश की प्रख्यात हस्तियों को सुनने व देखने का अवसर मिला

न्यूज कालम



इनरव्हील क्लब ने निशक्तजनों को बांटे उपकरण, जरूरतमंदों को कराया भोजन

मन्दसौर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के पावन अवसर पर इनरव्हील क्लब मंदसौर के तत्वावधान में सेवा एवं मानवता से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्लब की ओर से कौशल्या अनामिका जन कल्याण समिति में निशक्तजनों की सुविधा हेतु एलईडी बल्ब वितरित किए गए। इसके पश्चात सेवा बैंक के माध्यम से गांधी चौराहे पर निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों को आदरपूर्वक भोजन कराया गया।क्लब अध्यक्ष अंजना पटेल एवं सचिव अल्पना राठौर ने बताया कि इन सेवा प्रकल्पों का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के जीवन में प्रकाश और सहयोग लाना है। कार्यक्रम में क्लब की अनेक महिला सदस्यों ने उपस्थित रहकर अपना सराहनीय योगदान दिया।

उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 16 मेधावियों को मिली ई-स्कूटी



मंदसौर। मध्य प्रदेश शासन की प्रतिभाशाली विद्यार्थी स्कूटी वितरण योजना के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर में जिला स्तरीय ई-स्कूटी वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी पंकज जाट ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा पाटीदार एवं विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष नम्रता चावला एवं वार्ड पार्षद सुनीता भावसार भी मंचासीन रहीं। अतिथियों ने ब्लॉक स्तर के 16 मेधावी छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी की चाबियां सौंपी। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए जीवन में अनुशासन और कड़े परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री खुशबू शर्मा एवं विनोद जोशी ने किया तथा आभार प्राचार्य के. सी. सोलंकी ने माना।

स्व. बालमुकुंद जी के नेत्रदान से दो लोगों के जीवन में फैलेगा नया प्रकाश



मंदसौर। अग्रवाल समाज के वरिष्ठ बालमुकुंद अग्रवाल के देवलोकगमन होने पर परिजनों ने समाज के समक्ष एक अनुकरणीय और प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। दुख की इस घड़ी में भी परिजनों ने अनुपम सेवाभाव दिखाते हुए लायंस क्लब मंदसौर के माध्यम से उनके पुत्र गोपाल एवं किशोर अग्रवाल ने दिवंगत बालमुकुंद अग्रवाल का नेत्रदान कराया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर शर्मा ने कुशलतापूर्वक नेत्र उत्सर्जन की प्रक्रिया संपन्न की। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. के. सी. श्रीमाल, सचिव मयूर सुराना, प्रोजेक्ट चेयरमैन सी.ए. विकास भंडारी ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस पुनीत कार्य के लिए परिजनों के निर्णय की प्रशंसा करते हुए साधुवाद ज्ञापित किया। संपूर्ण नेत्रदान प्रक्रिया में समाजसेवी सुनील बंसल का विशेष सहयोग रहा।

गांधी जयंती पर माल्यार्पण एवं विशेष सफाई अभियान आयोजित किया



पिपलियामंडी। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नगर परिषद पिपलियामंडी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई मित्रों एवं नगर परिषद टीम द्वारा साफ-सफाई कर नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवड़िया जी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रवीण सेन, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, सफाई मित्र एवं नगर परिषद टीम की सहभागिता रही। इस अवसर पर नागरिकों को स्वच्छता, स्वच्छ वातावरण एवं सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया।

जीरन न. प. में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर सम्पन्न

नीमच । 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत नगर परिषद जीरन द्वारा वार्ड क्रमांक 2 स्थित चीताखेड़ा दरवाजा सामुदायिक भवन में एक विशेष शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमच जिला कलेक्टर महोदय श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा की गई, वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय माननीय विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार रहे।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण एवं जिले के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना रहा।

आज लगेगा सेवा सेतु अभियान का विशेष शिविर

तराना। शासन के निर्देशानुसार सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वारा के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन रविवार को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय नवीन हाईस्कूल, तराना में किया जाएगा। शिविर में आमजन को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। नागरिक अपनी समस्याओं एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन शिविर में प्रस्तुत कर सकेंगे।नगर परिषद तराना कार्यालय द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करें।

नवरात्रि : 17 अक्टूबर को निकलेगी चुनरी यात्रा

सुसनेर। नवरात्रि उत्सव को लेकर माता शीतला सेवा समिति की बैठक मेला ग्राउंड स्थित शीतला माता मंदिर में आयोजित हुई। बैठक में तय किया गया कि 17 अक्टूबर शनिवार को बिजली ऑफिस स्थित माता मंदिर से 51 मीटर की चुनर के साथ चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा शीतला माता मंदिर पहुंचेगी, जहां शाम 7 बजे माता की आरती होगी। वहीं 24 अक्टूबर को नगर में कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। समिति के संरक्षक पंडित जगदीशानंद जोशी ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

स्वच्छता ही सेवा अभियान



बडौद। स्वच्छ भारत दिवस 2026 के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर परिषद बडौद एवं सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,बडौद के संयुक्त तत्वावधान में नगर स्तर पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। नगर परिषद कार्यालय के समीप घाट पर सामूहिक श्रमदान करते हुए साफ-सफाई की गई तथा सभी ने स्वच्छता शपथ ली। इसके साथ ही विद्यालय स्तर पर भी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की गई।

गांधीजी ने सत्य, अहिंसा व सत्याग्रह को हथियार बनाया



मक्सी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी जी के जीवन, संघर्ष, विचारों और देश की आजादी के आंदोलन में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों पर प्रकाश डाला। कहा कि महात्मा गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह को अपना हथियार बनाकर अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध देशवासियों को एकजुट किया और स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। गांधी जी ने दुनिया को यह संदेश दिया कि सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर भी बड़े से बड़ा परिवर्तन किया जा सकता है। उनका जीवन संघर्ष, त्याग और सत्य के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर पटवारी निलंबित

ब्यावरा। राजगढ़ बिना पूर्व सूचना के लगातार कर्तव्य से अनुपस्थित रहने तथा निर्धारित समयावधि में कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर तहसील राजगढ़ के पटवारी परमानंद कुशवाह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजगढ़ द्वारा जारी आदेशानुसार श्री कुशवाह विगत 5 सप्ताह से बिना पूर्व सूचना के कर्तव्य से अनुपस्थित चल रहे थे।

महात्मा गांधी जयंती पर एचआईवी एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़नगर, शहर कॉंग्रेस द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती 2 अक्टूबर को मनाई गई। उक्त अवसर पर उपस्थित जनों द्वारा गांधीजी एवं शास्त्रीजी के सिद्धांत पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर बड़नगर ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज ,रईस कुरैशी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्रसिंह सोलंकी, अजहरुद्दीन प्रतिपक्ष नेता, प्रेमचंद द्वितीय, बद्रीलाल आचार्य,धनंजय सिंह सिसोदिया,अशोक राठौड, पंकज जोशी, युनुस पटेल, मो. शोबी, गुलजार खान, जसवंत सिंह सिसौदिया, कमलेश ठाकुर, महिपाल सिंह गोड़, चांद खां, हाजी जाकिर, ईश्वर लाल, अकरम खान, वासुदेव, अंसार अलि सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



खाचरौद

महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आईसीटीसी एवं उमंग स्वास्थ्य केंद्र, सिविल हॉस्पिटल खाचरौद के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम चिरोला छोटा में एक दिवसीय एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उमंग स्वास्थ्य केंद्र के परामर्शदाता दिनेश चंद्र परिहार ने उपस्थित लोगों को एचआईवी/एड्स के कारण, बचाव के उपाय, संभावित लक्षण तथा एचआईवी से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी के प्रति जागरूकता, सही जानकारी और समय पर जांच एवं उपचार संक्रमण की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में सीएचओ पवन धाकड़ ने उपस्थित लोगों को एचआईवी/एड्स के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने का संदेश दिया तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को समाज के अन्य लोगों तक पहुंचाने की अपील की।

पुष्पांजलि अर्पित कर दी मौन श्रद्धांजलि

जगोटी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर कांग्रेस जगोटी मंडलम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मौन श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रणछोड़ पटेल महूडी ने की। महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी सचिव रवि बोडाना ने देश की इन महान विभूतियों के जीवन व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जगदीश डाबिया, महेश प्रजापति, रामेश्वर पटेल, जीतेंद्र बरखेड़ी,ओमप्रकाश कुमावत , सुनील पंवार ने पुष्पांजलि अर्पित की। संचालन अनंत शर्मा ने व्यक्त किया।

स्वच्छता सामाजिक प्रतिबद्धता और मानवता का पर्याय- अंकित वोहरा

■ जेपीएस के शिक्षकों ने नगर में सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



वातावरण के गंदा होने से मन भी दूषित हो जाता है । साहित्य के इसी सूत्र को सामाजिक परिप्रेक्ष्य में लागू करते हुए हमने स्वच्छता को सर्वोपरि माना है । स्वच्छता के इसी महत्व को स्वीकार करते हुए शासन प्रशासन ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत की संकल्पना को एक मिशन के रूप में प्रतिपादित किया है ।

उक्त विचार जेजीआई ग्रुप बैंगलोर द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल संस्था निदेशक अंकित वोहरा ने गांधी व शास्त्री जयंती पर व्यक्त किए । कार्यक्रम के अंतर्गत जैन पब्लिक स्कूल बड़नगर के शिक्षकों और कर्मचारियों ने बड़नगर के प्रमुख स्थानों जिसमें हजारीबाग बस स्टैंड, लोहाना रोड चामला नदी व स्थानीय गांधी चौक में श्रमदान व सफाई अभियान के द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया ।इसी तारतम्य में शिक्षकों ने स्वच्छता अभियान से संबंधित प्रेरक वाक्य और स्लोगन युक्त तख्तियों द्वारा स्वच्छता के प्रति जनमानस को जागरुक करते हुए सामाजिक प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

आयोजन के अंत में स्थानीय गांधी चौक में सफाई और श्रमदान करते हुए सामूहिक रूप से राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन हुआ। इस अवसर पर नेहा शांतिलाल गोखरू, बहादुर बादशाह, राकेश भूरिया ,संस्था प्राचार्या सपना बेस्टियन ,उपप्राचार्य विशाल पाल के साथ नगर के गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

1754 वोट से जनपद पंचायत सदस्य का उपचुनाव जीते फौजी

■ यह कांग्रेस संगठन की जीत- विधायक परमार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना



जनपद पंचायत तराना के वार्ड क्रमांक 25 के जनपद सदस्य के लिए उप चुनाव के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए हैं। घोषित हुए परिणाम में राजेंद्र सिंह फौजी 754 मतों से विजय हुए विधायक महेश परमार ने कहा कि यह जीत कांग्रेस संगठन की है एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत की है परिणाम आने पर विधायक महेश परमार एवं यह प्रत्याशी का स्वागत कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया एवं विजय जुलूस निकाला गया।

यह चुनाव आधार पर हुए थे। इस दौरान जनपद अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह कड़ोदिया एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। चुनाव प्रभारी एवं तहसीलदार लखन सोनानिया ने बताया कि पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है।

जनपद पंचायत सदस्य वार्ड 25 के लिए चुनाव में दो प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह फौजी एवं शेर सिंह यादव थे। 30 सितंबर को हुए मतदान में कुल 6003 मतदाताओं में से 4352 मतदाताओं ने वोट किए गए थे। यह मतदान 12 केंद्रों पर हुए थे। शनिवार कुल 4 राउंड में वोटो की गिनती की गई थी। जिसमे राजेंद्र सिंह फौजी को कुल 2507 एवं शेर सिंह यादव को 1753 वोट मिले गए थे इस प्रकार राजेंद्र सिंह फौजी 754 वोट से विजयी घोषित किये गए।

म.प्र. शासन के राज्यमंत्री पंवार के

घर को चोरों ने बनाया निशाना, कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

राजगढ़ जिले के सुठालिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सेमलापार में मध्य प्रदेश शासन के मछुआ कल्याण एवंमत्स्य विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायणसिंह पंवार के पैतृक ग्राम सेमलापार स्थित उनके घर में अज्ञात चोर ने ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया, इस दौरान राज्यमंत्री के घर से पेटी का ताला तोड़कर अज्ञात चोर करीब 80 हजार रुपए नगद चुराकर ले गए उक्त घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी, राज्यमंत्री के घर में हुई चोरी की वारदात के बाद पुलिस की कानून व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, मंत्री के बेटे की रिपोर्ट पर सुठालिया पुलिस ने मामला दर्ज किया है सुठालिया थाना प्रभारी अनिल राहोरिया ने बताया कि सेमलापार गांव में राज्यमंत्री की धर्मपत्नी राजेश्वरी पंवार रहती है कुछ काम से गुरुवार शाम को ब्यावरा आ गई थी इसके बाद रात में मकान का ताला लगा हुआ था इसी बीच चोर ने मौका पाकर सूने मकान का ताला तोड़ दिया इसके बाद घर के अंदर रखी पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे 80 हजार रुपए चुरा लिए उक्त घटना के बाद पुलिस ने राज्यमंत्री पंवार के बेटे राजेंद्र पंवार की शिकायत पर मामला दर्ज किया है, बताया जाता है कि राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार के गांव पर मकान का कार्य निर्माणाधीन है, पुलिस ने बताया कि यहां कुछ मजदूरों के रहने की भी जानकारी मिली है जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।

जिम्मेदार का कहना

सुठालिया थाना प्रभारी का कहना है कि उक्त मामले की जानकारी लगने के साथ ही एफआईआर कर दी गई। मामले में एसडीओपी बोलने से बचते नजर आए। जनचर्चा यह है कि जब सामाजिक तत्व और चोर उचक्के मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री के घर को निशाना बना सकते हैं तो फिर आम नागरिकों की सुरक्षा के क्या हाल होंगे, इसका अंदाजा सहजता से लगाया जा सकता है।

बेफिक्री की सीख : अनुभव और संस्कारों के प्रतीक वृद्धजनों का किया सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

राज्य आनंद संस्थान मध्यप्रदेश के अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर नगर में आनंद क्लब द्वारा वृद्धजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित वृद्धजनों का सम्मान कर उनके जीवन के अनुभव, संघर्ष और समाज के प्रति योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके जीवन के अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करते हैं, वहीं उनके संस्कार परिवार और समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर



वृद्धजनों का पुष्पमाला एवं सम्मान सामग्री भेंट कर स्वागत किया गया। सम्मान पाकर वृद्धजनों के चेहरों पर खुशी नजर आई। कार्यक्रम में 90 वर्षीय रुक्मण बाई भावसार ने अपने जीवन की दिनचर्या साझा करते हुए बताया कि आज भी उनका दिन सुबह जल्दी शुरू होता है और धार्मिक एवं अन्य साहित्य के अध्ययन तथा भक्ति भाव में समय व्यतीत होता है।

वृद्धजनों का अनुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा

आयोजकों ने कहा कि वृद्धजनों का सम्मान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके प्रति हमेशा सम्मान, स्नेह और सहयोग का भाव रखना चाहिए। वृद्धजनों का जीवन अनुभव समाज की नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है।

सोयाबीन खरीदी के लिए 17 अक्टूबर तक पंजीयन कराए

सारंगपुर। सारंगपुर क्षेत्र में भावांतर योजना के तहत खरीफ सीजन 2026-27 के लिए सोयाबीन खरीदी का रजिस्ट्रेशन 3 अक्टूबर यानि 17 अक्टूबर तक चलेगा। किसान ई-उपार्जन पोर्टल के जरिए पंजीयन करा सकेंगे। इसके लिए क्षेत्र में कई रजिस्ट्रेशन केंद्र बनाए गए हैं।

ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय और सहकारी समितियों पर रजिस्ट्रेशन मुफ्त होगा। ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र और साइबर कैफे के जरिए पंजीयन कराने पर अधिकतम 50 रुपए शुल्क लिया जा सकेगा।

डेढ़ करोड़ की लागत से बने प्राथमिक उप स्वास्थ केंद्र का लोकार्पण

■ डॉ सोनकर ने कांग्रेस को लिया आड़े हाथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौंरासा



नगर में क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर द्वारा लगातार विकास के कामों में बढ़ते जा रहे हे कई करोड़ो हे विकास कार्य किए जा चुके हे उन्हीं में से डेढ़ करोड़ से अधिक लागत से बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भव्य लोकार्पण किया गया।

पिछले गत दिनों 25 सितंबर अनंत चतुर्दशी को विधायक डॉ सोनकर द्वारा नगर के भाजपा वरिष्ठजनों से पूजन कर कलश स्थापना की गई थी जिसके चलते गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप विधायक डॉ राजेश सोनकर जिला अध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, जिला महामंत्री राजेश यादव नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स एवं सैकड़ों आमजनों की उपस्थिति में फीता काटकर भव्य आतिशबाजी के साथ लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को सर्व सुविधाओं युक्त प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र समर्पित किया।

उसके पश्चात जनसभा संबोधित कार्यक्रम रखा गया जिसमें विधायक डॉ सोनकर प्रत्येक नगरवासी से मिलते हुए मंच पर पहुंचे उसके बाद वहां उपस्थितजनों समस्त नगरवासियों का पुष्प वर्षा का स्वागत किया

जिसके बाद भाजपा कार्यकताओं द्वारा जिले से पधारे जिलापाधिकार्यो का स्वागत किया गया सभी अतिथियों द्वारा अपने अपने विचार मंच से प्रकट किए ओर भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित के कामों को बताए गए। जिसके बाद जिला अध्यक्ष डॉ रायसिंह सेंधव अपने विचार उद्बोधन में बोला कि भाजपा ही जनहित पार्टी हे भाजपा के समस्त कार्यकर्ता समय समय पर आमजन से मिलते है।

रणजीत सागर बांध का स्वरूप बदला गया

रणजीत सागर बांध को लेकर पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा ने कभी भी विधानसभा में कोई मुद्दा नहीं उठाया। जब मैं सोनकच्छ आया तब मुझे बताया गया कि रणजीत सागर बांध बनने से सोनकच्छ विधानसभा के 66 गांव डूब में जा रहे ग्रामीणों के चेहरों पर हताशा और अपने बच्चे परिवार को चिंता साफ दिखाई देती थी। विधायक बनने के बाद उक्त संबंधित योजना से होने वाले 66 गांव के नुकसान के बारे में चर्चा की गई जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री ने कहा था कि राजेश ये भाजपा की सरकार है और हमारे प्रदेश की जनता के के घर उजड़ जाए ये कभी नहीं होगा।



श्राद्ध पक्ष में कुंवारी कन्याओं ने बनाई संजा गाय के गोबर से संजा बनाने की प्रथा कायम

बड़नगर। श्राद्ध पक्ष में कुंवारी कन्याओं द्वारा 16 दिनों तक गोबर से संजा बनाने की प्रथा पुराने समय से चली आ रही है। संजा पर्व मालवा की पुरानी परंपरा है। कन्याएं संज्ञा गोबर से प्रतिदिन नई-नई आकृतियों मैं बनाकर उसमें फूल, पत्तियां पन्नी ,भरकर सजाती है पश्चात कन्या है मधुर गीत जैसे संजा तू थारा घरे जा, के थारी बाई मारेगा के कुटेगा, के डेली मैं ढचकेगा, गीत गाकर प्रसादी का वितरण करती है। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि अब तो कागज से बनी हुई संजा बाजार में मिलने लगी है । गोबर की पुरानी परंपरा को कायम रखने के लिए कन्याओं को प्रोत्साहित करने की जरूरत है । श्राद्ध पक्ष की अमावस्या के बाद संजा का विसर्जन किया जाता है।

अवैध लकड़ी परिवहन करते पिकअप वाहन जब्त, वन अपराध प्रकरण दर्ज



सुसनेर। वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 अक्टूबर को मोड़ी-गणेशपुरा मार्ग से लकड़ी से भरे पिकअप वाहन को जब्त किया। वन मंडलाधिकारी शाजापुर एवं उपवन मंडलाधिकारी आगर के निर्देशन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी चंद्रसिंह पंवार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। वन विभाग की टीम ने वाहन को रोककर जांच की, जिसमें अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक अरबाज पिता मुबारिक निवासी नलखेड़ा के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक पीरूलाल खाटकी, वनरक्षक के.एल. परमार, सुरेश प्रजापति, जितेंद्र गौर, देवराज सिसोदिया, संजय गौर एवं नरेंद्र सक्सेना का विशेष योगदान रहा।

गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया

ब्यावरा-राजगढ़। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर राजगढ़ नगर में कांग्रेस परिजनों के साथ खिलचीपुर नाका स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। तत्पश्चात जिला कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को स्मरण किया। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता की राह दिखाई, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा से भारतीय राजनीति में आदर्श स्थापित किए। इस अवसर पर राजगढ़ के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने कहा कि आज आवश्यकता है हम दोनों महान विभूतियों के विचारों को आत्मसात कर लोकतंत्र, सामाजिक सद्भाव, समानता और जनसेवा के मूल्यों को और मजबूत करें।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन समारोह संपन्न



जगोटी। सेवा संकल्प अभियान के तहत जगोटी आंगनबाड़ी क्रमांक तीन मे आंगन मिलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन के तहत पोषण आहार, लाडली लक्ष्मी योजना, कुपोषण से बचाव, स्वच्छता, गोद भराई, बच्चों के अन्न प्रासन आदि विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई। उक्त जानकारी देते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता राजपूत ने बताया कि आयोजन व प्रदर्शनी का शुभारंभ सरपंच राहुल मुकाती, जनपद सदस्य जगदीश पंवार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगोटी के प्राचार्य गंगाराम बमनावत, उप स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डा अर्जुन शर्मा, नरेंद्र पोरवाल ने करते हुए पोषण आहार, स्वच्छता, शिक्षा, इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला ढुंडाले, गुंजा वाघेला, सहायिका भागवंता सोनी, आशा कार्यकर्ता सीमा बैरागी, सुनीता परमार अनिता मंडेला सहित बड़ी संख्या में बच्चे व महिलाएं मौजूद थी।


सरकार की हठधर्मिता का समय आने पर कर्मचारी देंगे करारा झटका – चतुर्वेदी

खाचरोद। मध्य प्रदेश की स्थापना के बाद यह पहला मौका है अभी तक कि प्रदेश में किसी भी दल की सरकार रही हो कर्मचारीयो शिक्षकों को माह की 1 तारीख को अनिवार्य रूप से वेतन तथा केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिए जाने का अक्षरस पालन होता था लेकिन मध्य प्रदेश के डॉक्टर मोहन सरकार ने तो कमाल ही कर दिया जनवरी 2026 का 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता व जुलाई 2026 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता कुल 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता आज तक नहीं दिया वही वेतन भी समय पर नहीं मिल पा रहा है इससे वर्तमान सरकार के खिलाफ प्रदेश के 7: 50 लाख कर्मचारी, शिक्षक व पेंशनर काफी नाराज हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर एक बार पुनः मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूपनारायण चतुर्वेदी ने स्मरण पत्र लिखकर कर्मचारी शिक्षक हित में तत्काल महंगाई भत्ता देने की मांग की है चतुर्वेदी ने पत्र में लिखा है कि 9 माह तक महंगाई भत्ता नहीं देना इसका इतिहास साक्षी रहेगा और स्वर्णिम अक्षरों से यह लिखा जाएगा चतुवेर्दी ने यह भी लिखा है कि जो सरकार का अभिन्न अंग माने जाने वाला कर्मचारी वर्ग महंगाई के युग में अपने हक और अधिकार के लिए सरकार की ओर निगाहें लगा बैठा है लेकिन प्रदेश की सरकार को जरा भी तरस नहीं आ रही है यह सरकार की हठधर्मिता वह अन्याय है।



अब जिद पे आई पार्वती.. बना रिकार्ड...

'हनुमान अंश' की सफलता जगजाहिर है। इस फिल्म को रिलीज हुए 50 दिनों से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन इसका जादू थमने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अब भी रिकॉर्डतोड़ कमाई कर रही है और इसके गाने भी धूम मचा रहे हैं। फिल्म का गाना 'पार्वती' के तो कहने ही क्या? अब यह महज लोकप्रिय भक्ति गीत नहीं, बल्कि यूट्यूब के ग्लोबल चार्ट में इसने दूसरा स्थान हासिल कर इतिहास रच दिया है। - साधु तिवारी द्वारा गाए, लिखे और कंपोज किए गए 'पार्वती' गीत को 100 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है।



'दाई दाई' नंबर 1

इंटरनेशनल पॉप सनसनी शकीरा और बर्ना ब्वॉय का गाना 'दाई दाई' ग्लोबल चार्ट में पहले स्थान पर है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के इस आधिकारिक एंथम को 1।1 बिलियन (110 करोड़) व्यू मिले हैं।

रीढ़ में फ्रैक्चर

नुसरत भरुचा को लेकर चिंताजनक खबर है। काम के साथ-साथ कुछ दिन छुट्टियां मनाने के इरादे से इंडोनेशिया के बाली पहुंचीं अभिनेत्री एक हादसे का शिकार हो गई हैं। वहां के एक अस्पताल में भर्ती नुसरत डॉक्टरों की निगरानी में हैं। नई खबर यह है कि एक्ट्रेस की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर हुआ है। उनकी टीम के मुताबिक, डॉक्टरों ने सर्जरी की जरूरत बताई है। ऐसे में बाली में ही इलाज कराने के बजाय बेहतर चिकित्सा देखभाल के लिए नुसरत को मुंबई लाने की तैयारी की जा रही है। एयर एंबुलेंस की व्यवस्था होते ही उन्हें मुंबई लाया जाएगा, जहां एक्ट्रेस की स्पाइन सर्जरी की जाएगी। टीम ने यह भी बताया कि चोट और प्रस्तावित सर्जरी के कारण अभिनेत्री को आराम और रिकवरी के लिए पर्याप्त समय की जरूरत होगी।

राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने के बाद बढ़ गई जिम्मेदारी



यामी गौतम अब हॉरर-कॉमेडी 'नई नवेली' के साथ बड़े पर्दे पर कदम रखेंगी। एक्ट्रेस ने हाल ही में 'आर्टिकल 370' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार अपने नाम किया है। यामी का कहना है कि इस पुरस्कार को जीतने के बाद उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। एक्ट्रेस ने कहा, ₹राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार बहुत बड़ा सम्मान है। यह हमारे देश में सभी भाषाओं और प्रारूपों में काम करने वाले किसी भी कलाकार के काम को मिलने वाली सच्ची पहचान है। मैं इसे पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार करती हूं। अगर मैं यह कहूं कि नहीं, कुछ भी नहीं बदला है, तो मैं शायद झूठ बोल रही होंगी। एक कलाकार और अभिनेत्री के तौर पर अब मेरी जिम्मेदारी बढ़ गई है कि मैं और अधिक विविधता वाले काम करूं, अधिक मेहनत करूं और आप सभी ने मुझ जैसी छोटे शहर से आने वाली कलाकार पर जो प्यार और सम्मान बरसाया है, उसे बनाए रखूं और अर्जित करती रहूं। मुझे अब भी लगता है कि मुझे अभी बहुत आगे जाना है। मुझे बहुत कुछ सीखना है।

परफेक्ट बहू या डायन?

'नई नवेली' का ट्रेलर रिलीज हुआ है। यामी फिल्म में मोहिनी नाम की नई-नवेली बहू का किरदार निभा रही हैं। पहली नजर में वह बिल्कुल 'परफेक्ट बहू' लगती है। उसके आते ही घर में खुशियां आती हैं। परिवार के लोग भी उसे पसंद करने लगते हैं। लेकिन परिवार के एक सदस्य को शक होने लगता है कि मोहिनी जितनी सीधी-सादी दिख रही है, असल में वैसी है नहीं। वह तो डायन है। ट्रेलर में पारिवारिक नोकझोंक और कॉमेडी के साथ एक अलौकिक दुनिया की झलक भी मिलती है।





भंसाली संग फिल्म पर अपडेट

संजय लीला भंसाली के साथ काम करना हर कलाकार का सपना होता है। करीना कपूर को अब तक यह मौका नहीं मिला है। उन्होंने भंसाली के निर्देशन में बनी किसी भी फिल्म में काम नहीं किया, लेकिन जल्द ही वह उनके प्रोडक्शन हाउस की फिल्म करने जा रही हैं। बीते कुछ दिनों से इस खबर ने फैंस के बीच उत्सुकता का माहौल बना दिया है। अब नया अपडेट इसके निर्देशक के फाइनल होने का है। ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो भंसाली प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाली करीना की फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी आतिश कपाड़िया संभालेंगे। आतिश लोकप्रिय सिटकॉम 'खिचड़ी' और हालिया रिलीज सीरीज 'चुंबक' के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं। कपाड़िया के निर्देशन और भंसाली के समर्थन से इस प्रोजेक्ट में प्रतिभाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। खबरों की मानें तो साउथ के सितारे धनुष इसमें लीड रोल निभा सकते हैं।

Sport

फाइनल में भारत ने पाकिस्तान को 19 रन से हराया, अभिषेक और तिलक की हाफ सेंचुरी

लगातार दूसरी बार जीता एशियाड क्रिकेट का गोल्ड

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान को 19 रन से हराकर लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स में मेंस क्रिकेट का गोल्ड मेडल जीत लिया है। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 211 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 192 रन ही बना सकी। पाकिस्तान के लिए हसन नवाज ने सबसे ज्यादा 96 रन बनाए। सईम अयूब ने 29 रन की पारी खेली। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और शिवम दुबे ने 2-2 विकेट लिए। भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान के खिलाफ अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। पिछला रिकॉर्ड 192/5 का था, जो भारत ने 2012 में अहमदाबाद में बनाया था। भारत की ओर से ओपनर अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद पर 7 छक्कों की मदद से 61 रन बनाए। तिलक वर्मा ने 22 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। 18वें ओवर की तीसरी बॉल पर पाकिस्तान ने छठा विकेट गंवाया। यहां पर वॉशिंगटन सुंदर ने अब्दुल समद को तिलक वर्मा के हाथों लॉन्ग-ऑन पर कैच कराया। समद ने बिना ज्यादा फुटवर्क के बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद ऊंची गई और फील्डर के हाथों में समा गई।



एशियाड- में कुराश खिलाड़ी यश कुमार का डोप टेस्ट पॉजिटिव

नागोया में चल रहे एशियन गेम्स में भारतीय कुराश खिलाड़ी यश कुमार चौहान का डोप टेस्ट पॉजिटिव आया है। 24 साल के यश के 27 सितंबर को लिए गए डोप सैंपल में तीन प्रतिबंधित पदार्थ मिले हैं। इसके बाद एशियन ओलिंपिक काउंसिल ने उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रोविजनल सस्पेंड कर दिया है। अब वे एशियन गेम्स से जुड़ी किसी भी खेल गतिविधि में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी के अनुसार, यश का डोप सैंपल 27 सितंबर को प्रतियोगिता के दौरान लिया गया था।

साउथ अफ्रीकी प्लेयर ने टी-20 में गेल का रिकॉर्ड तोड़ा

साउथ अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रिटोरियस टी-20 क्रिकेट में एक मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने ब्लोमफॉन्टेन में साउथ अफ्रीका की घरेलू टी-20 प्रतियोगिता उरअ टी-20 चैलेंज में टाइटंस की ओर से खेलते हुए नाइट्स के खिलाफ 79 गेंद में नाबाद 188 रन बनाए। प्रिटोरियस ने 13 छक्के और 15 चौके लगाए।

वहीं, टी-20 इंटरनेशनल की एक पारी में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच के नाम है। फिंच ने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ हरारे में 76 गेंद में 172 रन बनाए थे। उनकी पारी में 16 चौके और 10 छक्के शामिल थे। प्रिटोरियस की पारी की मदद से टाइटंस ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 267 रन बनाए। जवाब में नाइट्स की टीम 17.2 ओवर में 143 रन पर ऑलआउट हो गई। टाइटंस ने यह मुकाबला 124 रन से जीता।

ईरानी कप में जम्मू-कश्मीर को 41 रन की बढ़त

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर ने ईरानी कप के दूसरे दिन रेस्ट ऑफ इंडिया के खिलाफ पहली पारी में 41 रन की बढ़त हासिल कर ली। रेस्ट ऑफ इंडिया के 237 रन के जवाब में जम्मू-कश्मीर 278 रन पर ऑलआउट हुआ। शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में दिन का खेल खत्म होने तक रेस्ट ऑफ इंडिया ने दूसरी पारी में 24/1 रन बना लिए थे। दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर ने 21/2 से आगे खेलना शुरू किया। मुकेश चौधरी ने सुबह के पहले पांच ओवर में शुभम खजूरिया और कमरान इकबाल को आउट कर टीम को 37/4 कर दिया। इसके बाद डोगरा और अब्दुल समद ने पारी संभाली। दोनों ने लंच तक 97 रन की साझेदारी की और स्कोर 134/4 तक पहुंचाया। समद ने 80 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने पिछले रणजी ट्रॉफी सीजन में जम्मू-कश्मीर के लिए सबसे ज्यादा 748 रन बनाए थे। लंच के बाद रेस्ट ऑफ इंडिया ने वापसी की। समद 57 रन पर आउट हुए। इसके बाद कन्हैया वाधवान, आबिद मुश्ताक और साहिल लोटरा भी जल्दी आउट हो गए।

नबी-रसूली को बाहर किया

नई दिल्ली। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज के लिए टीमों का ऐलान किया है। ऑलराउंडर मोहम्मद नबी और मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज दारविश रसूली को टीम में जगह नहीं मिली है। अफगानिस्तान 9 अक्टूबर से बांग्लादेश के खिलाफ यूएई में एक टेस्ट खेलेगा। इसके बाद 17 से 23 अक्टूबर तक बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के साथ ट्राई-सीरीज होगी। ट्राई-सीरीज में तीन वनडे खेले जाएंगे। इसके बाद अफगानिस्तान जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन टी-20 और दो टेस्ट खेलेगा। सभी मैच यूएई में होंगे।

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

नैनो न्यूज

- **अभिषेक ने युवराज के रिकॉर्ड की बराबरी की-** एशियाई खेलों के पुरुष टी-20 फाइनल में अभिषेक शर्मा ने पाकिस्तान के खिलाफ 28 गेंदों पर 61 रन बनाए और युवराज सिंह के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी की।
- **नीरज चौहान ने तीरंदाजी में कांस्य जीता-** भारतीय तीरंदाज नीरज चौहान ने एशियाई खेलों में रिकर्व स्पर्धा का कांस्य पदक जीतकर भारत के पदक अभियान में योगदान दिया।
- **भारतीय महिला हॉकी को ऐतिहासिक सफलता-** भारतीय महिला हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता और लॉस एंजिलिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया।
- **श्रीलंका-बांग्लादेश में कांस्य की जंग-** एशियाई खेलों की पुरुष क्रिकेट स्पर्धा में श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें कांस्य पदक के मुकाबले में आमने-सामने हैं।
- **प्रिटोरियस ने टी-20 में नया इतिहास बनाया-** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रिटोरियस ने घरेलू टी-20 मैच में 79 गेंदों पर नाबाद 188 रन बनाकर क्रिस गेल का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।
- **भारत की पदक तालिका में बढ़त जारी-** एशियाई खेलों में 3 अक्टूबर को भारत के पदकों की संख्या 80 तक पहुंची। तीरंदाजी और गोल्फ में स्वर्ण पदकों ने भारत के अभियान को मजबूती दी।

एशियन गेम्स में भारत को 20वां गोल्ड जीता

रेसलर अमन सहरावत ने सोना जीता; मेंस क्रिकेट, गोल्फ और तीरंदाजी में भी गोल्ड आए

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने एशियन गेम्स में 20वां गोल्ड मेडल जीत लिया है। रेसलर अमन सेहरावत ने पुरुषों के 57 किलो ग्राम में सोना जीता। यह शनिवार को भारत का चौथा गोल्ड मेडल है।

इससे पहले टीम इंडिया ने मेंस क्रिकेट, प्रणवी उर्स ने गोल्फ और 17 साल की कुमकुम मोहोद ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीते। भारत 82 मेडल के साथ मेडल टैली के 5वें स्थान पर है। भारत के अमन सहरावत ने पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती का गोल्ड मेडल जीत लिया। उन्होंने फाइनल में नॉर्थ कोरिया के हान को हराया। अमन ने पहले पीरियड में हान के हमलों का बचाव किया और 6-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद हान ने लगातार 6 अंक लेकर 7-6 की बढ़त हासिल कर ली। अमन ने फिर 4 अंक की शानदार चाल चली और बढ़त हासिल की। कोरिया का रिव्यू खारिज होने पर अमन को एक अतिरिक्त अंक भी मिला। उन्होंने अंत तक बढ़त बनाए रखी। यह एशियन गेम्स में भारत का दूसरा रेसलिंग गोल्ड है। इससे पहले सुजीत कलकल ने गोल्ड जीता था। भारत के अमन सहरावत पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल के फाइनल में उतरेंगे। उनका मुकाबला उत्तर कोरिया के पहलवान से होगा। इस कैटेगरी में अभी ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले चल रहे हैं। दो ब्रॉन्ज बाउट के बाद अमन का फाइनल शुरू होगा। रिकर्व मेंस इंडिविजुअल में भारत के नीरज चौहान ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। दबाव में नीरज ने शानदार निशाने लगाए। अपने साथी खिलाड़ी धीरज बोम्मदेवरा को हराकर पदक अपने नाम किया। मुकाबले के बाद दोनों भारतीय तीरंदाजों ने एक-दूसरे को गले लगाया।



भारतीय हॉकी अंपायर पर यौन शोषण के आरोप

एशियन गेम्स 2026 के दौरान भारतीय हॉकी अंपायर गुरिंदर सिंह सांघा पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। मलेशिया की एक महिला हॉकी अधिकारी ने शिकायत की थी कि बातचीत के दौरान सांघा ने उन्हें कई बार गले लगाने की कोशिश की और किस भी किया। सांघा पर यह भी आरोप है कि उन्होंने होटल स्टाफ को आपत्तिजनक वीडियो दिखाए। पुलिस में शिकायत करने की धमकी भी दी। शिकायत के बाद गुरिंदर जापान से भारत वापस भेज दिया गया है। गुरिंदर को हॉकी फेडरेशन ने गेम्स के लिए अंपायर मैनेजर नियुक्त किया था।

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

भारतीय किसान यूनियन कल निकालेगी वाहन रैली

धार। जिले के राजगढ़ में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से किसानों की विभिन्न समस्याओं और सिंचाई संकट के समाधान की मांग को लेकर 5 अक्टूबर को विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली सुबह 11 बजे कृषि उपज मंडी राजगढ़ से शुरू होकर सरदारपुर एसडीएम कार्यालय पहुंचेगी। यहां एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। धार जिले में सिंचाई के पानी से जुड़ी मांगों को लेकर किसान पहले भी प्रशासन के सामने ज्ञापन दे चुके हैं।


नकली सोने का बिस्किट बेचकर 4.90 लाख हड़पे

झाबुआ। झाबुआ जिले की पिटोल चौकी पुलिस ने पुराने मकान की खुदाई में सोने के बिस्किट मिलने का झांसा देकर 4 लाख 90 हजार रुपए ठगने वाली गैंग पर कार्रवाई की है। पुलिस ने इस फर्जीवाड़े में शामिल एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 3 लाख रुपए जब्त किए है। अहमदाबाद (गुजरात) के रहने वाले जगदीश चंद्र पाठक की मुलाकात मजदूरी के दौरान मानसिंह भील नाम के व्यक्ति से हुई थी। मानसिंह ने उन्हें झूठी कहानी सुनाई कि उसकी चाची को पुराना मकान खोदते वक्त सोने के बिस्किट मिले हैं।

किसान से लूटा 7.50 लाख का ट्रैक्टर बरामद

धार। जिले के अमझेरा थाना क्षेत्र के बांदेडी गांव में खेत पर जुताई कर रहे किसान से मारपीट कर ट्रैक्टर और मोबाइल लूटने के मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, घेराबंदी के दबाव में आरोपी ट्रैक्टर को हातोद-मिंडा क्षेत्र के जंगल में छोड़कर भाग गए। पुलिस ने करीब 7.50 लाख रुपए कीमत का स्वराज 855 ट्रैक्टर और कल्टीवेटर जब्त किया है। चारों आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार 28 सितंबर की रात करीब 11 बजे बांदेडी निवासी पुष्कर पिता गेणालाल धनगाया अपने खेत पर स्वराज 855 ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे।

स्वामित्व योजना के ड्रोन सर्वे में गंभीर गड़बड़ियां



ग्रामीण लोन लेने में परेशान हो रहे, ग्राम सभा में गौशाला बनाने की भी मांग

झाबुआ। रायपुरिया में हुई विशेष ग्राम सभा में स्वामित्व योजना के तहत हुए ड्रोन सर्वे और संपत्ति रिकॉर्ड में त्रुटियों को दूर करने की मांग ग्रामीणों ने उठाई। ग्रामीणों के अनुसार, कई संपत्तियों की बाउंड्री, खाली बाड़े और आंगन की खुली जमीन रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हुई है। निर्माणाधीन भवन या भूखंड को भी खाली दिखाए जाने की बात कही गई। इससे ग्रामीणों को लोन लेने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि ड्रोन सर्वे के रिकॉर्ड में कई संपत्तियों पर गलत नाम दर्ज हैं। कुछ निर्माणाधीन भवन और भूखंड रिकॉर्ड में खाली दर्शाए गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, इससे बैंक से लोन लेने में परेशानी हो रही है। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने दोबारा ड्रोन सर्वे कराने और रिकॉर्ड की त्रुटियां दूर होने तक रजिस्ट्री पर रोक लगाने की मांग रखी। उनका कहना था कि रिकॉर्ड में सुधार होने से भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों की आशंका कम होगी। ग्राम सभा में मां भद्रकाली मंदिर के पास स्थित अशोक वाटिका में गौशाला बनाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

नैनो न्यूज

- **खुदरा बाजार में बढ़ी खरीदारी की उम्मीद-** त्योहारी सीजन को देखते हुए इंदौर के खुदरा व्यापारियों ने दुकानों में नए उत्पादों और आकर्षक पैकिंग का स्टॉक बढ़ाने की तैयारी शुरू की।
- **कपड़ा कारोबार में नई वैरायटी की मांग-** इंदौर के कपड़ा बाजार में ग्राहकों की पसंद के अनुसार प्रिंटेड सूट, कुर्ते और पारंपरिक परिधानों की नई वैरायटी पर कारोबारियों का जोर बढ़ा।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों में ऑफर की तैयारी-** त्योहारी मांग को ध्यान में रखकर इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों ने टीवी, फ्रिज और वॉशिंग मशीन की बिक्री बढ़ाने के लिए विशेष ऑफर तैयार किए।
- **ऑटोमोबाइल शोरूम में बढ़ी हलचल-** त्योहारों से पहले इंदौर के वाहन शोरूम में कार और दोपहिया मॉडल की बुकिंग बढ़ाने के लिए आकर्षक फाइनेंस योजनाओं पर जोर दिया जा रहा है।
- **सराफा बाजार में हल्के गहनों की मांग-** बदलती ग्राहक पसंद के बीच हल्के वजन के सोने के आभूषण, दैनिक उपयोग की ज्वेलरी और आधुनिक डिजाइन कारोबारियों के लिए प्रमुख बिक्री श्रेणियां बनी हुई हैं।
- **सराफा में फूड स्टॉल फिर बहाल-** इंदौर हाईकोर्ट के आदेश के बाद सराफा क्षेत्र में हटाए गए फूड स्टॉल फिर शुरू करने का रास्ता खुला, जिससे स्थानीय खाद्य कारोबारियों को राहत मिली।
- **दूध महंगा होने से बढ़ी लागत-** एक अक्टूबर से दूध के नए भाव लागू होने के बाद चाय, मिठाई और दुग्ध उत्पाद बेचने वाले कारोबारियों के सामने लागत और बिक्री मूल्य का संतुलन चुनौती बना।

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद

कांग्रेस ने उठाए सवाल, पीड़ित परिवारों से मिलकर बनाएंगे आंदोलन की रणनीति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के भागीरथपुरा दूषित पानी कांड की जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद कांग्रेस ने पीड़ित परिवारों के बीच जाने और सरकार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाने का ऐलान किया है। शुक्रवार रात इंदौर शहर कांग्रेस की बैठक के बाद शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि कांग्रेस एक-एक पीड़ित परिवार से मिलेगी। उनकी राय जानने के बाद आगे के आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।

चौकसे ने जांच रिपोर्ट को दबाव में और पक्षपातपूर्ण तरीके से तैयार की गई रिपोर्ट बताते हुए इसके निष्कर्षों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को कांग्रेस इस मामले में जिम्मेदार मानती है, उनके नाम रिपोर्ट में दोषियों के रूप में नहीं आए हैं।



मेयर, मंत्री और पार्षद की भूमिका की जांच

चौकसे ने कहा कि रिपोर्ट में नगर निगम और प्रशासन से जुड़े जिन अधिकारियों को कांग्रेस जिम्मेदार मानती है, उनके नाम भी सामने नहीं आए हैं। उन्होंने दावा किया कि इस हादसे में करीब सौ लोगों की जानें गई हैं। उन्होंने मेयर पुष्यमित्र भार्गव, क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और क्षेत्रीय पार्षद कमल वाघेला सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की।

चौकसे ने कहा कि कांग्रेस भागीरथपुरा के परिवारों के साथ खड़ी है और आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। उनका कहना था कि पार्टी पीड़ित परिवारों की आवाज शहर, प्रदेश और देश तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि रविवार को परिवारों से मुलाकात के बाद आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी।

1 करोड़ मुआवजा और नौकरी की मांग

कांग्रेस ने प्रत्येक प्रभावित परिवार को कम से कम 1 करोड़ रुपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग दोहराई है। चौकसे ने कहा कि जिन लोगों को कांग्रेस इस घटना के लिए जिम्मेदार मानती है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए।

चौकसे ने बताया कि कांग्रेस रविवार सुबह 10 बजे से भागीरथपुरा के पीड़ित परिवारों से मुलाकात शुरू करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ता परिवारों से उनकी समस्याएं, अपेक्षाएं और रिपोर्ट को लेकर राय जानेंगे। इसके आधार पर आगे चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा के लोगों को न्याय दिलाना, उन्हें आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी दिलाना कांग्रेस की प्राथमिकता है।

36 लोगों की हुई थी मौत- भागीरथपुरा में दूषित पानी की शिकायतों के बाद बड़ी संख्या में लोग बीमार हुए थे और 36 लोगों की मौत हुई थी। घटना की जांच के लिए एक सदस्यीय आयोग गठित किया गया था। आयोग की रिपोर्ट हाल ही में हाईकोर्ट के निर्देश के बाद सार्वजनिक हुई है।

रिपोर्ट को लेकर मृतकों और प्रभावित परिवारों के मामले में सरकारी आंकड़ों तथा अलग-अलग पक्षों के दावों में भी अंतर रहा है। कांग्रेस अब इसी रिपोर्ट को मुद्दा बनाकर प्रभावित परिवारों के बीच जाने और सरकार से जवाब मांगने की तैयारी में है।

निगम कर्मचारी ने जहर पीने से पहले वीडियो बनाया, एमवाय अस्पताल में भर्ती

उधारी और ब्याज को लेकर 4 लोग कर रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम में 10 साल से ड्राइवर धर्मेंद्र धारू ने शनिवार को जहर पीकर जान देने की कोशिश की है। धारू ने जहर पीने से पहले वीडियो बनाया, जिसमें उधारी और ब्याज के रुपए वापस लेने के लिए चार लोगों पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। धारू एमवाय अस्पताल में भर्ती हैं जहां उनका इलाज चल रहा है।

मैं धर्मेंद्र लाहौर हूं। मैं भंवर धावरे जी से परेशान हूं। मेरे से पैसों की मांग की जा रही है। इन लोगों से परेशान होकर मैं जहर पी रहा हूं। चार लोगों द्वारा मुझे परेशान किया जा रहा है और पैसों की डिमांड की जा रही है।



वीडियो में चार लोगों के नाम लिए

वायरल वीडियो में वह कह रहा है कि वह चार लोगों से परेशान होकर दवाई पी रहा है। उसने पैसों की मांग किए जाने की बात कही और दुर्गेश, योगेश, भंवर और बंटी के नाम लिए। वीडियो बनाने के बाद धर्मेंद्र ने जहर पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है।

मैं पिछले 10 साल से नगर निगम में नौकरी कर रहा हूं। मुझे दो दिन से गाड़ी नहीं दी जा रही है। मुझे परेशान किया जा रहा है। मेरी कोई गलती नहीं है, फिर भी बिना गलती के मुझे परेशान किया जा रहा है। मुझे गाड़ी से उतार दिया गया है।

मेरी मौत के जिम्मेदार चार लोग हैं। दुर्गेश शुक्ला, योगेश राठौर, सहायक सीएस भंवर धावरेऔर बंटी, जो साहब का ड्राइवर है।

मैं अपनी जान खुद दे रहा हूं। इन चार लोगों के कारण मेरी मौत हो रही है और मेरी मौत के जिम्मेदार ये लोग हैं।

उधारी और ब्याज का मामला- प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक मामला उधारी और ब्याज से जुड़ा बताया जा रहा है। धर्मेंद्र पर चारों लोगों की ओर से पैसों के लिए दबाव बनाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच और धर्मेंद्र के बयान के बाद ही हो सकेगी।

पुलिस कर रही वीडियो की जांच- संयोगितागंज पुलिस ने मामले को संज्ञान में लिया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक वायरल वीडियो की जांच की जा रही है। धर्मेंद्र के बयान दर्ज होने के बाद ही आत्महत्या की कोशिश के पीछे की वजह और चारों लोगों की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी।

टीही टनल में आखिरी 202 मीटर हिस्से में रेलवे ट्रैक बिछाने का काम बाकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

25 दिन में टनल सहित इलेक्ट्रिफिकेशन पूरा करने का लक्ष्य, इसी महीने सीआरएस इंस्पेक्शन की तैयारी इंदौर-दाहोद रेल लाइन प्रोजेक्ट के तहत धार तक ट्रेन चलाने की सबसे अहम कड़ी अंतिम दौर में है। जिस टीही टनल का काम कभी टनल में पानी भरने, कॉन्ट्रैक्ट शॉर्ट टर्मिनेट होने तो कभी कोरोना काल के कारण लंबा खिंच गया, अब वही टनल ट्रेन दौड़ाने की दिशा में अंतिम चरण में पहुंच गई है।

करीब 3 किमी (2957 मीटर) लंबी इस टनल में अब सिर्फ 202 मीटर हिस्से में बैलास्ट लेस ट्रैक (बीएलटी) बिछाना बाकी है। रेलवे कंस्ट्रक्शन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रोज औसत 50 मीटर ट्रैक बिछाया जा रहा है। इस गति से अगले चार दिन में यह काम पूरा होने का दावा है। रेलवे के अनुसार टनल से जुड़े बाकी सभी काम भी करीब 25 दिन में पूरे कर लिए जाएंगे। इसके बाद सबसे अहम चरण कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) का निरीक्षण होगा। रेलवे इसी महीने के अंत तक सीआरएस निरीक्षण की तैयारियां पूरी करने की दिशा में काम कर रहा है। सीआरएस से अनुमति मिलने के बाद धार तक ट्रेन संचालन शुरू करने का रास्ता साफ होगा। रेलवे पीआरओ मुकेश कुमार ने बताया टनल में दो पारियों में काम चल रहा है, जो अंतिम चरणों में है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा। रेलवे के इस प्रोजेक्ट के पूरा होने से मध्यप्रदेश और गुजरात के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा, यात्रियों को रेल सुविधा मिलेगी। टनल का निर्माण पूरा होने के बाद टीही से पीथमपुर और धार तक रेल कनेक्टिविटी का यह महत्वपूर्ण हिस्सा जुड़ जाएगा। इसके दोनों छोर को मुख्य रेल लाइन से जोड़ने का काम भी साथ-साथ चल रहा है।

फर्जी पुलिसकर्मी बनकर बुजुर्ग से सोने की अंगूठी ले उड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हीरानगर इलाके में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। पत्नी का इलाज कराने नर्मदापुरम से इंदौर आए बुजुर्ग को बाइक सवार दो बदमाशों ने बातों में उलझाया। चोरी की जांच का हवाला देकर हाथ में पहनी सोने की अंगूठी उतरवाई और उसे लेकर फरार हो गए। पुलिस को वारदात में शहर में पहले सक्रिय रही मोटू-पतलू गैंग के शामिल होने का संदेह है।

हीरानगर पुलिस ने पीड़ित रामनारायण मालवीय की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया है। रामनारायण ने पुलिस को बताया कि वे 27 सितंबर को पत्नी उर्मिला का इलाज कराने नर्मदापुरम से इंदौर आए थे। वे अपने बेटे विशाल के घर ठहरे थे। 30 सितंबर को एचडीएफसी बैंक के पास स्थित मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने रामनारायण से पूछा कि क्या वे अग्रवाल जी को जानते हैं। इसके बाद कहा कि उनके यहां चोरी हो गई है और वे जांच कर रहे हैं। बदमाशों ने बुजुर्ग को अपनी बातों में उलझा लिया। इसी दौरान एक बदमाश उनसे बातचीत करता रहा, जबकि दूसरे ने जांच का हवाला देते हुए हाथ में पहनी सोने की अंगूठी दिखाने को कहा। रामनारायण ने जैसे ही अंगूठी उतारी, दोनों बदमाश उसे झपटकर बाइक से तेजी से फरार हो गए। इसके बाद बुजुर्ग ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को आरोपियों के हुलिए और वारदात के तरीके के आधार पर मोटू-पतलू गैंग पर संदेह है। दोनों आरोपियों को आखिरी बार 2021 में हीरानगर पुलिस ने पकड़ा था।

चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों को स्कार्पियो ने मारी टक्कर

स्टॉपर तोड़ भागे 2 युवक, 3 किमी पीछा कर दबोचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

संयोगितागंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने दो पुलिसकर्मियों को टक्कर मार दी। आरोपी कार चालक स्टॉपर को टक्कर मारकर मौके से भाग निकला। इसके बाद पुलिस ने करीब 3 किलोमीटर दूर तिलक नगर इलाके में घेराबंदी कर गाड़ी समेत दो युवकों को पकड़ लिया। हादसे में घायल हेड कॉन्स्टेबल राजेश मिश्रा को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया, जबकि कॉन्स्टेबल लाल साहब का अस्पताल में इलाज जारी है।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, देर रात शहर में पुलिस चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान पीसी सेठी अस्पताल से नवलखा की तरफ आ रही काले रंग की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो को पुलिसकर्मियों ने रोकने का प्रयास किया। कार चालक ने रुकने के बजाय स्टॉपर को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक कार को तेजी से आगे ले जाने लगा। इस दौरान वहां खड़े कॉन्स्टेबल लाल साहब और हेड कॉन्स्टेबल राजेश मिश्रा गाड़ी की चपेट में आकर घायल हो गए।

दो पुलिसकर्मियों को टक्कर मारने के बाद युवक स्कॉर्पियो से तिलक नगर की ओर भागने लगे। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने सेट पर इसकी जानकारी दी और कार का पीछा शुरू किया। तिलक नगर इलाके में घेराबंदी कर पुलिस ने स्कॉर्पियो को रोककर दोनों युवकों को पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों के नाम अनुज मीणा और शिवम हैं। घटना के वक्त कार अनुज चला रहा था। दोनों का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर स्कॉर्पियो कार जब्त कर ली है। कार के आगे दादा लिखा हुआ है। आरोपियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाने और चोट पहुंचाने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मिमरोट का जोन अभियान

वार्डों की समस्याओं को लेकर अधिकारी से कर रहीं सीधी बात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के कई वार्डों में बड़ी समस्याएं हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं होती। आखिर रहवासियों को इससे निजात क्यों नहीं मिल रही? यह जानने के लिए नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने जोन अभियान शुरू किया है। जिन वार्डों में ज्यादा समस्याएं हैं, वहां वे व्यक्तिगत रूप से जाकर वार्ड अध्यक्षों और लोगों से मैदानी स्थिति जान रही हैं।

साथ ही जिम्मेदार जोनल अधिकारी से मुलाकात कर सीधी बात कर रही हैं। उनसे पूछा जा रहा है कि समस्याओं का निराकरण कब तक और कैसे होगा। अभियान के तहत वार्डों में कई तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। इसमें ड्रेनेज, पानी, बिजली सहित कई लोगों को योजनाओं का लाभ न मिलने की शिकायतें भी सामने आई हैं। इन्हें लेकर अब वे जिम्मेदारों से मिलकर सीधी बात कर रही हैं। इस अभियान की शुरूआत जोन 22 से हो चुकी है। अब यह अभियान आगे बढ़ेगा और सभी जोनों तक जाएगा। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने बताया कि वार्डों में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के लिए जोन अभियान की शुरूआत की है। वार्डों में कई जगह अनियमितताएं हैं और कई जगह सुनवाई नहीं होती है। इसलिए जोनल ऑफिसों पर जाने का अभियान शुरू किया गया है। हाल ही में जोन 22 के जोनल अधिकारी से मुलाकात की और उनसे वार्डों में व्याप्त समस्याओं को लेकर सीधी बात की।



दो वार्ड ऐसे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में जुड़े

उन्होंने कहा कि जोन में कई वार्ड आते हैं। इन वार्डों में कई समस्याएं हैं, जिनका निराकरण होना चाहिए। वार्डों में ड्रेनेज, पानी, बिजली, योजनाओं सहित अन्य समस्याएं सामने आ रही हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर जोनल अधिकारी से सीधी बात की और समस्याओं के निराकरण को लेकर जवाब मांगा। मिमरोट ने बताया कि जोन 22 में दो वार्ड ऐसे हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र में जुड़े हैं। ऐसे में इन वार्डों में कई सुविधाएं अछूती हैं और लोग कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। इन वार्डों में कई जगह ड्रेनेज लाइन, रोड आदि का काम नहीं हुआ है। इन समस्याओं पर बिंदुवार बात की और निराकरण कब तक होगा, इसका जवाब मांगा। इस अभियान से उम्मीद है कि लोगों की समस्याओं का निराकरण हो सकेगा।

अतिशीघ्र आवश्यकता है
महिला कम्प्यूटर ऑपरेटर
किराये से होम स्टे देना है
(नानाखेड़ा बस स्टैंड के पास अवंतिका होटल के सामने)
ब्रिजा कार (2022 मॉडल-45000किमी)
महाकाल इंजीनियरिंग सर्विसेस
20, सिद्धी विनायक, कॉम्प्लेक्स, शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9425091176 समय : 11:30 से 3 बजे तक

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com